16 जनवरी, 2025
माघ, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 89

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

देश को मिले तीन स्वदेशी युद्धपोत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया नये युद्धपोत को समर्पित

- कहा, नेवी के गौरवशाली इतिहास में बहुत बड़ा दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तीन वॉरशिप आइएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आइएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आइएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किये। इन तीनों अल्ट्रा-मॉडर्न वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जायेगी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था। नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ समेत नेवी के अधिकारीगण मौजूद थे। प्रधानमंत्री को नेवी की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया।

भारत मैरीटाइम पावर बन रहा है: प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत मैरीटाइम पावर बन रहा है। आज जो प्लेटफॉर्म लांच हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरि चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था। आज बाघशीर सबमरीन की भी कमीशनिंग हो रही है। कुछ साल पहले पी-75 क्लास के पहली सबमरीन की कमीशनिंग का मौका मिला था। आज इस क्लास की छठी सबमरीन समर्पित कर रहा हूं।

भारत विकासवाद की भावना से काम करता है: मोदी ने कहा कि हम पूरे विश्व को परिवार मान कर चलते हैं। भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। ओपन, सिक्योर, इन्क्लूजिव इंडो पैसेफिक रीजन का समर्थन किया है। जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आयी तो भारत ने मंत्र दिया सागर- सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन। जी-20 में कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। कोरोना के वक्त वन वर्ल्ड, वन हेल्थ कहा। हम पूरे विश्व को परिवार मान कर चलते हैं।

दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों जानें बचायीं। हजारों करोड़ रुपये के नेशनल और इंटरनेशनल कार्गो की सुरक्षा की है। दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड पर लगातार भरोसा बढ़ता जा रहा है। आसियान हो, ऑस्ट्रेलिया हो, गल्फ हो, अफ्रीका के देश हों, सबके साथ आज भारत का आर्थिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है।

मेक इन इंडिया के मंत्र से काम कर रहे

मोदी ने कहा कि कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलिकॉप्टर बनाने वाली फैक्ट्री शुरू हुई। यूपी-तमिलनाडु में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर को और गति मिलेगी। नेवी ने भी मेक इन इंडिया अभियान का विस्तार किया है। मझगांव डॉक यार्ड के आप साथियों की भूमिका है। 10 साल में नेवी में 33 शिप्स और सात सबमरीन को शामिल किया गया। इनमें से 39 भारतीय शिपयार्ड में ही बने हैं।

समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में एक और उपलब्धि: संजय सेठ

मुंबई/रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो जहाजों और एक सबमरीन को राष्ट्र को समर्पित किया। तीनों को इंडियन नेवी के मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में शामिल किया गया। भारतीय नौसेना में लड़ाकू युद्धपोतों को शामिल करना, नौसेना को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह पहली बार है, जब एक डिस्ट्रॉयर, एक ब्रिगेड और एक सबमरीन को एक साथ नौसेना में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में रक्षा क्षेत्र में भारत नित्य नया अध्याय जोड़ रहा है।

न्यूज रील्स

पीएम मोदी के 'प्रेरणा' स्कूल का उद्घाटन करेंगे अमित शाह

मेहसाणा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज यानी 16 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृहनगर वडनगर जायेंगे। वे सबसे पहले यहां बन रहे म्यूजियम के काम का जायजा लेंगे और फिर प्रेरणा स्कूल के कैंपस का उद्घाटन करेंगे। यह वही स्कूल है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1962 से 1967 तक 8वीं से 11वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। अब इसी स्कूल को प्रेरणा स्कूल के नाम से जाना जाता है। आज यह स्कूल एक हेरिटेज साइट बन गया है। वडोदरा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड ने साल 1888 में यह स्कूल बनवाया था। स्कूल का जीर्णोद्धार करके इसे संरक्षित किया गया है। नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह स्कूल चर्चा में आया था। जब वे प्रधानमंत्री बने तो गुजरात सरकार ने इसे मॉडल स्कूल के तौर पर विकसित कर इसे प्रेरणा केंद्र बनाने का फैसला किया था।

केजरीवाल पर शराब घोटाले में मनी लांड्रिंग का केस चलेगा

नयी दिल्ली। गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मनी लांड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी दे दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना भी केजरीवाल पर केस चलाने की इजाजत दे चुके हैं। इडी को यह मंजूरी ऐसे समय मिली है, जब दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं। इडी को यह मंजूरी इसलिए लेनी पड़ी, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सरकारी कर्मचारियों पर मुकदमा चलाने के लिए ऐसा करना होगा। इडी ने पिछले साल पीएमएलए कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें शराब नीति घोटाले में केजरीवाल को आरोपी बनाया था।

राज्य में चार कोल ब्लॉक शीघ्र शुरू होंगे

- मुख्य सचिव ने समस्याओं का तत्काल समाधान कर, कोल ब्लॉक को यथाशीघ्र शुरू करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सरकार द्वारा आवंटित सभी 34 कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्या के समाधान का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जितनी जल्द ये कोल ब्लॉक शुरू होंगे, उतनी ही जल्दी उस इलाके में आर्थिक गतिविधियां शुरू होंगी। इससे जहां रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे, वहीं राज्य सरकार के राजस्व में भी इजाफा होगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव बुधवार को आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में आ रही समस्या के समाधान को लेकर समीक्षा कर रही थीं।

जमीन अधिग्रहण, मुआवजा आदि की समस्या: समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिकांश आवंटित कोल ब्लॉकों को शुरू करने में जमीन अधिग्रहण, रेट की गणना, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस, भूमि हस्तांतरण, कोल ब्लॉक की जमीन से गुजरने वाले नाला, नदी और सड़क को लेकर समस्या आ रही है। कुछ जगहों पर विधि व्यवस्था की भी समस्या सामने आयी। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि इन समस्याओं का समाधान एक समय सीमा के भीतर करें।

एक सप्ताह में चालू हो जायेंगे चार कोल ब्लॉक

समीक्षा के दौरान ही 34 में से चार कोल ब्लॉक पलामू का राजहारा, लातेहार का तुबेद, हजारीबाग जिला में स्थित बदाम और मोड़आ जेएस डब्ल्यू से अविलंब खनन करने की स्थिति स्पष्ट हो गयी। ये कोयला खदान सप्ताह भर के भीतर ऑपरेशनल हो जायेंगे। वहीं अन्य नौ कोल ब्लॉकों की समस्या का भी समाधान लगभग कर लिया गया। इनका ऑपरेशन भी यथाशीघ्र होने की संभावना है। बाकी बचे अन्य कोल ब्लॉकों को लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि इनकी समस्या का भी समाधान कर जितनी जल्द हो सके उसे ऑपरेशनल करें।

प्रतिनिधियों को जरूरी कागजात उपलब्ध कराने का निर्देश

मुख्य सचिव ने आवंटित कोल ब्लॉकों के प्रतिनिधियों को भी निर्देश दिया कि वे ससमय संबंधित विभागों और जिला प्रशासन को जरूरी कागजात उपलब्ध करायें। प्रशासन के साथ समन्वय कर कोल ब्लॉकों को ऑपरेशनल करने में आ रही समस्याओं का समाधान करें। बैठक में वन एवं पर्यावरण सचिव अबू बक्कर सिद्दिकी, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, खान सचिव जितेंद्र सिंह, खान निदेशक राहुल सिन्हा एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव लोचन बख्शी समेत अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

हिलटॉप आउटसोर्सिंग हिंसक झड़प मामले में सात गिरफ्तार

- मुख्य आरोपी कारू यादव का भाई वीरेंद्र यादव गिरफ्तार
- पिस्तौल, जिंदा कारतूस और मोबाइल फोन बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद पुलिस ने 9 जनवरी को धर्माबांध ओपी और मधुबन थाना क्षेत्र स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग हिंसक झड़प की घटना में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सात और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी कारू यादव का भाई वीरेंद्र यादव उर्फ बिलू भी शामिल है। छह आरोपी बोकारो से और एक धनबाद से पकड़ा गया है। ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि आरोपियों के पास से एक देसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, एक सुतली बम और तीन मोबाइल फोन बरामद किये गये हैं। इस मामले में अब तक कुल 14 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस ने कुल नौ एफआइआर दर्ज की हैं, जिनमें 100 से अधिक नामजद आरोपी हैं।

कारू यादव का हथियार बरामद : एसपी ने बताया कि पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। कारू यादव के मार्केट से हथियार बरामद किये गये हैं। साथ ही मार्केट का मापन सीओ द्वारा किया गया है। अगर यह अवैध रूप से बनाया गया है, तो इस पर भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस अभी भी बाकी आरोपियों की तलाश में जुटी है।

कोयला कारोबारी के कार्यालय पर जीएसटी का छापा

- 100 करोड़ रुपये टैक्स चोरी का मामला उजागर

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। कोयला कारोबारी संदीप साहू के आरा सारूबेड़ा स्थित कार्यालय सह आवास में बुधवार को जीएसटी विभाग ने छापेमारी की। जमशेदपुर जीएसटी संयुक्त निदेशक सार्थक सक्सेना के नेतृत्व में सुबह 8 बजे से छापामारी शुरू हुई। अधिकारियों ने साहू के कार्यालय से महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल, लैपटॉप आदि जब्त किये। साथ ही सीसीटीवी कैमरा को भी खंगाला गया है। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य कोल ट्रांसपोर्टिंग के निदेशक संदीप साहू द्वारा करीब 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का मामला सामने आ रहा है। अभी दस्तावेजों की गहन जांच चल रही है। इसके बाद सटीक आंकड़ा प्राप्त होगा। खबर लिखे जाने तक छापामारी की कार्रवाई चल रही थी।

जीएसटी अधिकारियों ने बताया कि संदीप साहू ने परिवार के सदस्यों और कर्मचारियों के नाम से देश के विभिन्न शहरों में 25-30 फर्जी कंपनियां खोल रखी हैं, जिसके जरिये जीएसटी की चोरी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि निदेशक संदीप साहू फिलहाल फरार है, जबकि दूसरे निदेशक के रूप में उनके पिता डालेश्वर साहू से पूछताछ की जा रही है। इधर, संदीप साहू ने कुजू स्थित रेलवे साइडिंग के समीप अपना कोयला डंप यार्ड बनाया है। उसे भी फर्जी ढंग से संचालित कर रहा है। जल्द ही संदीप साहू की गिरफ्तारी की जायेगी। छापेमारी में विभाग के आरके टोप्पो, राजीव रंजन, सतीश कुमार, राजेश कुमार, बबलु सिंह, आशुतोष सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।



10 देशों के 21 अंतरराष्ट्रीय मेहमान करेंगे महाकुंभ का भ्रमण

- त्रिवेणी संगम में लगायेंगे डुबकी
- संस्कृति का महाकुंभ भी आज से हो रहा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

प्रयागराज। भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन अब पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 10 देशों का 21 सदस्यीय दल संगम में पवित्र डुबकी लगायेगा। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को पहुंच गया है। यह दल अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में रहेगा, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है।

अंतरराष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि गुरुवार को सुबह 8:00 बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगायेंगे। इसके बाद दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जायेगा। भ्रमण कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे समाप्त होगा। इसके बाद दल एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

आज से शुरू होगा संस्कृति का महाकुंभ

बता दें कि महाकुंभ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुंभ' होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। इसके अतिरिक्त यमुना पंडाल, सरस्वती पंडाल में भी 16 जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। त्रिवेणी पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक सुरों का संगम होगा। 16 जनवरी को गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगायेंगे। वहीं, यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण से ईश्वर के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगे। पहले दिन सरस्वती पंडाल पर नौटंकी विधा से भी श्रद्धालु परिचित होंगे। पद्मश्री रामदयाल शर्मा 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे।

सर्राफा

सोना (बिक्री)	73,900 रु./10 ग्राम
चांदी	95,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in

बाघमारा का नया बॉस कारू यादव, भागता फिर रहा

■ पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द बन चुका है आशाकोठी का दबंग

■ सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को चुनौती देकर बता दी अपनी ताकत

■ आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है कारू यादव को

■ घटना के दूसरे दिन किसके इंतजार में बैठा था कारू

■ लोग तो कह रहे हैं कि कारू तो मोहरा है, असली खिलाड़ी कोई और है

धनबाद का बाघमारा इलाका एक बार फिर चर्चा में है। यह चर्चा कोयले के अवैध कारोबार के क्रम में हुई वर्चस्व की लड़ाई के कारण हो रही है। इस चर्चा के केंद्र में है आशा कोठी खटाल का कारू यादव, जिसने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को ही नहीं, पूरे पुलिस प्रशासन को चुनौती देकर इलाके के नये बॉस के रूप में अपना नाम लोगों के बीच दर्ज करा लिया है। कारू यादव का नाम धर्माबांध में हुई हिंसक वारदात के बाद अचानक बड़े स्तर पर सुर्खियों में आया। वैसे कोयलांचल के लोगों के बीच में वह एक जाना पहचाना नाम है। लेकिन धर्माबांध में हुई हिंसक वारदात के बाद आज इलाके के हर व्यक्ति की जुबान पर उसका नाम बैठा हुआ है। मूल रूप से बिहार का रहनेवाला कारू यादव कोयले के अवैध कारोबार में बड़ी तेजी से आगे बढ़ा, तो आज वह इलाके में पहले से स्थापित दबंगों को चुनौती देने की स्थिति में पहुंच गया है। अकूत संपत्ति अर्जित करने के बाद अब वह राजनीति के मैदान में भी किस्मत आजमा सकता है, क्योंकि आजसू पार्टी के सांसद को खुलेआम चुनौती देना इतनी मामूली बात नहीं है। कारू यादव के रसूख और उसकी राजनीतिक पहुंच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सात प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक उसके पास नहीं पहुंच सकी है। बाघमारा इलाके में कारू यादव की दबंगई के किस्से काफी मशहूर हैं। वह दबंगई करता है, तो लोगों की खूब मदद भी करता है, जिसके कारण उसके हिमायतियों की संख्या भी कम नहीं है। कोयलांचल में पहले ही दबंगों से जूझ रहे पुलिस प्रशासन के सामने कारू यादव अब एक बड़ी चुनौती बन कर उभरा है और इस पर लगाम लगाना इतना आसान भी नहीं है। कौन है कारू यादव और कैसे उसने कोयलांचल में अपना दबदबा कायम किया है, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह, साथ में धनबाद टीम।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

इस साल 9 जनवरी से पहले बाघमारा इलाके से बाहर के लोग कारू यादव के नाम से परिचित नहीं थे, लेकिन 9 जनवरी को जब धर्माबांध इलाके में एक हिंसक झड़प हुई और बाद में पुलिस प्रशासन की कार्रवाई हुई, तब लोगों को पता चला कि वास्तव में कारू यादव इलाके का नया बॉस है। कारू यादव ने गिरिडीह के आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के कार्यालय पर हमला कर उसे जला दिया और अपनी ताकत और अपने प्रभाव का प्रदर्शन कर दिया। अब कारू यादव का नाम केवल बाघमारा इलाके में ही नहीं, पूरे झारखंड में चर्चित हो गया है। यहां तक कि पुलिस प्रशासन भी उसे पकड़ने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाये हुए है। दावा किया जा रहा है कि उसे पाताल से भी खोज कर निकाला जायेगा। उसकी तलाश में झारखंड से लेकर बिहार तक में छापामारी की जा रही है, लेकिन कारू यादव किसी के हाथ नहीं आ रहा है। जिस कारू यादव को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने दो दर्जन से अधिक टीमें गठित की हों, सारे वरीय अधिकारी सक्रिय हों, ऐसे में 9 जनवरी से आज की तारीख तक उसका गिरफ्तार नहीं होना इस बात के संकेत हैं कि उसकी पहुंच बहुत गहरी है और उसे संरक्षण देनेवाला हर तंत्र में सक्रिय है। राजनीतिक संरक्षण के साथ पुलिसिया संरक्षण के बगैर वह इतने दिनों तक पुलिस की आंखों में चकमा नहीं दे सकता। कहा ही जाता है, पुलिस अगर चाह ले, तो पाताल से सूई भी खोज निकालती है, कारू यादव तो इतना बड़ा जीता-जागता बड़ा कद काठी का दबंग इंसान है। उसके साथ उसके समर्थकों का पूरा कारवां चलता है।

पुलिस की अनदेखी से बढ़ता चला गया कारू यादव

कारू यादव ने केजीएफ फिल्म की तर्ज पर अपनी हिंसक गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत फैला रखी है। बीसीसीएल और पुलिस के कतिपय अधिकारियों के साथ मिलीभगत ने उसे हमेशा सुरक्षित रखा, लेकिन ऐसा लगता है कि इस बार वह बुरी तरह फंस गया है। मूल रूप से बिहार के नवादा इलाके का रहनेवाला कारू यादव बाघमारा इलाके के आशा कोठी में चर्चित खटाल का संचालक है। करीब तीन दशक पहले आशा कोठी आये कारू यादव शुरुआत में खलासी था। फिर निजी ड्राइवर बन गया। इसी दौरान कोयला और लोहा चोरी में अपना हाथ आजमाया और एक संगठित गिरोह बना लिया। इसके बाद उसने राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना शुरू किया, ताकि अवैध कारोबार पर पर्दा पड़ा रहे। बॉलीवुड फिल्मों के खलनायकों की तरह उसने सुनियोजित तरीके से अपना कारोबार जारी रखा। धीरे-धीरे उसने इलाके में अपना दबदबा कायम किया। फिर इस कारोबार का पक्का खिलाड़ी बन गया। कई बार उसके गुर्गों ने बम और गोलियों की तड़तड़ाहट से इलाके में अपने आतंक का परिचय देना चाहा। कारू ने बिहार से पेशेवर अपराधियों को बुलाया और आशा कोठी में उन्हें बसाया। उसने कोयले के अवैध कारोबार के लिए आउटसोर्सिंग कंपनियों पर ध्यान लगाया और बीसीसीएल के अधिकारियों की मदद से उन पर नियंत्रण करने लगा। इसके अलावा छोटे-मोटे अपराध करनेवालों को भी कारू यादव ने संरक्षण देना शुरू किया। इसका परिणाम यह हुआ कि आशा कोठी में उसके नाम की तूती बोलने लगी। कारू यादव के खिलाफ कतरास, मधुबन, बरोरा और खरखरी ओपी में दर्जनों मामले दर्ज हैं। ये मामले वर्चस्व स्थापित करने के लिए हिंसा करने से संबंधित हैं। पुलिस की अनदेखी कहें या मिलीभगत, कारू यादव का साम्राज्य धीरे-धीरे मजबूत होता चला गया।

आखिर किसका संरक्षण प्राप्त है कारू को

कारू के मन से पुलिस का खौफ खत्म होता चला गया। पुलिस प्रशासन की ओर से कभी ठोस कार्रवाई नहीं होने से उसका मनोबल लगातार बढ़ता चला गया। हाल ही में उसे गोविंदपुर एरिया-3 के बाबूडीह में प्रस्तावित हिलटॉप कंपनी की जिम्मेदारी मिली, जिसके बाद उसने खुलेआम अपनी दबंगई का प्रदर्शन करना शुरू किया। बीते 9 जनवरी को हुई हिंसक घटना में कारू के साम्राज्य का खौफनाक स्वरूप फिर से उजागर हुआ। इस घटना में कारू यादव के गुर्गों ने पुलिस प्रशासन पर जानलेवा हमला करते हुए, बाघमारा डीएसपी, पुरषोत्तम कुमार सिंह को लहूलुहान कर दिया था। उसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, और आइजी, डीआइजी समेत तमाम आलाधिकारी पुलिस बल के साथ कारू यादव के आशाकोठी स्थित आवास और नावागढ़ तालाब स्थित उसके मार्केट में छापेमारी की। कारू यादव के बुलंद हौसले का प्रमाण यहीं से मिलता है कि एक सूत्र ने बताया कि जब घटना हुई और उसके बाद पुलिस की कार्रवाई तेज हुई, तब भी कारू यादव घटना के दूसरे दिन आशाकोठी में अपने घर पर ही था। उस सूत्र का कहना है कि बाघमारा का एक दबंग व्यक्ति उस दिन उससे मिलने पहुंचने वाला था। सच कहा जाये तो कोयलांचल नगरी के दबंग बादशाह के संरक्षण के बगैर कारू यादव इतने दिनों तक पुलिस को चकमा नहीं दे सकता था। चूंकि कोयला का कारोबार ही काला है और इसमें सभी के हाथ काले हो चुके हैं, इसलिए कारू जैसे दबंगों को हर सिस्टम से सपोर्ट मिलता है यह धर्माबांध में हुई घटना में उजागर हो चुका है। इंतजार कीजिए, संरक्षण देनेवालों के चेहरों से नकाब तो एक न एक दिन उठेगा ही।

पुलिस-प्रशासन के लिए सिरदर्द बना कारू

कारू यादव की ताकत और प्रभाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसने न केवल आजसू सांसद को चुनौती दी, बल्कि पुलिस प्रशासन को भी विवश कर दिया। नौ जनवरी को उसके गुर्गों ने पुलिस दल पर जानलेवा हमला किया, जिसमें बाघमारा के डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह घायल हो गये। बताया जाता है कि इससे पहले कारू यादव के सामने इलाके का कोई पुलिस अधिकारी ऊंची आवाज में बात भी नहीं करता था। इलाके के पुलिस अधिकारियों की पोस्टिंग में उसकी पसंद-नापसंद का खास ध्यान रखा जाता था। बीसीसीएल प्रबंधन में भी कारू यादव की ऊंची पहुंच है और बाघमारा इलाके में वही अधिकारी काम कर पाता था, जिसे वह पसंद करता था। कारू यादव ने आशा कोठी में एक शानदार मार्केट कांप्लेक्स बना रखा है और वहां उसका अवैध कोयला डिपो भी है। बीसीसीएल के 60 से अधिक आवासों पर कारू यादव का कब्जा है और उसके पास सैकड़ों हाइवा, ट्रक और जेसीबी हैं। कोयले के अवैध कारोबार में लिप्त कारू यादव के साम्राज्य को तबाह करने के लिए पुलिस प्रशासन ने अब कमर कस ली है। जब अपने पे बात आयी तब पुलिस नींद से जागी। डीएसपी पर हमला और बाबूडीह में गोली-बम से दहशत फैलाने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज की। पुलिस ने आशाकोठी में छापेमारी कर सैकड़ों टन अवैध कोयला जब्त किया और साथ ही खरखरी स्थित कारू के मॉल-मार्केट में भी बड़ी छापेमारी की। पुलिस ने मॉल कंप्लेक्स के कार्यालय का ताला तोड़कर सीसीटीवी फुटेज भी जब्त कर लिया। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली है।

कई सफेदपोश भी आ सकते हैं घेरे में

नौ जनवरी की घटना और उसमें कारू यादव की संलिप्तता के बाद कतरास और बाघमारा इलाके के कई छोटे-बड़े नेता भी पुलिस के निशाने पर हैं। पुलिस ने कारू यादव के पूरे नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है। डीएसपी के घायल होने के बाद अब पुलिस प्रशासन ने कारू यादव के वर्चस्व को पहली बार चुनौती दी है। पुलिस की नजर कारू यादव की संपत्ति पर गयी है, तो लगता है कि यह मामला दूसरी एजेंसियों के हाथ में भी जा सकता है। इतना तय है कि जांच आगे बढ़ेगी, तो कई सफेदपोश भी घेरे में आ सकते हैं।

कोयले का अवैध कारोबार झारखंड की राजनीति को भरपूर मदद करता है और यही वजह है कि पूरे प्रदेश में कारू यादव जैसे कई सरगना सक्रिय हैं। धर्माबांध की घटना के बाद पुलिस इन सरगनाओं का सिर कुचलती है अथवा नहीं, यह देखने वाली बात होगी। पुलिस पर चौतरफा दबाव है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि कोयलांचल ने कोयले के अवैध कारोबार में इतिहास रच दिया है। अब इस आरोप से इलाके को मुक्त करने की जिम्मेदारी पुलिस की है।

कारू के ठिकानों पर पुलिस का छापा

मधुबन क्षेत्र में हुई हिंसक घटना के बाद जिला प्रशासन ने माफिया कारू यादव के अवैध साम्राज्य को ध्वस्त करने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। गोली-बम चलने, डीएसपी पर जानलेवा हमले और आजसू कार्यालय को जलाने के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। प्रशासन ने आशाकोठी क्षेत्र में उसके अवैध कोलडिपो से सैकड़ों टन कोयले को जब्त किया गया। उसके ठिकाने पर ताबड़तोड़ छापेमारी जारी है। इसके लिए पुलिस ने 30 टीमें बनायी हैं। पुलिसिया कार्रवाई के बाद आसाकोठी, खरखरी, बाबूडीह, और अन्य ग्रामीण इलाकों में दहशत फैल गयी है और लोग पलायन को मजबूर हैं। लगातार छापामारी करते हुए पुलिस ने महुदा के भाटडीह बस्ती, सीनिडीह, नावागढ़ बस्ती, आशाकोठी, खरखरी और ब्रह्मणडीहा से दर्जनों अभियुक्तों की धर-पकड़ की है। वहीं पुलिस ने अब तक 120 से अधिक उपद्रवियों को नामजद अभियुक्त बनाया है। छापामारी के दौरान पुलिस ने दो दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य के खिलाफ पूछताछ जारी है। घटना के पांचवें दिन सोमवार को धनबाद एसएसपी, ग्रामीण एसपी समेत भारी संख्या में पुलिस कारू के अड्डे पर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने आशाकोठी स्थित जमीन की मापी के लिए सरकारी अमीन को बुलाया है और जमीन की मापी करायी गयी थी। इस बीच, आशा कोठी में 500 टन से ज्यादा अवैध कोयला बरामद किया गया है और 60 से अधिक घरों पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई है। पुलिस ने कारू यादव और उसके करीबियों की संपत्तियों की जांच शुरू कर दी है। जांच के दौरान उसके अवैध गतिविधियों द्वारा अर्जित अकूत संपत्ति की बात सामने आ रही है। फिलहाल क्षेत्र में जोरदार चर्चा है कि धर्माबांध के हिंसक कांड के पीछे, कुछ राजनीतिक ताकतों का हाथ है, जो कारू यादव को संरक्षण दे रहे हैं। अब एक सवाल जो तेजी से उठ रहा है कि वह कौन व्यक्ति है जो पर्दे के पीछे से कारू यादव को संरक्षण दे रहा है। आखिर वह कौन व्यक्ति है, जिसने कारू का चेहरा आगे कर अपने काम को अंजाम दे रहा है। लोग तो कह रहे हैं कि कारू तो मोहरा है असली खिलाड़ी कोई और है।

हाइकोर्ट ने साहिबगंज-मनिहारी फेरी डाक पर लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने अंकुश राजहंस बनाम झारखंड सरकार (डब्ल्यूपी (सी) 4233/2024) मामले में महत्वपूर्ण फैसला देते हुए साहिबगंज से मनिहारी के बीच चलने वाली फेरी सेवा के डाक पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने पाया कि झारखंड सरकार द्वारा जारी विज्ञापन में शामिल घाट, जैसे गरम घाट और कुड़सेला, वैध नहीं हैं क्योंकि इन्हें सरकार

द्वारा नोटिफाई नहीं किया गया था। इसके अलावा, विज्ञापन में अंकित एमआरए (मालवाहक रूट अंकन) रूट भी झारखंड सरकार के नोटिफिकेशन के अनुरूप नहीं था। इस मामले में न्यायालय में लगभग एक घंटे तक गहन बहस हुई, जिसके बाद न्यायालय ने वर्तमान डाक प्रक्रिया पर स्टे आदेश जारी किया। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई की तिथि मार्च में निर्धारित की गयी है। न्यायालय ने सरकार को यह स्वतंत्रता दी है कि वह नियमानुसार नये विज्ञापन जारी करके पुनः डाक प्रक्रिया शुरू कर सकती है। यह आदेश सरकार के फेरी संचालन में पारदर्शिता और वैधता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

हाइकोर्ट ने धनबाद कोल बोर्ड सोसाइटी को भंग करने के आदेश को रद्द किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए धनबाद कोल बोर्ड सोसाइटी को भंग करने के आदेश को रद्द कर दिया है। चीफ जस्टिस एवं जस्टिस दीपक रोशन की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल वर्ष 2022 में धनबाद कोल बोर्ड कॉपरेटिव सोसाइटी को भंग कर एडमिनिस्ट्रेटर की नियुक्ति कर दी गयी थी। यह आदेश कॉपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार ने दिया था।

जिसके खिलाफ तत्कालीन सचिव अरविंद सिंह ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज ने बहस की। हाइकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि कॉपरेटिव सोसाइटी के रजिस्ट्रार किसी भी ऐसी संस्थान को भंग करने का आदेश नहीं दे सकते, जिसमें राज्य सरकार का वित्तीय सहयोग ना हो।

निगम ने राजधानी की सड़कों की मरम्मत के लिए निकाला टेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जल्द ही राजधानी में खस्ताहाल सड़कें संवरने वाली हैं। रांची नगर निगम ने शहर के विभिन्न वार्डों की खराब सड़कों व नालियों की हालत सुधारने की योजना तैयार की है। नगर निगम ने इसके लिए 4.05 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया है। इसके तहत 44 सड़कें और नालियों का निर्माण और मरम्मत के कार्य किये जायेंगे। इस टेंडर में 24 वार्डों के विभिन्न मुहल्लों की सड़कों का सुधार

किया जायेगा, जिससे शहरवासियों को जल्द ही राहत मिल सकती है। नगर निगम की अभियंता शाखा ने इस टेंडर के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर सूचना प्रकाशित की हैं। टेंडर दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 जनवरी है। 28 जनवरी को टेंडर ओपन किया जायेगा। यह पहल निगम द्वारा शहर की खराब सड़कों को ठीक करने के उद्देश्य से उठायी गयी है, जो दुर्घटनाओं का कारण बन रही थी। शहर के कई क्षेत्रों की सड़कों की स्थिति बहुत खराब है। वहां से गुजरना भी कठिन है। कई स्थानों पर सड़क के टूटे-फूटे हिस्सों से दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं नल-जल योजना के तहत खोदी गयी सड़कों की मरम्मत भी जल्द नहीं की गयी, इससे परेशानी और बढ़ गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	23.4 °C	10.4 °C
सूर्यास्त (आज)	:	17.24 बजे
सूर्योदय (कल)	:	06.32 बजे

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in

संविधान गौरव यात्रा का बाबूलाल मरांडी ने किया शुभारंभ

बाबा साहेब के प्रति पार्टी के योगदान को उजागर करना उद्देश्य : बाबूलाल

बीजेपी ने अंबेडकर के सम्मान में कांग्रेस की उपेक्षाओं को जनता को बताया

यह यात्रा 15 से 25 जनवरी तक राज्यभर में चलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुराना हाइकोर्ट स्थित डोरंडा के बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान गौरव यात्रा का शुभारंभ किया। बाबूलाल ने कहा कि बीजेपी द्वारा शुरू की गयी संविधान गौरव यात्रा का उद्देश्य बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति पार्टी के योगदान को उजागर करना है। यह यात्रा 15 से 25 जनवरी तक राज्यभर में चलने वाली है और पार्टी के नेताओं द्वारा अंबेडकर के सम्मान में किये गये कार्यों को आम जनता तक पहुंचाया जायेगा। यात्रा के दौरान पंपलेट वितरित किये जायेंगे जिसमें यह बताया जायेगा कि बीजेपी ने बाबा साहेब के लिए क्या कार्य किये और कांग्रेस ने उन्हें कैसे अपमानित किया।

यात्रा की शुरुआत बुधवार 15 जनवरी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने डोरंडा क्षेत्र के रविदास मोहल्ला में पद यात्रा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया और अनुसूचित जाति समाज के लोगों से पार्टी की विचारधारा साझा की। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर अंबेडकर के सम्मान में की गयी कथित उपेक्षाओं का आरोप भी लगाया। संविधान गौरव यात्रा के दौरान बीजेपी ने बाबा साहेब के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने की योजना बनायी है।

झारखंड में प्रदेश स्तर पर युवा महोत्सव करायेगी हेमंत सरकार : सुदिव्य सोनू

नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर लौटे प्रतिभागियों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने नयी दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर लौटे प्रतिभागियों को बुधवार को सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में भी राज्य स्तर पर युवा महोत्सव करायेगी, जहां पूरे राज्य से प्रतिभागी भाग लेंगे। युवाओं के विचार और उनकी प्रतिभा राज्य के विकास में सहायक होगी। मंत्री ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर लौटे प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आपने न केवल हमारे राज्य का नाम रोशन किया है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बने हैं। उन्होंने युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और समर्पण ने यह साबित कर दिया है कि हमारे राज्य के युवा किसी से कम नहीं हैं। साथ ही कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। वे हर क्षेत्र में परचम लहराने की क्षमता रखते हैं। बस जरूरत है उन्हें बेहतर मार्गदर्शन की। इसमें सरकार उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगी ताकि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। मंत्री ने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने का सबसे सरल तरीका किताबें हैं, उनसे चीजों को परखने की क्षमता आती है। आज की पीढ़ी बहुत तेज है। युवा तर्क करने की क्षमता को विकसित करें। सवाल पूछने की आदत को विकसित करें। युवाओं का जोश और ऊर्जा राज्य और देश के विकास की नींव है। साथ ही कहा कि शहर, गांव और राज्य मजबूत होगा तभी देश भी मजबूत होगा। बिना राज्य के विकास के हम देश के विकास की कल्पना नहीं कर सकते हैं। बता दें कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में स्वाति राज (दुमका) को भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि शुभांगी क्षितिजा सौरभ (गुमला) और ऋषित (जमशेदपुर) का चयन (विकास भी विरासत भी पीपीटी के माध्यम से) प्रधानमंत्री के समझ प्रेजेंटेशन देने के लिए हुआ था। इस अवसर पर खेलकूद व युवाकार्य निदेशालय के अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड नेहरू युवा केंद्र की डायरेक्टर ललिता कुमारी, डिप्टी नोडल पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश पांडेय और टीम लीडर पुरुषोत्तम सहित अन्य मौजूद थे।

रांची के हिंदपीढ़ी से गायब दोनों बहनें कर्नाटक से बरामद

नहीं हुआ था अपहरण, कहानी झूठ निकली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके से रहस्यमय तरीके से लापता हुई दो सगी बहनें कर्नाटक-केरल के बॉर्डर के पास से रांची पुलिस ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से बरामद कर लिया है। दोनों लड़कियां अपने प्रेमी के साथ गयी थीं। दोनों लड़कियां सुरक्षित हैं और उन्हें पुलिस की टीम रांची लेकर लौट रही है। संभवतः इस संबंध में रांची पुलिस गुरुवार को प्रेसवार्ता कर विस्तार से खुलासा कर सकती है। सूत्रों के अनुसार, दोनों बहनें पूरी प्लानिंग के साथ अपने प्रेमी के साथ रांची से भागी थीं। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा युवकों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक अपहरण की कहानी बनाने के लिए वायरल किया गया ऑडियो पूरी तरह फर्जी निकला है। दोनों लड़कियों का अपहरण नहीं किया गया था, बल्कि शादी के इरादे से दोनों बहनें अपने-अपने प्रेमी संग भाग गयी थीं। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और दोनों बहनों को सकुशल बरामद करते हुए रांची लाया जा रहा है।

बता दें हिंदपीढ़ी की रहने वाली दोनों लड़कियां 11 जनवरी की शाम से गायब थीं। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए हिंदपीढ़ी थाने में एफआइआर दर्ज करायी थी। अज्ञात ऑटो चालकों पर मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आइजी रांची ने सिटी एसपी राज कुमार मेहता के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन कर दोनों गायब लड़कियों को जल्द से जल्द ढूंढ़ लाने का टास्क दिया था।

टेक्निकल सेल की मदद से सिटी एसपी राज कुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन दिनों तक झारखंड के कई जिले सहित राज्य से बाहर भी तीन राज्यों में छापेमारी की है। उसके बाद पुलिस को यह सूचना मिली कि दोनों लड़कियां कर्नाटक में हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम ने कर्नाटक पुलिस की सहायता से दोनों को बरामद कर लिया। बता दें लड़कियों के गायब होने के मामले ने राजधानी में तूल पकड़ लिया था, जबकि पुलिस बार-बार लोगों को यह भरोसा दिला रही थी कि दोनों लड़कियों का सुराग हासिल हो चुका है जल्द ही दोनों बरामद कर ली जायेंगी। मंगलवार को राज्य सरकार के मंत्री इरफान अंसारी भी लड़कियों के परिजनों से मिलने के लिए पहुंचे थे।

डॉ गुरुचरण साहू बने रांची विवि के प्रभारी रजिस्ट्रार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने कुलाधिपति के निर्देशानुसार रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ गुरुचरण साहू को विवि का प्रभारी रजिस्ट्रार नियुक्त किया है। यह नियुक्ति एक साल या स्थायी रजिस्ट्रार की नियुक्ति होने तक (इनमें जो भी कम हो) के लिए की गयी है। इस बारे में डिप्टी रजिस्ट्रार-1 ने बुधवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

बिनोद नारायण बनाये गये नोडल ऑफिसर

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने समाजशास्त्र विभाग के सह प्राध्यापक बिनोद नारायण को वोकेशनल पाठ्यक्रमों में नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापकों और दूसरी सभी प्रकार की नियुक्तियों के लिए नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। वह विवि के समाजशास्त्र विभाग की अपनी जिम्मेदारियों के अतिरिक्त यह जिम्मेदारी निभायेंगे। इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

राज्यपाल ने राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से की बात, दी बधाई

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया

नयी दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक राष्ट्रीय युवा महोत्सव आयोजित किया गया था

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों से राजभवन में संवाद किया। उन्होंने प्रतिभागियों के उल्लेखनीय प्रदर्शन और राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर गौरव बढ़ाने के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। साथ ही प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राज्यपाल ने युवाओं की प्रतियोगिता में भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि किसी विषय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना और अन्य राज्यों की संस्कृति एवं सोच को समझना युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने कार्यों और उपलब्धियों से न केवल राज्य, बल्कि देश का नाम भी रोशन करें।

राज्यपाल से संवाद के क्रम में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किया। स्वाति राज ने कहा कि उन्होंने 'विकसित भारत 2047' पर अपने विचार रखे। तीन मिनट के संबोधन के क्रम में उन्होंने पोषण, जीरो हंगर, कानून-व्यवस्था, विरासत, युवा रोजगार और अमृतकाल जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किये। साथ ही शुभांगी राज ने कहा कि उन्होंने 'विकास भी, विरासत भी' पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ संवाद और उनके साथ भोजन को अपने जीवन का गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया।

ऋषित ने 'टेक फॉर विकसित भारत' पर अपनी प्रस्तुति दी। उन्होंने उल्लेख किया कि एक युवा के दृष्टिकोण से विकसित भारत के लिए तकनीक की भूमिका क्या हो सकती है। उन्होंने अन्य राज्यों के युवाओं की प्रस्तुतियां देखने और उनकी संस्कृति को समझने का अनुभव भी साझा किया। स्वातिका ने कहानी लेखन प्रतियोगिता में 'विकसित भारत 2047' पर अपने विचार प्रस्तुत किये और विभिन्न विषयों को रचनात्मकता के साथ समाहित किया। इस अवसर पर खेल निदेशक संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी, डॉ. ओपी पांडेय और राजेश कुमार चौधरी सहित विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 10 से 12 जनवरी तक नयी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था।

साहसी पर्वतारोही शशि शेखर ने किया कमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

- **दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ पर फहराया तिरंगा**
- **पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो के पुत्र पहले भी कई चोटी को कर चुके हैं फतह**
- **इस सफलता में रांची स्थित एडवेंचर कंपनी लंबादा एडवेंचर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी**

रांची। झारखंड के साहसी पर्वतारोही शशि शेखर ने 13 जनवरी को दोपहर 4 बजे दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट अकोंकागुआ (6,961 मीटर/22,837 फीट) पर भारत का तिरंगा फहराकर राज्य और देश का मान बढ़ाया। अर्जेंटीना में स्थित माउंट अकोंकागुआ न केवल दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी है, बल्कि यह दक्षिणी गोलार्ध व एशिया महादेश के बाहर की सबसे ऊंची चोटी भी है। इसे पर्वतारोहण की प्रतिष्ठित सात महाद्वीपों की ऊंचाई में शामिल किया जाता है। शशि शेखर ने भारी बर्फबारी, व्हाइटआउट (जहां दृश्यता शून्य हो जाती है) और बर्फीले तूफानों जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना किया। -20 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे के तापमान और तेज हवाओं ने अभियान को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना दिया। शशिशेखर ने बताया, सबसे कठिन समय तब था जब व्हाइटआउट के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। लेकिन मेरे आत्मविश्वास और माता-पिता के दिये अदम्य साहस से मैंने सभी चुनौतियों का सामना किया।

इस सफलता में रांची स्थित एडवेंचर कंपनी लंबादा एडवेंचर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी ने अभियान को प्रायोजित किया और तकनीकी सहायता प्रदान की। कठिन पर्वतारोहण अभियानों में विशेषज्ञता रखने वाली इस कंपनी ने हर चरण में शशि का मार्गदर्शन किया और उन्हें सफलता के लिए तैयार किया। माउंट अकोंकागुआ की चढ़ाई से पहले शशि शेखर ने कई कठिन और साहसिक पर्वतारोहण अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसमें यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर/18,510 फीट) का सफलतापूर्वक फतह, माउंट एवरेस्ट (8,430 मीटर/27,657 फीट) दुनिया की सबसे ऊंची चोटी के बालकनी क्षेत्र तक पहुंचने का साहसिक प्रयास, (यह क्षेत्र चोटी से मात्र 438 मीटर नीचे स्थित है।) माउंट लोबुचे इस्ट (6,119 मीटर / 20,075 फीट) नेपाल में स्थित इस शिखर को फतह करना और माउंट मणिरंग के समिट कैंप तक पहुंचना (5,500 मीटर/18,045 फीट) हिमाचल प्रदेश, भारत की इस चुनौतीपूर्ण चोटी के समिट कैंप

तक पहुंचना (जहां अत्यधिक ऊंचाई और कठिन मौसम एक बड़ी चुनौती होती है।) शामिल हैं। शशि शेखर ने अब एक नया सपना देखा है, जिसमें वह दुनिया की सबसे ऊंची चोटियों और कठिनतम पर्वतारोहण अभियानों को फतह करना चाहते हैं। सात महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर माउंट अकोंकागुआ और माउंट एल्ब्रस के बाद, अब शेष पांच महाद्वीपों की चोटियों को फतह करने की तैयारी कर रहे हैं। सभी स्वीकृत 8,000 मीटर ऊंचाई वाली चोटियों पर चढ़ाई। भारत के लिए इन कठिन चोटियों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना सपना है। शशि शेखर की इस उपलब्धि ने न केवल झारखंड बल्कि पूरे भारत को गौरवान्वित किया है। उनके साहस, मेहनत और दृढ़ निश्चय ने यह साबित कर दिया है कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

शशिशेखर ने कहा, मुझे अपने माता समाज सेविका कौशल्या देवी-पिता पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, लंबादा एडवेंचर और उन सभी लोगों का आभार करना है, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया व मुझे इस अभियान के लिए प्रोत्साहित किया। मैं अपने सपनों को पूरा करने के लिए निरंतर मेहनत कर रहा हूं। शशि शेखर का यह साहसिक अभियान झारखंड व पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणा है। उनका दृढ़ संकल्प और सफलता उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक आदर्श के रूप में स्थापित करता है।

जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा मामले में हाइकोर्ट में अगली सुनवाई 5 फरवरी को

सीबीआइ को मामले में दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकॉर्ड में लाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट में प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआइ जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। हाइकोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने सीबीआइ को मामले में दायर आरोप पत्र को कोर्ट के रिकॉर्ड में लाने का निर्देश दिया।

इससे पूर्व सीबीआइ की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में रांची की सीबीआइ की अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। इस संबंध में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए समय दिया जाये। इस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई 5 फरवरी तय की है।

पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने सीबीआइ को जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय गड़बड़ी से संबंधित केस नंबर आरसी 5/2012 और आरसी 6/2012 के अनुसंधान की स्थिति पर जवाब मांगा था। जेपीएससी प्रथम परीक्षा गड़बड़ी मामले में 4 मई को, 2024 को सीबीआइ ने केस नंबर आरसी 5/2012 में सीबीआइ की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। इसमें सीबीआइ ने जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद, वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद, सदस्य राधा गोविंद नागेश, सदस्य शांति देवी, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी सिंह समेत 37 लोगों को आरोपित बनाया था। इनके अलावा अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी सीमा सिंह, सुषमा नीलम सोरेन, कुंवर सिंह पाहन, ज्योति कुमारी झा, अलका कुमारी, मोहनलाल मरांडी, राम नारायण सिंह, सुदर्शन मुर्मू, जेम्स सुरीन, जितेंद्र मुंडा, पूनम कच्छप, राजीव कुमार, संजीव कुमार, अनंत कुमार, परमेश्वर मुंडा, संतोष कुमार गर्ग, कमलेश्वर नारायण एवं विजय वर्मा को आरोपित बनाया है।

वहीं, सीबीआइ ने जेपीएससी द्वितीय परीक्षा गड़बड़ी मामले में केस नंबर आरसी 6/2012 में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ दिलीप प्रसाद समेत 70 आरोपितों के खिलाफ सीबीआइ की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है।

झारखंड में प्रथम और द्वितीय जेपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी की जांच का आदेश झारखंड हाइकोर्ट ने साल 2012 में सीबीआइ को दिया था। 12 साल से अधिक समय तक सीबीआइ ने मामले का अनुसंधान पूरा कर दोनों मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया है।

दरअसल, बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंकों की हेराफेरी और रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआइ से कराने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि पहले राज्य सरकार के जरिये ली गयी प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच निगरानी ब्यूरो कर रही थी। बाद में हाइकोर्ट के आदेश पर इसकी जांच सीबीआइ को दे दिया गया था।

राज इंटरनेशनल स्कूल में सेना दिवस मना

कोडरमा (आजाद सिपाही)। राज इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कदम-कदम बढ़ाये जा गीत से की गयी। जिसमें विद्यालय प्रांगण उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने एक सुर में गीत गया और इंडियन आर्मी को सलामी दी। असेंबली में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्कूल प्रिंसिपल राहुल घोष ने कहा कि राष्ट्रीय भारतीय सेना दिवस हर वर्ष 15 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में पहला सेना दिवस 15 जनवरी 1949 को मनाया गया था। भारतीय सेना दिवस पर उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और राष्ट्र की अखंडता को बनाये रखने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया है। इसके बाद कक्षा सात के विद्यार्थियों ने सेना दिवस के अवसर पर विशेष सभा अयोजित की जिसमें आस्था कुमारी ने सेना के विचार, ईशु ने भाषण, लक्ष्मी ने कविता, सुमैया ने सेना पर अद्भुत तथ्य और प्रियांशु ने प्रतिज्ञा कार्रवाई। स्कूल के चेयरमैन रामलखन सिंह और डायरेक्टर सम्पा सिंह ने अपने संदेश में सभी स्टाफ और बच्चों को राष्ट्रीय भारतीय सेना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहीद हुए जवानों के पदचिन्हों पर चलने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल की ओर से इस प्रकार के दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों को जानकारी देकर उसकी महत्ता से जागरूक करवाना है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे।

कोडरमा में कंबल का वितरण

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बुधवार को कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शंभू प्रसाद कुशवाहा के निर्देशानुसार नगर पंचायत कोडरमा के देवी मंडप के समीप वार्ड नंबर 4 और 7 के निर्धन, दिव्यांग, वृद्ध, विधवा, निःसहाय, मजदूर महिलाएं और पुरुषों को कंबल का वितरण नगर प्रबंधक राजेश कुमार और झारखंड आंदोलनकारी उमेश राम के द्वारा सयुंक्त रूप से की गयी। मौके पर सुपरवाइजर सुरेश राम, पवन कुमार, सीताराम भगत और सभी लाभुक उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्र का सुंदरीकरण

केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल परियोजना द्वारा बुधवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आंगनवाड़ी विद्यालय का पेंटिंग और नवीनीकरण कार्य पूरा कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सनी राज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्य को कंपनी के सामाजिक जिम्मेदारी सीएसारबपहल के तहत किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में नवीन गुप्ता, परियोजना प्रमुख, चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना भी उपस्थित रहे, साथ ही अन्य विभाग प्रमुखों ने भी भाग लिया। नवीनीकरण कार्य के बाद, विद्यालय भवन अब बच्चों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ और आकर्षक वातावरण प्रदान करेगा। बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से इस पहल से उनके मानसिक और शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। नये और रंगीन कक्षों से बच्चों में अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी साथ ही विद्यालय की स्वच्छता और सुरक्षा में भी सुधार होगा जो बच्चों के स्वास्थ्य को लाभकारी साबित होगा। जीएम नवीन गुप्ता ने कहा कि चट्टी बरियातू कोल परियोजना हमेशा से अपने सीएसआर प्रयासों के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य और सामुदायिक कल्याण के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। हम विश्वास करते हैं कि इस पहल से बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है।

लेफ्टिनेंट डॉक्टर जैन एलिस मिंज का जेजे कॉलेज में हुआ स्वागत

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। लेफ्टिनेंट डॉक्टर्स ने इस मिंज को बीएड संभाग जेजे कॉलेज झुमरीतिलैया में सम्मानित हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर संजय कुमार विभाग अध्यक्ष ने किया। लेफ्टिनेंट डॉक्टर्स जेन एलिस मिंज एनसीसी एएनओ की कठिन प्रशिक्षण 3 माह का ऑफिसर ट्रेनिंग ग्वालियर से पूरा कर महाविद्यालय लौटी है। उक्त कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट मिंज ने बीएड प्रशिक्षु के बीच एनसीसी का महत्व, भविष्य एवं अपने ट्रेनिंग का अनुभव साझा किया। प्राचार्य डॉक्टर मिथिलेश उपाध्याय ने लेफ्टिनेंट डॉक्टर जैन एलिस मिंज को लेफ्टिनेंट उपाधि प्राप्त करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही उनकी ट्रेनिंग का लाभ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिलेगी इसका भी उन्होंने उल्लेख किया। लेफ्टिनेंट डॉक्टर्स जेन एलिस मिंज लेफ्टिनेंट उपाधि पाने वाली पूरे विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग का एकमात्र पहली महिला एनसीसी अधिकारी बन गई है। उक्त कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट डॉक्टर विजेंद्र कुशवाहा, डॉक्टर अभय दास, डॉक्टर विकी पासवान, डॉक्टर गणेश कुमार, कार्यालय कर्मी वीरेंद्र कुमार, आनंद, आनंद राज, रवि उपस्थित रहे।

कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं के साथ अंचलाधिकारी ने की परीक्षा पर चर्चा

केरेडारी (आजाद सिपाही)। आगामी माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के मद्देनजर अंचलाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने केरेडारी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण कर 10वीं और 12 वीं की छात्राओं से रूबरू हुए और परीक्षा की तैयारी की जानकारी लिया और चर्चा किया। छात्राओं की परीक्षा की तैयारी की जानकारी के साथ अंचलाधिकारी ने परीक्षा में सफल होने के टिप्स भी दिये। इस दौरान उन्होंने विधालय की अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डेन सुदीपा कुमारी सहित विद्यालय की अन्य शिक्षिकाएं उपस्थिति थीं।

जिला परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा माह को लेकर हुई प्रेस वार्ता

हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगायें : बैजनाथ कामती

अधिकाधिक संख्या में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना हमारा लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। परिवहन विभाग 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मना रही है। इसी क्रम में हजारीबाग जिला परिवहन कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने सड़क सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चाएं की और सभी लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने की भी बात कही। सड़क सुरक्षा के कई सारे नियमों को भी साझा किया। वहीं उन्होंने सड़क सुरक्षा माह को लेकर बताया कि सरकार द्वारा जारी पत्र में उल्लेखित सभी कार्यक्रमों को हजारीबाग जिले में भी करवाया जा रहा है, जिसमें जागरूकता रथ को रवाना कर के लोगों को जागरूक किया जा रहा है और विभिन्न जगहों में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिला परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में कई कार्यक्रमों को कराया जा रहा है। अलग-अलग तिथियों में क्रमवार कार्यक्रम करायें जा रहे हैं। इसी के तहत पतंग महोत्सव का भी कार्यक्रम मटवारी के गांधी मैदान में कराया गया। वहीं प्रतिभागी बच्चों के बीच पतंग, धागा और टॉफी का भी वितरण किया गया। विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी बैद्यनाथ कामती ने कहा कि कार्यक्रम करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है, ताकि सड़क सुरक्षा माह सार्थक हो सके और इससे हजारीबाग के लोग अधिक से अधिक लाभान्वित और जागरूक हो पाये। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट जरूर लगायें। मोटरयान निरीक्षक विजय गौतम ने भी यातायात नियमों के उल्लंघन पर विभिन्न प्रकार के फाइन को भी बतलाया और कहा कि जिला परिवहन कार्यालय सड़क सुरक्षा कोषांग के अंतर्गत विभिन्न जगहों पर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए करवाये जाने वाले नुक्कड़ नाटक से काफी लोग जागरूक हो रहे हैं। मौके पर सड़क सुरक्षा पदाधिकारी के साथ जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति यातायात नियमों के पालन के लिए शपथ भी दिलायी गयी।

सीओ और बालू माफियाओं की झड़प को लेकर मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन

आवेदन के जरिये पांच नामजद और अज्ञात अवैध बालू धंधेबाजों को आरोपित बनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

सतगावां। थाना क्षेत्र के बाली महादेव के समीप दो दिन पहले सीओ और बालू माफियाओं के बीच समलडीह बालू घाट के समीप हुए झड़प मामले में जिला खनन पदाधिकारी को सीओ केशव प्रसाद चौधरी ने आवेदन देकर एफआइआर दर्ज करने का आग्रह किया है। आवेदन के जरिये पांच नामजद और अज्ञात अवैध बालू धंधेबाजों को आरोपित बनाया गया है। आरोपितों पर बालू का ट्रैक्टर छुड़ाकर ले भागने, सरकारी कार्य में बाधा और सीओ और उनके चालक पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। सीओ केशव प्रसाद चौधरी ने आवेदन के जरिये बताया कि रविवार को सूचना मिली थी कि समलडीह बालू घाट से अवैध बालू की निकासी की जा रही है। सूचना के तुरंत बाद सीओ केशव प्रसाद चौधरी अपने चौकीदार और गृह रक्षक के साथ समलडीह बालू घाट के पास पहुंचे और छापेमारी करते हुए 2 ट्रैक्टर को पकड़ भी लिया लेकिन अवैध बालू धंधबाजों ने मेरे ऊपर और मेरे वाहन चालक पर हमला कर ट्रैक्टर को छुड़ा लिया। इसकी सूचना पाकर स्थानीय थाना से पुलिस अवर निरीक्षक बृजनंदन प्रसाद अपने दलबल के साथ वहां पर पहुंच गये और थाना से अतिरिक्त पुलिस बल भी मंगवा लिया गया। सीओ, चालक और बालू धंधेबाजों के बीच जमकर झड़प हुई और पुलिस को देखते ही अवैध बालू धंधेबाजों ने एक ट्रैक्टर को भी छुड़ा लिया और सीओ वाहन चालक के साथ मारपीट की गयी। वहीं दूसरी ओर समलडीह निवासी रीना देवी की ओर से भी थाना में सीओ, उनके चालक और अन्य कर्मियों के विरुद्ध आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मेरे पति शंकर यादव के साथ सीओ, वाहन चालक और अन्य कर्मी गले में गमछा लगाकर मारपीट कर रहे थे। बीच बचाव के दौरान उसे और पुत्र के साथ मारपीट करने और जान मारने की धमकी देने को लेकर मामला दर्ज करने का आग्रह किया गया है।

पुलिस ने फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

कोडरमा (आजाद सिपाही)। एसपी अनुदीप सिंह को मिली सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा फरार चल रहे अभियुक्त अनीश कुमार उर्फ सुखदेव कुमार पिता तीर्थ दांगी को चतरा से गिरफ्तार किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया की झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कोडरमा थाना क्षेत्र के लरियाडीह पंचायत के वृंदा गांव निवासी सुखदेव रजक के घर से छापेमारी कर एक करोड़ सात लाख दस हजार तीन सौ बीस रुपये नगद और 58 ग्राम अफीम बरामद किया गया था, और कोडरमा थाना ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही थी। फरार अभियुक्त को चतरा जिला के गिद्धौर थाना से गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान एसआई बमबम कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वहीं मुख्य अभियुक्त सुखदेव रजक कोडरमा पुलिस के गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना में चार घायल

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। हजारीबाग रोड स्थित टोडरण मोड़ के पास पिकअप वैन ने बोलेरो को जोरदार टक्कर मार देने के कारण सड़क दुर्घटना में बड़कागांव बिजली विभाग के कनीय अभियंता बोलेरो में सवार प्रभास कुमार समेत तीन लोग घायल हो गये। वहीं बोलेरो के ड्राइवर को गंभीर चोट आयी है। प्रभास कुमार को हजारीबाग के आरोग्यं हॉस्पिटल में इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना के बाद पिकअप वैन के ड्राइवर घटना के बाद फरार हो गया। प्रभास कुमार को कंधा और पर में गंभीर चोट लगी है, वही बोलेरो के ड्राइवर का एक हाथ टूट गया है व एक अन्य घायल हो गया है। कनीय अभियंता प्रभास कुमार ने बताया कि हम लोग अपनी सही दिशा में जा रहे थे। परंतु विपरीत दिशा से आकर पिकअप वेन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बोलेरो में बैठे हम तीन लोग घायल हो गये। टक्कर इतनी जोरदार थी की बोलेरो 30- 40 फीट पीछे घसक गया। दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

हजारीबाग सदर विधायक ने शिव मंदिर भूमि पूजन कार्यक्रम में की शिरकत

मंदिर आस्था और समाज को एकजुट करने का केंद्र है, आने वाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणा का स्रोत बनेगा : प्रदीप प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के पंचशील कॉलोनी में शिव मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हिस्सा लिया। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई, जिसमें पुजारियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की। भूमि पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने शिव की महिमा का गुणगान किया और मंदिर निर्माण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मंदिर केवल आस्था का स्थान नहीं है, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है। यह स्थल आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र बनेगा। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और शिव मंदिर के निर्माण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सदस्य और क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग और उत्साह के कारण संभव हो पाया। विधायक ने आयोजन समिति को बधाई दी और इस पवित्र कार्य में सभी के योगदान की सराहना की।

विधायक ने सोनपुरा मेला में जागरण का किया उद्घाटन

भगवान का जाप करने से सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है : रोशन लाल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम सोनपुरा पांच बहनी मंदिर प्रांगण में मकर संक्रांति को लेकर में तीन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें दूसरे दिन जागरण का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने श्रद्धालुओं और दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के मेले का आयोजन होते रहना चाहिए मेले से आपसी संबंध मजबूत होते है। भक्ति गीतों को सुनने और भगवान की जाप से सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि मेला और धार्मिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए। इससे लोगों को सद्बुद्धि मिलती है, और लोंगो को कई प्रकार की बुराइयों से छुटकारा मिलता है। लोग धर्म के रास्ते पर चलते हैं इससे कामयाबी मिलती है। एभीएम जागरण ग्रुप के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों और झांकी की प्रस्तुति की गयी। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर महतो, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पूर्व मुखिया भीखन महतो, कुशवाहा समाज अध्यक्ष सोहनलाल मेहता, मेला संरक्षक सह पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, समाजसेवी भवानी प्रसाद, मुरली कुमार, मोहित कुमार, प्रकाश कुमार महतो, भोला प्रसाद दांगी, प्रो लालदेव महतो, प्रकाश ठाकुर, राजू कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु और ग्रामीण उपस्थित थे।

थल सेना दिवस पर कारगिल शहीद की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

इचाक (आजाद सिपाही)। थल सेना दिवस के अवसर पर नेशनल पार्क लोटवा स्थित वीर सपूत कारगिल शहीद राजेश मिंज के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। माल्यार्पण करने वालों में उप प्रमुख सह झामुमो नेता सत्येंद्र कुमार, झामुमो प्रखंड सचिव सह पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार धवन, राजेन्द्र मेहता, मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पांडे, कन्हैया कुमार सोनी, अनुज कुमार, भोला पांडेय, बिनोद कश्यप, रतन उरांव समेत कई शामिल थे।

समाजसेवी ओमप्रकाश प्रसाद की मनी पुण्यतिथि

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम सलैया में समाजसेवी ओम प्रकाश प्रसाद की 15वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि में मुख्य रूप से विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी शामिल हुए। अतिथियों ने ओम प्रकाश प्रसाद के चित्र पर ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उनके पुत्र भाजपा युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सूर्यदेव मंडल उर्फ टिंकू ने अतिथियों के हाथों 100 वृद्ध और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कराया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद मुखिया सुमन प्रसाद, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भीमप्रसाद, टुकलाल नायक, परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, अनिल आजाद, सुरेंद्र साव, इंद्रदेव यादव, राजकुमार यादव, उमेश यादव, महेश प्रसाद, रामचंद्र राम, रिंकी कुमारी, शशि भूषण प्रसाद, जमुना प्रसाद, सुनील चौधरी, सुजीत कुमार, मनोज कुमार, विकास कुमार, चंद्रदेव मंडल, राजदेव प्रसाद, बबलू कुमार, अरुण कुमार मंडल, हीरालाल प्रसाद, बुलाकी प्रसाद, सौरव कुमार, रमन प्रसाद, पोखी प्रसाद समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

बाबा श्री श्याम सेवा मंडल का हुआ गठन

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। बाबा श्याम के प्रचार-प्रसार और भक्ति भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से झुमरी तिलैया में श्री श्याम सेवा मंडल का गठन किया गया। मंडल का औपचारिक गठन एक विशेष बैठक में किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ भक्त और कार्यकारिणी सदस्य अविनाश कुमार कप्सिमे ने की। सर्वसम्मति से अध्यक्ष का चयन किया गया और घर-घर कीर्तन के माध्यम से बाबा श्याम का संदेश फैलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्याम भक्ति को बाल गोपालों तक पहुंचाने के लिए एक बाल गोपाल समिति का गठन भी किया जायेगा। इस समिति का उद्देश्य बच्चों को भक्ति से जोड़कर उनकी आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना होगा। गठित की गयी मंडली और समिति के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की गयी जिसमें जोशी कुमार को अध्यक्ष, विकाश अठघरा को उपाध्यक्ष, बब्लू पहाड़ी को सचिव, रणधीर कप्सिमे को उपसचिव, पप्पू भगत को कोषाध्यक्ष, विकाश वैश्यकियार को उप कोषाध्यक्ष, गिरधारी सोमानी को कीर्तन संचालक और बब्लू सिंह को उप कीर्तन संचालक के दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी सदस्य मे विवेक सहल, दीपेश जेठवा, चंद्रशेखर सोनकर, पीर कुमार गुप्ता, पंकज तरवे, विशाल कप्सिमे, सत्यम कुमार, गौरी भगत, दीपक कुमार पटेल, शिव शंकर प्रसाद, आशीष वर्मा, रितेश सिन्हा, बबलू सिंह, सुरेश केसरी, अभिषेक वर्णवाल, सीताराम केशरी, आशीष वर्णवाल, मनीष सेठ, हिमांशु आर्या, शुभराज पहाड़ी, मनीष पहाड़ी, संजय सूद, राजू केशरी, मनीष यादव, अभिषेक वर्णवाल, सुरेश केशरी और अन्य शामिल हैं।

सीटू ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने संबंधी बयान की निंदा की

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) ने लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एस एन सुब्रह्माण्यम के उस बयान की कड़ी निंदा की है जिसमें उन्होंने सप्ताह में काम के घंटे बढ़ाकर 90 घंटे करने की बात की है। इससे पहले इंफोसिस के प्रमुख एनआर नारायण मूर्ति ने सप्ताह में 70 घंटे काम करने की बात की थी। सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक नापाक गठजोड़ में श्रमिकों के खून-पसीने की लूट की होड़ मची हुई है। मोदी सरकार के नये लेबर कोड में काम के घंटे को 12 घंटे का प्रावधान है। इसके लिए कॉरपोरट के माध्यम से देश में माहौल बनाया जा रहा है। सीटू नेता ने कहा कि कैसी विडम्बना है कि कार्यावधि बढ़ाने के लिए चर्चा तो कर रहे हैं, लेकिन मजदूरों को न्यूनतम वेतन भुगतान के लिए कोई चर्चा नहीं है। सीटू मजदूर वर्ग से आह्वान करता है कि वे पूंजीपति वर्ग और मोदी सरकार की षडयंत्रकारी कदम और मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार लेबर कोड के खिलाफ एकजुट देशव्यापी प्रतिरोध कार्रवाइयों के लिए तैयार रहें। 19 जनवरी को किसान मजदूर एकता दिवस के दिन इंफोसिस और एलएंडटी प्रमुखों का पुतला जलायें।

एसडीओ ने चार अल्ट्रा साउंड जांच घर का किया निरीक्षण, एक सील

कोडरमा (आजाद सिपाही)। पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट उल्लंघन मामले पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश पर गठित टीम द्वारा झुमरी तिलैया शहर के राजगढ़िया रोड मैं संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रो की जांच की गयी। एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक और चिकित्सा विभाग की टीम ने चार अल्ट्रासाउंड जांच घरों का औचक निरीक्षण किया। गठित टीम द्वारा अल्ट्रासाउंड केदो में जाकर डॉक्टर और आधारभूत संरचना की स्थिति देखी। वहीं टीम ने मापदंडो के तहत संचालित नहीं हो रहे एक एडवांस अल्ट्रासाउंड केंद्र को सिल कर दिया। जबकि जांच के क्रम में दो अल्ट्रासाउंड संचालन क्लीनिक बंद पायी गयी। एसडीओरिया सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट को उपायुक्त को सौपा जायेगा। उन्होंने कहा कि यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा। टीम में सतगांवा, मरकच्चो के थाना प्रभारी, नगर परिषद के पदाधिकारी अंकित गुप्ता के अलावा पुलिस बल शामिल थे।

शहर के बाजार टांड़ में गोली बारी, रिम्स में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। शहर के बाजार टांड बैंक ऑफ इंडिया शाखा के पास मंगलवार की देर रात गोलीबारी की घटना हुई है। अपराधियों ने बाजार टांड के रहने वाले युवक मुकेश सोनी उर्फ शनिचरा को पेट में गोली मार दी है। युवक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद रात को ही पुलिस ने गंभीर रूप से घायल मुकेश सोनी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार रिम्स में ऑपरेशन कर युवक के पेट से गोली निकाल ली गयी है। लेकिन उसकी स्थित अब भी क्रिटिकल बनी हुई है। बताया जाता है कि गोलीबारी की यह घटना आपसी बर्चस्व को लेकर हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अब तक अपराधियों की पहचान नहीं हो पायी है। शहर में अपराध की बढ़ रही घटना से शहर के लोग काफी दहशत में हैं।

सिरका कोलियरी से अपराधियों ने 20 हजार की संपत्ति चुरायी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। जिले के सिरका परियोजना के उत्खनन कर्मशाला में अपराधियों ने हमला कर 20,370 रुपये की संपत्ति चोरी कर ली है। इस मामले में सिरका समूह के सुरक्षा प्रभारी राजू राम ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने बताया है कि 12 जनवरी की रात अपराधियों ने सिरका परियोजना के उत्खनन कर्मशाला में दाखिल होकर दो सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाया। वहां से कीमती सामान उठाकर पिकअप वैन में लोड कर फरार हो गये। सीसीटीवी कैमरे में भी 6-7 अपराधियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देते देखा गया है। पुलिस इस मामले की छानबीन कर रही है।

रजरप्पा में टुसू मेला का आयोजन

रजरप्पा (आजाद सिपाही)। रामगढ़ के कुंदरूकला पंचायत के बगलामुखी धाम मंगरिढ़िपा मे मकर संक्रांति टुसू मेला का आयोजन किया गया मेला के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और उद्घाटनकर्ता गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए विशिष्ट अतिथि के तौर पर, मांडू विधायक तिवारी महतो उर्फ निर्मल महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी उपस्थित हुए, अतिथियों के पहुंचने पर मेला समिति द्वारा फूलमाला पहनाकर, बुके देकर और शॉल ओढाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया, इस दौरान अतिथियों ने मेला सांस्कृतिक मंच का फीता काटकर संयुक्त रूप से विधिवत उद्घाटन किया। मेला को सबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की मेला मे उमड़ी जन सैलाब टुसू मेला को देख मन गदगद हुआ और प्रयास रहेगा की बहुत जल्दी बगलामुखी धाम को झारखंड के मानचित्र पर एक पर्यटक स्थल के रूप मे विकसित किया जायेगा। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश ने कहा की मकर संक्रांति महोत्सव झारखड़ी संस्कृति से जुडा पर्व है इसे निरंतर धूमधाम से मनाने की जरूरत है, टुसू मेला झारखंडियों का प्रतिक है। मांडू विधायक तिवारी ने कहा की मकर मेला आयोजन से आपसी प्रेम भाव और सदभावना बना रहता है। मेला में ओड़िसा के लोक गायिका उर्मिला महतो और झारखण्ड के सुपर स्टार कलाकार कैलाश जक्शन की टीम के द्वारा एक से बढ़कर एक गीतनृत्य प्रस्तुति कर दर्शकों को खूब झूमाया नचाया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, दुलमी पार्षद प्रीति दीवान मुख्य संरक्षकमुखिया किसुन राम मुंडा, संयोजक जिला पार्षद धनेश्वर महतो, मुखिया रामसेवक महतो, मुखिया कलावती देवी, मुखिया रेखा देवी, शीला देवी, पूनम देवी, मिटू महतो, मोहराय महतो, संजय कुमार, हीरा गोप, अनूप यादव सहित मेला में उपस्थित 40 हजार से अधिक दर्शक मौजूद थे।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय में कार्यक्रम का समापन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एस आर शिक्षण समिति वाराणसी और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य वक्ता अजय कुमार राणा और विश्वविद्यालय के सम्मानित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कृषि विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता की हार्दिक बधाई दी और कहा की देश के विकास में ग्रामीण किसानों का महत्वपूर्ण योगदान है। वही, सचिव प्रियंका कुमारी ने ग्रामीण किसानों को नई तकनीकी पर आधारित कृषि करने की सलाह दी। जबकि, मुख्य वक्ता अजय कुमार राणा ने किसानों को प्रशिक्षण के माध्यम से एफपीओ और विभिन्न मार्केटिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए किसानों को आत्मनिर्भर होने की सलाह दी। प्रशिक्षण के अंतिम दिन में विभाग के व्याख्याता वीरेंद्र अग्रवाल के द्वारा कृषि मार्केटिंग के बीबी विभिन्न प्रकार से रूबरू कराते हुए किसानों को मार्केटिंग सिस्टम को समृद्ध करने के बारे में बताया गया। मौके पर विश्वविद्यालय प्रति कुलपति महोदया प्रो डॉ रश्मि, वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने कार्यक्रम सफलता की हार्दिक बधाई दी। संचालन डॉ पूजा कुमारी जायसवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विभाग और बॉटनी विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

साईं परिवार ने किया भंडारे का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। साईं परिवार हजारीबाग के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर इंद्रपुरी में साईं भण्डारा का कार्यक्रम किया गया। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में बुधवार को अहले सुबह साईं मंदिर में आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का वितरण किया गया। सैकडों श्रद्धालुओं ने साईं बाबा के प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के बाद साईं परिवार हजारीबाग सदस्यों द्वारा बुधवार को शाम 6 बजे से आरती के कार्यक्रम के बाद हलवा का भोग लगा और प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद आर्ष कन्या गुरुकुल, आर्य समाज हजारीबाग में बाबा का भोग को खिचड़ी, चिप्स, चोखा प्रसाद को विद्यालय के बच्चों के बीच पहुंचाया गया।

पंचवटी अपार्टमेंट में हुई मारपीट, चली तलवार, आरोपी से पूछताछ जारी

मर्दों में हुआ झगड़ा तो, महिलाओं ने भी नोचे एक-दूसरे के बाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर का पंचवटी अपार्टमेंट एक बार फिर मारपीट को लेकर चर्चा में है। इस अपार्टमेंट में अक्सर दो गुट आपस में भिड़ते रहते हैं। इस बार मारपीट काफी हिंसक हो गया और तलवार भी चली। जिससे एक व्यक्ति राजेश कुमार अग्रवाल उर्फ राजू अग्रवाल घायल हो गये। पुलिस को जैसे ही मारपीट की इस घटना की सूचना मिली पुलिस ने हमलावर अरुण कुमार गोयल को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पहले काटी दांत, फिर चलायी तलवार : राजेश कुमार अग्रवाल पर पंचवटी अपार्टमेंट में ही रहने वाले अरुण कुमार गोयल ने उस वक्त हमला किया था, जब वह बच्चे को स्कूल बस पर बिठाने गये थे। हमले के दौरान सबसे पहले मारपीट की और गर्दन पर दांत काटी। कुछ लोगों ने बीच बचाव किया, लेकिन अरुण कुमार गोयल नहीं रुके। उन्होंने घर जाकर तलवार निकाली और दोबारा हमला किया, जिससे राजेश घायल हो गये।

मर्दों में हुआ झगड़ा तो, महिलाओं ने भी नोचे एक-दूसरे के बाल : पंचवटी अपार्टमेंट में जब मर्दों के बीच झगड़ा शुरू हुआ तो महिलाएं भी पीछे कैसे रहती। राजेश कुमार अग्रवाल और अरुण कुमार गोयल की पत्नी भी भिड़ गयी। उन लोगों ने एक दूसरे के बाल नोचे और मारपीट शुरू की। अपार्टमेंट के लोगों ने बीच बचाव किया और उन लोगों का झगड़ा खत्म कराया।

रामगढ़ महाविद्यालय में वायु सेना में भर्ती को लेकर सेमिनार का हुआ आयोजन

सेना हमारे देश को बाहरी आक्रमण और आंतरिक खतरों से बचाता है: डॉ रत्ना पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बुधवार को सेना दिवस पर पर वायु सेना के अधिकारियों के सहयोग से एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवन ही कामयाब जीवन है और अनुशासन का सर्व श्रेष्ठ उदाहरण सेना है। सेना हमारे देश को बाहरी आक्रमण और आंतरिक खतरों से बचाता है। सेना की सेवा और रिस्क लेने की वजह से ही हम चैन की सांस लेते है। सेमिनार को वायु सेना के भर्ती अधिकारी चिन्मय महापत्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि एयर फोर्स में महिला पुरुष दोनों आवेदन कर सकते है, जिसमें साढ़े सत्रह वर्ष से इक्कीस वर्ष तक के युवा युवती उम्मीदवार हो सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटर पास होता है। उम्मीदवार को मैट्रिक या इंटर में अंग्रेजी में 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त होना आवश्यक है। भर्ती के दौरान अंग्रेजी में जवाब देना आवश्यक होता है। अतः बच्चों को अंग्रेजी में बात करने की योग्यता रखनी चाहिए तब वायु सेना में जा सकते हैं। उन्होंने अपनी बात बताने के साथ एयर फोर्स से संबंधित कुछ प्रश्न भी किया। जिसके जवाब विद्यार्थियों ने देने की कोशिश की। सबसे अच्छा जवाब देने का काम बी लिव साइंस की सृष्टि सिंह ने किया। अतः बी लिव साइंस की सृष्टि सिंह को सेना से जुड़े सामान्य ज्ञान का सही सही उत्तर देने पर उपहार से सम्मानित किया गया। सेमिनार को वायु सेना के भर्ती अधिकारी प्रवीण द्विवेदी, डॉ बख्शी ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने भी संबोधित किया। सेमिनार के प्रारंभ में डॉ मालिनी डीन ने अतिथियों का परिचय कराते हुए विषय परिचय कराया और अंत में प्रो मोहित जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सेमिनार में मुख्य रूप से प्रो रोज उरांव, डॉ बलवंती मिंज, प्रो बीरबल महतो, प्रो साजिद हुसैन, डॉ शाहनवाज खान, मनोज नायक, उस्मानुद्दीन उपस्थित थे।

चरण पहाड़ी धाम कुजू कोलियरी में टुसू मेला का भव्य समापन

चरण पहाड़ी धाम का विकास करना हमारा दायित्व : मनीष जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। श्री श्री चैतन्य महाप्रभु चरण पहाड़ी धाम बन्दराचुवां कुजू कोलियरी में मकर संक्रांति पर्व पर टुसू मेले का भव्य समापन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल और विशिष्ट अतिथि सीसीएल कुजू महाप्रबंधक आरके सिन्हा, भाजपा वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, कुजू ओपी प्रभारी मोहम्मद नौशाद, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल रहे। टुसू मेला का उद्घाटन सांसद मनीष जायसवाल ने फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि मनीष जायसवाल ने कहा कि चरण पहाड़ी क्षेत्र का विकास करने के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं, जो भी कार्य है। उसे समिति के लोग लिखित आवेदन दें उसे पूरा करने का वचन देता हूं। कहा कि इस क्षेत्र को देखकर ऐसा लगा जैसे वृंदावन धाम पहुंच गया हूं। वहीं, विशिष्ट अतिथि कुजू के महाप्रबंधक आरके सिन्हा ने कहा कि इस चरण पहाड़ी के क्षेत्र मे मैं हमेशा आता रहा हूं। सीसीएल का उद्देश्य चरण पहाड़ी धाम को विकसित करना है। यह क्षेत्र में सीसीएल को एक गौरव बढ़ाने में अहम रोल अदा कर रहा है। इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत फूल माला, बूके और शॉल ओढ़ाकर किया गया। बाद में विभिन्न क्षेत्रों से आये टूसू प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक टुसू बनाकर प्रस्तुत किया। जिसे में बाद में कमिटि द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर जेकेएलएम के पूर्व प्रत्याशी बिहारी महतो, रवि महतो, जीएम निज सचिव पवन कुमार सिंह, संयोजक धर्मराज राम, सरंक्षक अशोक कुमार, पन्नालाल मुर्मू, हेमंत सिंह, अध्यक्ष ललिता देवी, सचिव श्याम सिंह, कोषाध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष फुलेश्वर साव, पंचायत समिति रेखा देवी, उपमुखिया कुमारी नीलम, मुकेश साहू, रतन साहू, महालक्ष्मी देवी, मोगलचंद्र महतो, बादल महतो, बलदेव मुर्मू, रंजय कुमार, हीरालाल मुर्मू, रामकुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सीएन विद्यालय में पूर्व सचिव के निधन पर शोकसभा

कुजू (आजाद सिपाही)। छोटानागपुर उच्च विद्यालय बोंगावार के प्रबंध समिति के पूर्व सचिव रामवचन महतो पिता स्व फकीर महतो के आकस्मिक निधन पर विद्यालय प्रांगण में शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रघु विश्वकर्मा ने किया। मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि रामवचन महतो का निधन 14 जनवरी को हुआ। वे जब विद्यालय प्रबंधन के सचिव बने थे तब विद्यालय को स्थापना अनुमति नहीं मिली थी। उनके और समिति के सहयोग से विद्यालय को स्थापना अनुमति मिली और आज विद्यालय स्थायी प्रस्वीकृति से लेकर अनुदानित विद्यालयों की श्रेणी में खड़ा है। शोकसभा में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक शिक्षिकेत्तर कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए इस दुख की घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की। मौके पर कई शिक्षक व शिक्षिकाएं शामिल रहे।

सेना दिवस पर हार्दिक मिलन दल रवाना

हार्दिक मिलन दल समस्याओं से अवगत होकर करेगा निदान

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। सेना दिवस पर जे और भी सब एरिया की देखरेख में पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के तत्वावधान में भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों के कल्याण और उनके आश्रितों के लिए बुधवार को पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने हार्दिक मिलन दल 3.0 को फ्लैग ऑफ करके रवाना किया। हार्दिक मिलन दल में नामित टीम जम्मू और कठुआ जिलों में, हिमाचल प्रदेश के चंबा, नूरपुर और बिलासपुर जिलों में और पंजाब के पठानकोट, तरंतारण, फिरोजपुर, मुक्तसार साहिब और भटिंडा जिलों के भूतपूर्व सैनिकों तक पहुंचेगी। बताया जाता है कि इस मुहिम की शुरूआत 2023 में की गयी थी, जो कि वर्ष 2025 में यह हार्दिक मिलन 3.0 का तीसरा सफल प्रयास है। यह दल तीन राज्यों के सभी भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों की शिकायतों और समस्याओं का निवारण किया जायेगा। साथ ही भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए सेवानिवृत होने के बाद मिलने वाली सुविधाएं और पेंशन संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता का आरोप

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड उप-प्रमुख राहुल गुप्ता ने अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रखंड के समन्वयक और ऑपरेटर की मिलीभगत कर अनियमितता करने का आरोप लगाया है। इस बावत उप-प्रमुख ने राज्य के ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री को आवेदन लिखकर न्याय की गुहार लगाया है। उन्होंने अपने आवेदन में लिखा है कि पूरे प्रखंड में प्रखंड समन्वयक और ऑपरेटर के मनमानी से अयोग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ दे दिया गया है और जो लाभुक कई महीनों से अबुआ आवास का निर्माण कर भुगतान की आस में बैठे हैं। उन्हें राशि का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है, बल्कि अपनी मनमानी कर भुगतान किया जा रहा है। उप प्रमुख राहुल गुप्ता ने आरोप लगाया है कि अगर अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ दिये गये लाभुकों की जांच उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाये तो कई राज खुलेंगे। एक तरफ ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि एक सप्ताह के अंदर अबुआ आवास योजना के लाभुकों को तृतीय किश्त का भुगतान कर दिया जाय परंतु हंटरगंज प्रखंड के आवास और संबंधित पंचायत कर्मी उक्त आदेश का ठेंगा दिखा रहे है। उप प्रमुख ने सूची उपलब्ध नहीं होने पर या अनियमितता नहीं रुकने पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठने की बात कही है।

ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण शुरू

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीओ अरुण मुंडा, बीपीओ विनोद प्रसाद गुप्ता, बीपीआरओ योगेश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मास्टर ट्रेनर शंकर दांगी योगेंद्र यादव के द्वारा सबकी योजना सबका विकास 2025 -26 को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें गरीब मुक्त, उन्नत अजीवका, स्वास्थ्य गांव, बाल हितैषी, जल पर्याप्त, स्वच्छ और हरित, आत्मनिर्माण बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित, सुशासन वाला गांव, महिला और बाल हितेषी, समेत 9 विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इसी से संबंधित योजना का चयन और सफल बनाने को लेकर बताया गया। प्रशिक्षण जेपीएफटी और सीपीएसएस के सदस्यों को दिया गया जो सभी गांव में एक बैठक कर इन योजनाओं के बारे में जानकारी देने का काम करेंगे।

डीएवी स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

टंडवा (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, नॉर्थ करणपुरा बुधवार को प्रातःकालीन समारोह में पुष्पांजलि के साथ दिवंगत प्राचार्य को सम्मान किया गया। आयोजित एक भव्य और भावपूर्ण समारोह में, डीएवी पब्लिक स्कूल, एनके, टंडवा समुदाय अपने दिवंगत प्राचार्य राजेश्वर सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुआ, जिन्होंने समर्पण और विशिष्टता के साथ संस्थान की सेवा की थी। समारोह की शुरूआत असेंबली एरिया में पूरे विद्यालय की सभा के साथ हुई, जहां गायत्री मंत्र का मंत्रोच्चार किया गया, जिसके बाद प्राचार्य की याद में एक पल का मौन रखा गया। शिक्षकों, छात्रों और अन्य सभी कर्मचारियों ने विशेष रूप से व्यवस्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने में भाग लिया।सभा में विद्यालय के विकास और सफलता में राजेश्वर सिंह के अपूरणीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने स्कूल और बच्चों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। कई छात्रों और कर्मचारी सदस्यों ने भी दिवंगत प्रिंसिपल द्वारा प्रदान किये गये मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए आभार व्यक्त करते हुए हार्दिक संदेश साझा किये। समारोह का समापन छात्रों और कर्मचारियों द्वार राजेश्वर सिंह द्वारा पोषित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। माहौल चिंतन और कृतज्ञता का था क्योंकि स्कूल समुदाय ने सामूहिक रूप से एक सच्चे नेता और गुरु की विरासत का सम्मान किया गया।

स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन को लेकर डीडीसी को ज्ञापन सौंपा

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हिरोडीह पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों ने उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर पुराने स्वास्थ्य उप केन्द्र के बगल में नये मॉडल स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण का मांग किया है। 13 सदस्यीय वाले हिरोडीह पंचायत के उप मुखिया सहित 7 वार्ड सदस्यों ने पुराने भवन के समीप नये भवन निर्माण का मांग किया है। प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कहना है कि एकीकृत बिहार सरकार ने जन सुविधाओं को देखते हुए 1967 में स्वास्थ्य उपकेंद्र हिरोड़ीह का निर्माण रेभनाडीह मौजा में किया गया था और आज भी उसी स्थान पर केन्द्र संचालित है। आवेदन में कहा गया कि आवागमन एवं सभी ग्रामीणों को देखते हुए पुराने केन्द्र के पास नये मॉडल भवन निर्माण होने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। आवेदन में रेभनाडीह, तेतरियाडीह, कोसमाडीह, महेशमराय, अंबेडकर नगर, कटहाडीह गोदखर, गमहरबाद, पपराओं, बिहारो, बाराडीह के ग्रामीणों सहित उप मुखिया अंजला कुमारी, वार्ड सदस्य सोनी देवी रंजीत रविदास, कामेश्वर यादव, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी, मुंशी यादव, पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव, पूर्व पंसस किरण देवी, पूर्व उप मुखिया ललीता देवी, सीमा देवी, पूर्व वार्ड सदस्य सुखदेव यादव, अनील यादव, सुरेश राणा, रंजीत यादव, विजय पासवान, महादेव यादव, मुरलीधर यादव, सीताराम यादव, सुनील यादव, अर्जुन यादव, सहदेव यादव, विनोद मोदी, विनोद राणा, मोहन यादव, राजेंद्र सुधांशु, अशोक यादव, संजीव पासवान सहित अन्य लोगों का हस्ताक्षर हैं।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 76 दिनांक 05.08.2024 मैं आदर्श नारायण तिवारी पुत्र स्व0 सुमेर तिवारी, निवासी ग्राम - तिवारी, मरहटिया, पो0- तिलदाग, थाना - गढ़वा, जिला - गढ़वा (झारखंड) 822114 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि -

1. यह है कि भारतीय नगरिक हूँ कि एवं उपरोक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मै सशस्त्र सीमा बल, गृह मंत्रालय में सेवारत हूँ। 3. यह कि वर्तमान में मै 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अनगड़ा राँची, झारखण्ड में पदस्थापित हूँ। 4. यह कि मेरी माँ का नाम सेवा पुस्तिका में सबिता देवी (Sabita Devi) दर्ज है जो कि गलत है।
5. यह कि मेरी माँ का वास्तविक नाम सविता देवी (Savita Devi) है जो मेरी माँ के समस्त कागजात आधार कार्ड, पैन कार्ड, इत्यादी में दर्ज है।
6. यह कि Sabita Devi and Savita Devi दोनो नाम एक ही महिला का नाम है जो मेरी माँ है।
7. यह कि मेरी सेवा पुस्तिका में मेरी माँ सही नाम सुधार हेतु सम्पादित कर रहा हूँ। जो आधार एवं पैन के अनुसार करना है।

कश्मीर को लेकर वादा निभायेंगे पीएम मोदी

कश्मीर की हड्डियां जमा देने वाली ठंड में सोमवार को सोनमर्ग सुरंग के उद्घाटन के मौके पर जिस तरह से रिश्तों की बर्फ पिघलती दिखी, उसे निश्चित रूप से एक शुभ संकेत कहा जा सकता है। उस उद्घाटन समारोह में ऐसा बहुत कुछ था, जो जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य को लेकर आश्वस्त कर रहा था।

निर्वाचित मुख्यमंत्री की मौजूदगी: लंबे अर्से बाद दुनिया ने जम्मू-कश्मीर की वह तस्वीर देखी, जब एक महत्वपूर्ण विकास परियोजना के उद्घाटन के लिए आये प्रधानमंत्री का स्वागत एक निर्वाचित मुख्यमंत्री कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल हुए चुनाव के बाद यह प्रधानमंत्री का पहला कश्मीर दौरा था। उस मौके पर जिन शब्दों में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी की तारीफ की, उसकी राजनीतिक अहमियत की भी अनदेखी नहीं की जा सकती।

वादा निभाते हैं, निभायेंगे: ध्यान रहे, उमर अब्दुल्ला सिर्फ जम्मू-कश्मीर के सीएम ही नहीं, नेशनल कांफ्रेंस के नेता भी हैं, जो विपक्षी इंडी गठबंधन का हिस्सा है। इसके बावजूद उमर ने पीएम मोदी को वादा निभाने वाला नेता बताया और यह उम्मीद जतायी कि वह जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने का अपना वादा भी जल्दी ही पूरा करेंगे। यही नहीं, जो उमर चुनाव में धांधली का अंदेशा जताते रहते थे, उन्होंने पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का श्रेय भी दिया।

सोनमर्ग सुरंग के उद्घाटन में पीएम मोदी और सीएम उमर अब्दुल्ला की मौजूदगी ने जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य की उम्मीद जगायी। उमर ने पीएम मोदी को वादा निभाने वाला नेता बताया, जबकि पीएम ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दोहराया।

करीबी का प्रयास: गौर करने की बात है कि इससे दो दिन पहले ही उमर ने इंडी ब्लॉक के कामकाज के तरीकों पर सख्त एतराज जताते हुए यहां तक कह दिया था कि अगर इसे ऐसे ही चलना है, तो इसे भंग कर देना चाहिए। भले ही इसे नेशनल कांफ्रेंस के इंडी गठबंधन से बाहर आने का संकेत न माना जाये, लेकिन यह नयी दिल्ली से अपने रिश्तों को सहज करने का प्रयास तो है ही।

राज्य के दर्जे का सवाल: आश्चर्य नहीं कि पीएम मोदी ने भी मुख्यमंत्री के इन प्रयासों को संज्ञान में लेते हुए अपने भाषण में यह बात दोहरायी कि वह अपने वादे निभाते हैं और यह वादा भी निभायेंगे। हालांकि उन्होंने कोई समय सीमा देने से परहेज किया, लेकिन चूंकि सभी पक्ष पहले से ही इसके हक में हैं, इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र इस मामले में अब और ज्यादा देर न करते हुए जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दे।

अभिमत
आजाद सिपाही

चीनी दार्शनिक लाओत्से को जब कुछ कहने के लिए मजबूर किया गया, तो उन्होंने कहा था कि सत्य कहा नहीं जा सकता...। इसे लिखना तो और भी बड़ा मजाक हो जायेगा। वह हिमालय आना चाहते थे, लेकिन सीमा पर सिपाही बिना टैक्स के जाने नहीं देना चाहता था। जब उनको कुछ कहने के लिए मजबूर किया तो लाओत्से ने कुछ सूत्र वाक्य कहें जो 'ताओ तेह किंग' किताब बना। इसमें वह कहते है कि सच्चा व्यक्ति महान नहीं बनना चाहता।

हम इस दुनिया में जब नहीं रहेंगे...

डॉ मयंक मुरारी

आज हम हैं, कल हम नहीं रहेंगे। इसलिए जो भी हम आज कर रहे हैं, इस बात को सदैव नजर में रखकर किया जाना चाहिए कि कल हम नहीं रहेंगे। जब हम दिसंबर 1989 में जीवन के सफर पर चलने की तैयारी कर रहे थे, तब मेरे बड़े पापा ने यह सीख दी थी। आज 35 साल बाद उनकी सीख हमारे जीवन कर्म को निर्देशित करता है। कल उनसे कुछ पलों की मुलाकात हुई। उन्होंने कहा- हम जब ना रहेब नु, त जहां भी रहिइह, अईऽ जरूर (जब हम इस दुनिया में नहीं रहेंगे, तो तुम जरूर आना)। पहली बार लगा कि जिंदगी, जिंदगी का प्रेम, जिंदगी का लगाव और संबंध सब सपने हैं। काल हर एक चीज को अपने साथ ले जाता है, जो जीवन में जटिल होता है। समय के पथ पर कोई भविष्य और अतीत नहीं है। बस वर्तमान है। जीवन का व्याकरण उसको विभिन्न कालों में बांटता है। परंतु यह काल संबंध को सदैव अमर बना देता है। हमारे कुल का हर एक कोई उनके समक्ष आकार में लघु है। एक व्यक्ति जो महाभारत के भीष्म की तरह किसी अज्ञात से प्रतिज्ञाबद्ध होकर जीवन जीता चला जाए। ऐसे लोग काल की किसी भी धारा में सदैव ही अमरता का बोध देते रहते हैं।

जीवन जीने की सबसे बड़ी कला अच्छे जीवन की तलाश है, तो अच्छा जीवन क्या है?

जीवन में कभी-कभी हमें इस यात्रा पर विचार करना चाहिए। बचपन में एक कविता पढ़ी थी। बड़े पापा से बात करते हुए वह स्मरण हो आया- दग देख जहां तक पाते हैं, तम का सागर लहराता है। फिर भी उस पार खड़ा कोई हम सबको खींच बुलाता है। मैं आज चला, कल-परसों सब, मंझधार न जाने क्या होगा? इस पार प्रिये तुम हो, मधु है, उस पार न जाने क्या होगा? जब हम नहीं

जानते तो चिंता क्या करना है? योगानंद परमहंस अपने लेख 'परिवर्तनशील जगत में समभाव' में लिखते हैं- इस पृथ्वी पर रह रहे अधिकांश लोग सौ साल पहले यहां नहीं थे। हमसे पहले यहां और कोई थे। सौ साल बाद इस पृथ्वी पर कोई और, लोग रहेंगे। हमारे लिए सब कुछ समाप्त हो जायेगा। नयी पीढ़ी हमारे बारे में सोचेगी भी नहीं। वे ये ही सोचेंगे कि यह संसार उन्हीं का है, जैसा हम सोचते हैं। परंतु एक-एक कर उन्हें भी यहां से जाना होगा। इस अस्तित्व में हमारा आकार एक बुलबुला की तरह है। विपरीत स्थिति में शांति और अच्छाई कइ प्रकृति व्यक्ति को बड़ा बनाता है और बड़े पापा को अच्छा बनाया।

चीनी दार्शनिक लाओत्से को जब कुछ कहने के लिए मजबूर किया गया, तो उन्होंने कहा था कि सत्य कहा नहीं जा सकता...। इसे लिखना तो और भी बड़ा मजाक हो जायेगा। वह हिमालय आना चाहते थे, लेकिन सीमा पर सिपाही बिना टैक्स के जाने नहीं देना चाहता था। जब उनको कुछ कहने के लिए मजबूर किया तो लाओत्से ने कुछ सूत्र वाक्य कहें जो 'ताओ तेह किंग' किताब बना। इसमें वह कहते है कि सच्चा व्यक्ति महान नहीं बनना चाहता। बड़े पापा का जीवन भी ऐसा ही है। 75 साल से ज्यादा के सार्वजनिक जीवन में कई ऐसी कथाएं हैं, जो जीवन के मूल सत्य, मनुष्य का असली स्वभाव और जिंदगी में यायावरी के बीच रस और रंग से परिचय कराता है। जीवन के शुरुआती दौर में उन्होंने न केवल उसे देखा, बल्कि महसूस किया, जो सामान्य लोग नहीं देख सकते हैं। अपने किशोरावस्था में ही उन्होंने ज्ञान की गहराइयों को छू लिया, जहां पहुंचने के लिए सामान्य लोग को उम्र के दशकों लग जाते हैं। जीवन समस्याओं की एक कभी न खत्म होने वाली धारा है। जिसका सामना करना, उससे पार पाना और उसका समाधान करना होता है। शतायु के करीब होने के बाद भी उनका कर्ममय जीवन बताता है कि समस्याएं ही हैं जो हमें व्यस्त रखती हैं और हमारे जीवन को अर्थ देती हैं। आजादी के कालखंड में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य बने, तब छपरा जैसे शहर में संघ का नाम भी नहीं था। बाद में थियोसोफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप में आत्माओं के रहस्यात्मक दुनिया का अन्वेषण किया। इसके शिखर पर रहकर एक दिन परिवार के लिए वह सब छोड़ दिया।

जीवन जीने की सबसे बड़ी कला अच्छे जीवन की तलाश है, तो अच्छा जीवन क्या है ? अच्छे और अच्छे तरीके से जब हम दैनिक जीवन को जीते हैं तो हम सच्चे बनते हैं। ऐसा जीवन जो जीने में अच्छा लगता है, जो सार्थक लगता हैं। यह उन लक्ष्यों की ओर बढ़ता है जिन्हें कोई वास्तव में मूल्यवान मानता है, और जो व्यक्ति के अपने जीवन के आसपास के लोगों पर भी अच्छा प्रभाव डालता है। अच्छा जीवन में आंतरिक और बाहरी दृष्टिकोण होता है। आंतरिक दृष्टिकोण में जीना वास्तव में सार्थक लगता है और बाहरी दृष्टिकोण यह है कि इसके आसपास के लोगों पर इसका प्रभाव रचनात्मक होता है। बड़े पापा के जीवन में पचास के दशक से आज तक समस्याओं की कमी नहीं रही। छह भाई और दो बहनों के बीच सबसे समझदार और दुनियादारी का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति। अपने भाई-बहन के जीवन संवारने से लेकर अगले तीन पीढ़ियों तक दधीचि की तरह कष्ट उठाए। परिवार और परिवार के बाहर समाज के लिए सदैव चिंतित रहना उनका स्वभाव रहा। साठ के दशक में संयुक्त परिवार के लिए अपना पूरा वेतन देना हो और अपने परिवार के खर्च चलाने के लिए ट्यूशन पढ़ाने की बात हो। आज शायद ही कोई इस आज्ञाकारिता पर विश्वास करे। आज भी आप जब बात कीजिए एक आशावाद दिखेगा। परिवार के प्रति आस्था तो समाज की सकारात्मकता का विश्वास। इन दोनों आयाम के बीच देश के लिए कुछ कर गुजरने के सवाल पर सदैव आग रहना उनकी मनोवृत्ति रहीं। उनके जीवन में सदैव ही अच्छे जीवन, सद्गुणों और अच्छे कर्मों के बीच अंतर दिखेगा। वह जीवन के हरेक निर्णायक पड़ाव में जब कर्तव्य और आनंद की बात आयीं, वे हरक्यूलिस की तरह आनंद के बजाए कर्तव्य का चुनाव करते रहे।

हमें सबसे अच्छा जीवन कैसे जीना चाहिए? यह सवाल सुकरात के समक्ष उठाया गया था। सुकरात ने कहा था कि जो चीज हमें बाकी दुनिया से अलग करती है, वह है हमारे पास तर्क होना। परिस्थितियों में तर्क के उपयोग से ही हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। बड़े पापा के साथ भी रुचिओं, क्षमताओं और विचारों की एक बहुलता रही है। पिछले 35 सालों में जब समस्या आयीं और उनसे बात किया तो उनका एक ही बात कहना था- आज जो करना है करो। इससे तुम्हारा कल बेहतर होगा। 1996 में जिस दिन मेरा एमए का पहला पेपर था. उसके एक दिन पहले सिविल सर्विसेस का रिजल्ट आया, जिसमें मैं असफल रहा। परीक्षा देने की किंचित भी इच्छा नहीं थी। उनके कहने पर परीक्षा दिया और पूरे विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान मिला। आज भी विपरीत परिस्थितियों को हावी नहीं होने देता, क्योंकि विचार, तर्क और सोच की बहुलता जो उन्होंने मुझे प्रदान की, वह आज भी हमारा पथ प्रदर्शक बना हुआ है। उन्होंने सदैव सिखाया कि जब किसी मामले में अच्छा सोचो, तो यह गुड यानी अच्छा बड़ा ह्वजीह्व होना चाहिए न कि छोटा ह्वजीह्व। हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मानव अस्तित्व की प्रकृति है, जो समग्रता तथा विशालता में ही सक्रिय और सफल होती है। उनके व्यक्तित्व में जीवन और पृथ्वी पर रहने, कोमल सांत्वानाओं, खुशी और उदासी के गीतों, प्रतिकूलताओं से निपटने, इंसान होने के बारे में ठोस सलाह का अद्भुत समिश्रण है। उनके साथ होने से हमारी बुद्धि और समझ का विस्तार होता है। जिन्होंने जीवन पर ध्यान दिया और उसकी उदासी और सुंदरता की समझ रखते हैं। ऐसे व्यक्ति सदैव ही जीवन में अच्छाई और नश्वरता में अमरता की प्रेरणा है।

(लेखक चिंतक-विचारक हैं।)

देश-विदेश की खबरें

कांग्रेस के युवराज के बयान पर उबाल

राहुल ने कहा, हम भाजपा, आरएसएस के साथ-साथ इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं, भाजपा बोली, कांग्रेस का घिनौना सच सामने आया

आजाद सिपाही संवाददाता

राहुल गांधी।

जेपी नड्डा।

निर्मला सीतारमण।

हरदीप सिंह पुरी।

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान से बुधवार को बवाल मच गया। नये कांग्रेस मुख्यालय के उद्घाटन के समय दिये गये भाषण में राहुल ने कहा कि हम अब भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से लड़ रहे हैं। इस टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, निर्मला सीतारमण समेत तमाम नेताओं ने राहुल गांधी को घेरा है। नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की इस टिप्पणी से कांग्रेस का घिनौना सच सामने आ गया है। इसके अलावा भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी ने अब भारत राज्य के खिलाफ खुली जंग छेड़ दी है।

क्या कहा राहुल गांधी ने: राहुल ने इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी के कोटला रोड पर 9ए स्थित कांग्रेस के नये मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। यदि आप मानते हैं कि हम भाजपा नामक एक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं या हम आरएसएस नामक एक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं, तो आप नहीं समझ पाये हैं कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस ने हमारे देश के प्रत्येक संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं।

चुनाव आयोग पर साधा निशाना: राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गड़बड़ हुई है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच अचानक लगभग एक करोड़ नये मतदाताओं का सामने आना परेशानी भरा है। चुनाव आयोग का कर्तव्य है कि वह विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराये। मगर चुनाव आयोग ने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया है। चुनाव आयोग मतदाता सूची को पारदर्शी बनाने से क्यों इनकार करेगा? हमें सूची न देने के पीछे उसका क्या उद्देश्य है और वे इसे क्यों रोक रहे हैं? चुनाव में पारदर्शिता प्रदान करना चुनाव आयोग का कर्तव्य है और यह बताना उनकी पवित्र जिम्मेदारी है कि ऐसा क्यों हुआ है?

आरएसएस पर भी साधा निशाना: कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमारे पास शिव हैं, हमारे पास बुद्ध हैं, हमारे पास गुरु नानक हैं, हमारे पास कबीर हैं, हमारे पास महात्मा गांधी हैं। ये सभी प्रतीक हैं, जिन्होंने इस देश को सही रास्ता दिखाया है। आरएसएस की विचारधारा का एक प्रतीक बतायें, जो आज भारत में पूजनीय है। क्या गुरु नानक आरएसएस की विचारधारा से थे? क्या बुद्ध आरएसएस की विचारधारा से थे? क्या कृष्ण भगवान आरएसएस की विचारधारा से थे? एक भी नहीं, क्योंकि इनमें से हर एक व्यक्ति ने समानता और भाइचारे के लिए लड़ाई लड़ी।

जेपी नड्डा ने बोला जोरदार हमला: भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आरोप लगाया कि यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके परिवेशी तंत्र के शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ गहरे संबंध हैं, जो भारत को बदनाम, अपमानित और खारिज करना चाहते हैं। डीप स्टेट ऐसे समूह को कहा जाता है, जो गोपनीय तरीके से अपने विशेष हितों को पूरा करने, खासकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी सरकारों को अस्थिर करने के लिए काम करते हैं। नड्डा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने जो कुछ भी किया या कहा है, वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में है। उन्होंने कहा, अब और कुछ छिपा नहीं है। कांग्रेस का घिनौना सच अब उसके अपने ही नेता द्वारा उजागर कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी को बधाई देता हूं कि उन्होंने साफ तौर पर वह कह दिया, जो देश जानता है कि वह भारत के खिलाफ लड़ रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का इतिहास रहा है, जो कमजोर भारत चाहते हैं। नड्डा ने कहा, सत्ता के लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के भरोसे को धोखा देना है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग बुद्धिमान हैं और उन्होंने फैसला किया है कि वे राहुल गांधी और उनकी विचारधारा को हमेशा खारिज करेंगे।

मानसिक स्थिरता की जांच करवानी चाहिए: पुरी: वहीं मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने टिप्पणी की कि राहुल गांधी को नये इंदिरा गांधी भवन में की गयी टिप्पणियों के जवाब में अपनी मानसिक स्थिरता की जांच करवानी चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी से सवाल करते हुए कहा, संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आये विपक्ष के नेता अब कह रहे हैं, हम अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं, तो आप संविधान की प्रति अपने हाथ में क्यों लेकर चल रहे हैं? उन्हें यह नौटंकी बंद करनी चाहिए।

शरद पवार के बयान पर भाजपा का पलटवार

दाऊद से जुड़े लोग आपके हेलीकॉप्टर में यात्रा करते थे

आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर की गयी शरद पवार के 'राज्य से निर्वासित' किये जाने वाले बयान पर सियासत तेज हो गयी है। अब भाजपा ने इसके लिए राकांपा (सपा) सुप्रीमो शरद पवार की आलोचना की है। इस दौरान भाजपा ने शरद पवार से गृह मंत्री के बारे में गलत सूचना फैलाना बंद करने को भी कहा। शरद पवार पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि आपके (शरद पवार) कार्यकाल के दौरान ऐसी चर्चाएं थीं कि दाऊद इब्राहिम से जुड़े लोग आपके हेलीकॉप्टर में यात्रा करते थे। इतना ही नहीं, यह भी कहा जाता था कि जब आप मुख्यमंत्री थे, तो दाऊद मुंबई चला रहा था। प्रेस कांफ्रेस करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि राकांपा (सपा) नेता शरद पवार ने अमित शाह को लेकर कहा है कि उन्हें राज्य से निर्वासित किया गया था। लेकिन क्या आप जानते हैं कि उन्हें राज्य से बाहर क्यों किया गया? उन्हें इसलिए नहीं बाहर किया गया था कि उन्होंने कोई डकैती या चोरी की थी, बल्कि सोहराबुद्दीन शेख, जो लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा तस्कर था, की कथित फर्जी मुठभेड़ के मामले के संबंध में उन्हें राज्य से बाहर जाने को कहा गया था। तावड़े ने कहा कि गुजरात की अदालत ने कहा था कि अगर मामले की निष्पक्ष जांच होनी है, तो राज्य के गृह मंत्री (अमित शाह) को राज्य में नहीं रहना चाहिए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में उन्हें इस मामले में निर्दोष साबित किया गया। आगे उन्होंने अमित शाह के एक दिन पहले के बयान को सही ठहराते हुए कहा कि उन्होंने शरद पवार को विश्वासघाती कहा है, क्योंकि उन्होंने 1978 में धोखा दिया था। साथ ही तावड़े ने यह भी कहा कि अगर कोई सियासी टिप्पणी करता है, तो गलत जानकारी फैलाने की बजाय इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

दिल्ली में प्रवेश वर्मा के खिलाफ जूते बांटने के मामले में एफआइआर दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में भाजपा के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गयी है। चुनाव आयोग ने दिल्ली पुलिस को प्रवेश वर्मा के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। दिल्ली पुलिस ने चुनाव आयोग की चिट्ठी मिलने के बाद प्रवेश वर्मा के खिलाफ जूते बांटने के मामले में एफआइआर दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक, नयी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने पुलिस को लोगों को जूते बांटकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में प्रवेश वर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी को दिया था। प्रवेश वर्मा को वाल्मीकि मंदिर परिसर में लोगों को जूते बांटते हुए देखा गया था। महिला मतदाताओं को जूते बांटते हुए कथित तौर पर दिखाये जाने वाले दो वीडियो सामने आये थे। इस बीच नयी दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने अपना नामांकन बुधवार को दाखिल कर दिया।

बंगाल के फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच करेगी इडी

कोलकाता (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों ने कोलकाता पुलिस से फर्जी पासपोर्ट मामले से संबंधित सभी दस्तावेज एकत्रित कर लिये हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। दस्तावेजों को देखने के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी इस मामले में एफआइआर दर्ज कर सकती है। एक अधिकारी ने कहा, हमें कोलकाता पुलिस से फर्जी पासपोर्ट मामले से जुड़े दस्तावेज मिले हैं। हम मामले की प्रारंभिक जांच कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि इडी ने भवानीपुर थाने से एफआइआर की कॉपी एकत्रित की और इस मामले में गिरफ्तार किये गये लोगों का विवरण भी लिया।

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह

अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता का असली मार्ग है : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सफलता का असली मार्ग है, यदि आप में हुनर है तो आपसे कोई चूक नहीं होगी। गढ़वा जिला खेल के क्षेत्र में काफी आगे है, यहां के खिलाड़ी कम संसाधन में भी बेहतर कर रहे हैं।

एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि प्रतिभाओं को निखारने के लिए 23 बर्ष से प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जीवन में अनुशासन का पालन कर ही व्यक्ति सफल और महान बनाता है। किसी भी क्षेत्र में आप सफलता

चाहते हैं तो अनुशासन के साथ मेहनत करें, आपको सफलता जरूर मिलेगी। संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि 23 वर्षों से प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है परंतु इस बार स्टेडियम में आयोजन होने के बाद यह लगा कि खेल पहली बार बेहतर तरीके से हुआ है, इसके लिए उन्होंने डीसी को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है और यह राज्य का सबसे बड़ा प्रतियोगिता है। इस मौके पर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, एसडीपीओ नीरज कुमार, मुख्यालय डीएसपी चिरंजीवी मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, डॉ बृजेश पांडेय, डॉ पंकज प्रभात, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अमित सिंह, सिस्टर रोशना, अशोक कुमार दुबे, जितेंद्र कुमार सिन्हा, अधिवक्ता संजय कुमार सिंह, पूर्व खिलाड़ी सह राजद जिला अध्यक्ष सूरज कुमार सिंह, गजेंद्र साहू, रोहन, प्रिंस खान, मनोज तिवारी सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

गोविंद उच्च विद्यालय बना चैंपियन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम में खेले गए 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में गोविंद हाई स्कूल की टीम ने एक तरफा मुकाबले में ज्ञान निकेतन बेलचंपा को 55 रन से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियन बना। फुटबॉल स्टेडियम में गोविंद हाई स्कूल के कप्तान नीतीश कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में शफ्री के 46 रन के सहयोग से 124 रनों का स्कोर खड़ा किया। 125 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम 69 रनों पर ही सिमट गयी। गोविंद हाई स्कूल की ओर से दीपक ने 4 और गोलू ने दो विकेट प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण से सम्मान समारोह में तीनों ग्रुप के विजेता और उपविजेता ट्रॉफी के साथ-साथ व्यक्तिगत पुरस्कार से खिलाड़ियों को डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में शांति निवास के रिमझिम को मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट गेंदबाज, वहीं बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सुहानी कुमारी को, जूनियर वर्ग में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रामसाहू के कार्तिक उरांव और बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार कविराज को, बीएसकेडी के सुहैल को बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार दिया गया। सीनियर वर्ग का मैन ऑफ द सीरीज गोविंद उच्च विद्यालय के गोलू कुमार को, जवाहर नवोदय विद्यालय के हिमांशु को बेस्ट बैट्समैन और ज्ञान निकेतन बेलचंपा के अरमान को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार दिया गया।

अलखनाथ पांडेय ने चंद्रवंशी के निर्णय की सराहना की, कहा

रामचंद्र चंद्रवंशी ने अपने राजनीतिक जीवन में एक अलग पहचान बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा किये जाने के बाद आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने इसकी सराहना करते हुए कहा है कि वर्तमान राजनीतिज्ञों के लिए श्री चंद्रवंशी प्रेरणास्त्रोत हैं। उनसे राजनितज्ञों और लोगों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में मिसाल प्रस्तुत किया है, जो मील का पत्थर साबित हुआ है। अलखनाथ पांडेय ने श्री चंद्रवंशी के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में एक अलग पहचान बनायी। वे अर्श से फर्श तक का सफर किया, उनकी जितनी भी सराहना की जाए

वह कम है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति में लोग एक दूसरे को गाली देने, नीचा दिखने तथा तमाम दुश्मनी निभाने से बाज नहीं आ रहे हैं। वैसे समय में पूर्व मंत्री अपने विरोधी की भी तारीफ कर रहे है तथा हर संभव सहयोग करने की बात कर रहे हैं। ऐसा शायद ही किसी अभी के राजनीतिक व्यक्ति में देखने को मिलता है। उन्होंने अपने जीवन में क्षेत्र के लोगों को बहुत कुछ दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी वह मिसाल बने है तथा विश्वविद्यालय एवं मेडिकल कालेज की स्थापना कर उन्होंने क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ा काम किया है। इसका लाभ लोगों को मिलता रहेगा। इसके लिए भी वह सराहना के पात्र है।

अलखनाथ पांडेय ने कहा कि जो लोग लोकतंत्र की गरिमा को नहीं समझ रहे हैं। अपनी राजनीतिक लाभ के लिए गलत करने से भी नहीं चूक रहे है। वैसे लोग पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी से सीख लें तथा अपनी आदतों में सुधार करते हुए समाज के लिए काम करें। श्री पांडेय ने कहा कि हम उनके स्वस्थ्य जीवन और दीर्घायु होने की कामना करते हैं।

झामुमो के राज में वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन बंद, गरीब जनता परेशानः रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने वृद्धा पेंशन विकलांग पेंशन विधवा पेंशन को लेकर झामुमो सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार मानवता को शर्मशार कर रही है पिछले कुछ महीनों से वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन पुरी तरह से बंद है गरीब जनता त्राहिमाम कर रही है। गरीब को जो सरकार पेंशन देती थी, वहीं उनके लिए सहारा था, लेकिन सत्ता में बैठी झामुमो सरकार ने गरीबों का पेंशन बंद कर झुठा विकास के नाम पर अपनी पीठ खुद ही थपथपा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार न्युनतम 1000

रुपये वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन के लाभुक को देती है, जिससे गरीब का जीवन यापन करना मुश्किल है। आखिर एक हजार रुपये में महिने भर दवा राशन अन्य चीजें खरीद पाना मुश्किल है। झामुमो सरकार कम से कम पांच हजार रुपये वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन गरीबों को दे, जिससे उनकी न्युनतम आवश्यकता की पुर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार वोट की राजनीति करने के लिए मंईयां सम्मान योजना के नाम पर 2500 रुपये बांट रही है, वह भी सबको नहीं मिल रहा है।

मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल शैलेंद्र पांडेय, अशोक विश्वकर्मा, नवीन जायसवाल, बंधु राम सहीत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन कल से

मझिआंव (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय सभागार में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंधित तैयारी तेज कर दी गयी है। यह कार्यक्रम 17 जनवरी सुबह 11 बजे से आयोजित की जायेगी। इस कार्यक्रम की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दी हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रखंड स्तरीय योजनाओं का क्रियान्वयन, अनुश्रवण के लिए प्रखंड स्तरीय समिति के साथ बैठक की जायेगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक ने प्रखंड के सभी कर्मियों को उपस्थिती ससमय दर्ज करने को सुनिश्चित किया है।

डीसी ने मेराल में स्वतंत्रता सेनानी स्व. कौशल कुमार ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन, कहा

प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए खेलो गढ़वा के तहत सरकार दे रही है सहयोग

बलराम शर्मा

मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल के स्टेडियम में स्वतंत्रता सेनानी स्व कौशल कुमार ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर ने फीता काटकर और बैटिंग कर किया। बता दें कि गढ़वा के पूर्व विधायक व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के स्वर्गीय पिता की याद में विगत 5 वर्षों से यहां क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता रहा है। मैच का उद्घाटन करने के बाद डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि खेल को खेल

भावना से खेलना चाहिए। खेल जगत में आज झारखंड की पहचान महेंद्र सिंह धोनी के नाम लेने से मिलता है। वहीं मुकेश कुमार नामक 18 वर्षीय लड़का ने चेस में वल्ड चैंपियन बनकर 13 करोड रुपये जितने का काम किया है। इस टूर्नामेंट आयोजन में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक और झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खां, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी ने भी खिलाड़ियों के हौसले को बढ़ाते हुए टूर्नामेंट के आयोजन की सराहना की।

परिहारा ने चार विकेट से जीता मैच : स्वर्गीय कौशल कुमार ठाकुर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच परिहारा की टीम ने अंजुमन शाने वतन पेशका टीम को चार विकेट से हरा कर जीत लिया। पीयूष कुमार को दो विकेट और 29 रन बनाने पर सलीम ऑटो सेंटर के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उद्घाटन के अवसर पर थाना प्रभारी बिष्णुकांत, झामुमो नेता संजय भगत, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, विनोद प्रसाद, प्रमोद महाजन, अजय, जफीर मुखिया पति मुन्ना राम, सुरेंद्र सहित काफी संख्या में लोग थे।

विधायक ने मृतक के परिजनों को किया सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता

केतार। प्रखंड क्षेत्र के बिजडीह गांव निवासी बाल्मिकी ठाकुर, चांदडीह निवासी मृतक घुटूरन चौधरी, सिंहपुर निवासी, मृतक बालकेश्वर सिंह के घर पहुंचकर विधायक अनंत प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों को इस दुःख की घड़ी से उबरने के लिए ढांढस बढाया। मौके पर विधायक ने सभी मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को सहयोग दिया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। साथ ही बीजडीह निवासी बाल्मिकी ठाकुर की 17 वर्षीय पुत्री की हत्यारा को शीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी को दिया। वहीं बिजडीह निवासी बीरन चौधरी के घर विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी पहुंचकर उनके बीमारी की स्थिति के बारे में परिजनों से जाना। बीरन चौधरी काफी दिनों से बीमार थे। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहने के कारण बेहतर इलाज नहीं हो पा रहा था। उन्होंने परिजनों को शीघ्र रांची रिम्स

मानवेंद्र प्रताप देव ने दो सौ गरीब और असहायों के बीच कंबल का वितरण किया

श्री बंशीधर नगर। विधायक अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा ने बुधवार को नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 के नयाखाड़ एवं 6 के जंगीपुर के उरांव टोले में दो सौ गरीब एवं असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। उस मौके पर मानवेंद्र प्रताप देव ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार गरीबों किसानों की सरकार है। सरकार गरीबों एवं वंचितों के लिये कई कल्याणकारी योजना चला रही है। इस मौके पर झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, झामुमो नेत्री किरण देवी, सुधीर प्रसाद, गरबांध के पूर्व मुखिया सोहन उरांव, धर्मेंद्र कुमार, वार्ड 5 के वार्ड पार्षद सामवेल तिर्की, संतोष, पूजा देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक एकेडमी स्कूल का शुभारंभ

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर खरौंधी रोड अवस्थित स्व गणेश साह के मकान में बुधवार को डॉ भीमराव अंबेडकर पब्लिक एकेडमी स्कूल का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव और शैलेंद्र यादव ने संयुक्त रूप मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया। इस अवसर पर मनोज प्रसाद यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक एकेडमी स्कूल भवनाथपुर के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई इतिहास रचेगी। इस मौके पर स्कूल के एचएम राहुल सिंह, शिक्षिका खुशी चंद्रा, अनुराग रानी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, असमुद्दीन, विजय, सलाहुद्दीन आदि उपस्थित थे।

राशन कार्ड में आधार नंबर जोड़ने की चल रही प्रक्रिया: आपूर्ति पदाधिकारी

रमकंडा। रमकंडा प्रखंड के वैसे राशन लाभुक जिनके राशन कार्ड में आधार नंबर अब तक नही जोड़ा गया है, तो वैसे लाभुक आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं। जानकारी देते हुए रमकंडा प्रखंड के अंचल पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनिल रविदास ने कहा है कि रमकंडा प्रखंड के अधीन ऐसे लाभुक उनके कार्यालय में पहुंचकर जल्द से जल्द अपने राशन कार्ड में अपना नंबर जोड़वा लें। अभी आधार नंबर जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, ताकि सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनने में कोई परेशानी न हो। इसके लिये उन्होंने वैसे लाभुकों को आधार कार्ड की छायाप्रति व राशन कार्ड की छायाप्रति को कार्यालय में जमा करने की अपील लाभुकों से की है।

खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है : एसडीओ

डार्क ब्लू टीम ने वाईसीसी टीम को पराजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के फाइनल मैच का फाइनल वाईसीसी तथा डार्क ब्लू टीम के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीत कर वाईसीसी ने डार्क ब्लू को बैटिंग के आमंत्रित किया। इसमें मुजाहिद 44 रन, आकाश 35 तथा रितिक के 49 रनों के योगदान से 230 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईसीसी की टीम 130 रन पर ही ऑल आउट हो गयी। रितिक ने 6 विकेट तथा रोहित ने एक विकेट लिए और आर्यन ने दो विकेट लिए। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

ऋतिक को मिला। मैन ऑफ द सीरीज और बेस्ट बॉलर का पुरस्कार रोहित सिंह को मिला जिन्होंने टोटल 6 मैच में 21 विकेट लिए। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार अर्पित गिरी को मिला, जिन्होंने 6 मैच में 254 रन का बनाये। बेस्ट फील्डर का अवार्ड जसवंत सिंह को दिया गया, जबकि बेस्ट विकेटकीपर आकाश को दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष औबेदुल्लाह हक अंसारी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष, आलोक मिश्रा तथा गढ़वा जिला क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र सिंह उपस्थित हुए। इस मौके पर एसडीओ श्री पांडे ने कहा कि खेल से शारीरिक तथा मानसिक हर तरह का विकास होता है। जिससे कि जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है।

आरके पब्लिक स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षाविद् देवराज तिवारी और आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन अलखनाथ पाण्डेय उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया और यह बताया कि कैसे वे अपने भविष्य के लिए सही दिशा चुन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित

किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवराज तिवारी, जो वर्तमान में गोल्ड माइंस के सीईओ और शिक्षाविद् हैं, ने कक्षा आठवीं और नौवीं के छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के करियर के बारे में मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को पहचानने और उन्हें साकार करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की सलाह दी। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि कैसे आज के समय में नए और उभरते हुए करियर विकल्पों का फायदा उठाया जा सकता है। देवराज तिवारी ने विद्यार्थियों को अपने विचार और दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने की महत्ता बतायी और यह भी बताया कि जीवन में सफलता पाने के लिए निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और सही दिशा में प्रयास करना बेहद जरूरी है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके करियर के बारे में सही मार्गदर्शन प्रदान करना था ताकि वे अपने भविष्य के लिए उचित निर्णय ले सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

शिकायतपरक होने की बजाय समाधानपरक सोचें युवा : एसडीओ

'कॉफी विद एसडीएम': एसडीएम संजय कुमार ने युवाओं के साथ किया संवाद

पुस्तकालय, व्यवसायिक प्रशिक्षण, स्थानीय रोजगार, पिंक ऑटो आदि को लेकर मिले सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बुधवार को पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित 'कॉफी विद एसडीएम' में गढ़वा क्षेत्र के युवाओं ने भाग लिया। एसडीओ संजय कुमार के आमंत्रण पर अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में आहूत इस विशेष कार्यक्रम की छठवीं कड़ी में पहुंचे युवक युवतियों ने अपनी समस्याओं के साथ-साथ गढ़वा क्षेत्र की बेहतरी को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। एसडीओ ने कहा कि युवा मस्तिष्क में ज्यादा तार्किक विचार आते हैं इसलिए वे

शिकायतों के साथ-साथ उनके समाधान के लिए भी सुझाव दें।

स्थानीय को रोजगार में मिले प्राथमिकता : कार्यक्रम में पहुंचे बीरबंधा निवासी मुबारक अंसारी ने सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। उन्होंने एसडीओ से कहा कि स्थानीय स्तर पर राजमार्ग या अन्य मार्गों, उप-मार्गों के निर्माण काम में लगी कंस्ट्रक्शन कंपनियों में छोटे स्टाफ से लेकर बड़े स्टाफ तक सभी बाहर के लोग काम कर रहे हैं, यहां के पात्र लोगों को भी इन कंपनियों में काम मिले तो बेहतर होगा।

पिंक ऑटो या पिंक बस जैसी पहल हो : लगमा निवासी बीएड की छात्रा जूही कुमारी तथा कश्मीरा खातून ने कहा कि उन्हें अपने गांव से रेहला रोड स्थित कॉलेज जाने आने में बड़ी दिक्कत होती है, ऐसी ही दिक्कत अन्य इलाकों से आने वाली उनकी दूसरी सहपाठी छात्राओं को भी होती है। दूसरे कई शहरों की तरह अगर यहां भी पिंक ऑटो या पिंक बस जैसी पहल हो तो छात्राओं एवं अन्य महिलाओं की आवाजाही सुविधाजनक होगी।

महिला स्पेशल लाइब्रेरी का सुझाव : बैठक में आई छात्राओं ने गर्ल्स स्पेशल लाइब्रेरी का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई बार को-एजुकेशन वाली लाइब्रेरी में लड़कियां आने में हिचकती हैं, यदि संभव हो तो इस प्रकार की लाइब्रेरी बनवायी जाए।

छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप करने में मिले स्थानीय सहयोग : छात्र मानस पांडेय ने सुझाव दिया कि गढ़वा के तकनीकी शिक्षा प्राप्त छात्र-छात्राओं को गढ़वा एवं उसके आसपास अवस्थित सरकारी एजेंसियों, कार्यालयों, अस्पतालों आदि में इंटर्नशिप करने के लिए प्रशासनिक सहयोग मिले तो बहुत अच्छा होगा। इस पर एसडीओ ने स्थानीय स्तर पर सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि ऐसे सभी छात्र भारत सरकार के 'माय भारत' पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन करवा लें, उससे उन्हें इंटर्नशिप में मदद मिलेगी।

उद्यमी युवाओं के लिए स्टार्टअप के बारे में विस्तार से दी जानकारी : अनुमंडल पदाधिकारी ने युवाओं के एक प्रश्न के क्रम में बताया कि जो युवा अपना नया स्टार्टअप खोलना चाहते हैं उनके लिए केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाएं हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि वे स्टार्टअप इंडिया के वेब पोर्टल में जरूर अपना पंजीकरण कर लें। किस स्कीम को लेने के लिए क्या-क्या योग्यताएं अपेक्षित है और किस प्रक्रिया को अपना कर कितना सीड फंड उपलब्ध होता है इसकी जानकारी इस पोर्टल से ले सकते हैं। एसडीएम के साथ हुए द्विपक्षीय संवाद में शुभम केसरी, रितिका केसरी, बृजेश कुमार, कश्मीरा खातून, प्रियंका, अनुप्रिया, संजना कुमारी, मानस पांडे, जूही, हरिंदर ठाकुर, मुबारक अंसारी, अहमद रजा आदि ने अपने विचार रखे।

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय सचिव ने विधायक से की मुलाकात

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित पैतृक आवास पर बुधवार को राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी सँघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय सचिव अलीहसन अंसारी ने की मुलाकात ।बुके भेंट कर उन्हें नव वर्ष की व मकर संक्रांति की बधाई दी। वहीं मुलाकात करने के बाद क्षेत्र के कई विकास कार्य के अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। जर्जर बरवाडीह - मंडल मुख्य मार्ग, प्रखंड के कुटमू स्थित आइटीआइ भवन बनकर तैयार है। लेकिन अब तक आइटीआइ की पढ़ाई शुरू नही हो सकी है। इसे लेकर विशेष चर्चा की गयी। साथ ही केचकी मे एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव करने ततहा को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने की मांग की है। इसके अलावे कई महत्वपूर्ण कार्यो को लेकर भी अवगत कराने का कार्य किया है। वही मौके पर छिपादोहर मुखिया बेरोनिका कुजुर, नसीम अहमद (एलआइसी), विजय सिंह, संतोष सिंह, अशोक कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

शांति और सौहार्द्र के साथ संपन्न चितरी घाघ मेला

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को प्रत्येक वर्ष लगने वाला प्रखंड क्षेत्र का ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला शांति व सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। वहीं मेला का आयोजन मेला समिति द्वारा आयोजित हुआ। ऐतिहासिक चितरी घाघ मेला में सनातनी श्रद्धालुओ की जनसैलाब उमड़ पड़ा। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत स्थित दक्षणी कोयल नदी तट पर मकर संक्रांति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जहां लोहरदगा के अलावे रांची, गुमला, लातेहार सहित विभिन्न जिलों से देव की आराधना के लिये काफी संख्या में श्रद्धालु भक्त आते है। जिसे श्रद्धालु गण कोयल नदी में आस्था की डुबकी लगा कर सूर्यदेव एवं भगवान भोलेनाथ का मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना करते है। वही शांति पूर्वक मेला संपन्न कराने के लिये मेला परिसर में पुलिस प्रशासन और प्रखंड प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम में किया गया था। वही प्रखंड प्रशासन के सौजन्य से मेडिकल टीम व बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किया गया था। वही मेला के लिये सुबह से ही श्रद्धालुओं की आना जाना शुरू हो गया था। जिसे श्रद्धालु भक्तों को भक्ति भाव में लीन देखा गया।

ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण शुरू

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में बुधवार से प्रखंड क्षेत्र के अरु, उगरा, अलौदी और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। वही प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर वंदना कच्छप प्रखंड समन्वयक नवलीन कौर,प्रदान संस्था के रामस्वारथ महतो द्वारा ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल को ग्राम विकास योजना निर्माण प्रक्रिया, सहजकर्ता दल के सदस्यों का कार्य,तीन दिन का ग्राम सभा और विशेष ग्राम सभा आयोजन करने के संबंध में पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से विस्तृत जानकारी दिया गया।

राहुल सिंह गिरोह के सात अपराधी गिरफ्तार

- फोरलेन निर्माण में लेवी के लिए गोलीबारी की थी
- कोई भी अपराधी लातेहार में आपराधिक घटना कर नहीं बच सकता : कुमार गौरव

आजाद सिपाही संवाददाता

लातेहार। लातेहार के चंदवा प्रखंड में एनएचएआइ में हुए फायरिंग को लेकर लातेहार पुलिस ने किया त्वरित कार्रवाई। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह के कुछ साथी चंदवा के चिरो मोड़ के पास स्थित यात्री शेड में बैठकर कुख्यात अपराधकर्मी राहुल सिंह, सा० चेटर के इशारे पर जान मारने का भय दिखाकर रंगदारी मांगने से संबंधित किसी बड़ी संगठित अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। ये लोग पिछले दिनों लटदाग पन्नाटांड़ के पास बर्बरीक कंस्ट्रक्शन फोर लेन के द्वारा लकड़ी डिपो के पास चल रहे कार्य पर रंगदारी के लिए गोली चलाये थे। परंतु रंगदारी की मांग करने के बावजूद इन्हें रंगदारी नहीं मिली है। इसी कारण ये लोग पुनः संगठित अपराध की योजना बनाकर उसी जगह बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। रंगदारी लेने की योजना बनाने की सूचना पर अरविन्द कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा तत्परता एवं स्फूर्ति के साथ छापामारी कर राहुल सिंह संगठन के अपराधियों को हथियार के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया।

गिरफ्तार अपराधियों में जगदीश सिंह, बबलु सिंह, मनोज सिंह, रॉकी कुमार साव, दीपक कुमार सिंह, अशोक लोहरा, गणेश यादव के नाम शामिल हैं। छापेमारी में 7.65 एमएम का एक देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का दो जिंदा गोली, मोबाइल फोन 05 नग, और एक बाइक बरामद किया गया।

छापेमारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं बल

अरविंद कुमार, अनुंडल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार। पुनि रणधीर कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, चंदवा थाना। पुअनि श्रवण कुमार, चंदवा थाना, सअनि सरोज कुमार सिंह, चंदवा थाना, सअनि कुमार छत्रपाल, चंदवा थाना। सशस्त्र बल, सैट 44, चंदवा थाना शामिल थे।

अमर शहीद पांडेय गणपत राय स्मारक समिति की बैठक

भंडरा (आजाद सिपाही)। अमर शहीद पांडेय गणपत राय के पैतृक गांव भौंरो में स्मारक समिति की बैठक हुई। जिसमें आगामी 17 जनवरी को शहीद पांडेय गणपत राय की जयंती समारोह भव्यता के साथ मनाने पर चर्चा हुई। स्मारक समिति की अध्यक्ष डॉ. वंदना राय ने स्मारक समिति से जुड़े सदस्यों से कहा कि शहीद पांडेय गणपत राय की 215 वीं जयंती धूम-धाम से मनाई जाएगी। शहीद पांडे गणपत राय की जयंती हर वर्ष धूमधाम से मनाना है, पर इस वर्ष यह लोगों के लिए यादगार रहेगा। वंदना राय ने कहा कि इसमें सबकी भूमिका होनी चाहिए। सभी के सहयोग से ही जयंती समारोह को सफल बना सकते हैं। उन्होंने बताया की आगामी 17 जनवरी को आयोजित जयंती समारोह मे कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, स्थानीय विधायक सह मंत्री चमरा लिंडा, सहित कई अन्य अतिथि कार्यक्रम मे भाग लेकर शहीद को श्रद्धांजलि देंगे. बैठक में शामिल स्थानीय ग्रामीणों व शहीद स्मारक समिति के सदस्यों ने अपने-अपने बातों को रखा। बैठक में मुखिया सुमन्ति तिग्गा, जगजीवन उरांव, अख्तर अंसारी,प्रकाश प्रजापति,लालदेव प्रजापति,हुमान साहू, सुभाष साहू, उमेश प्रजापति, ईश्वर साहू, परमानंद प्रजापति सहित ग्रामीण मौजूद थे।

लोहरदगा के दो मध्यस्थों को सर्वोच्च न्यायालय ने दिया विशेष प्रमाण पत्र

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के दो मध्यस्थ हेमंत कुमार सिन्हा और मो नसीम अंसारी को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मध्यस्थता को लेकर विशेष प्रमाण पत्र दिया गया है। वहीं बुधवार को दोनों मध्यस्थ को सर्वोच्च न्यायाल के वरिष्ठ न्यायाधीश सह अध्यक्ष भारतीय सर्वोच्च न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति जस्टिस बीआर गवाई द्वारा हस्ताक्षरित विशेष प्रमाण पत्र को पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के हाथों प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र दोनों मध्यस्थों द्वारा मध्यस्थता को लेकर विशेष कार्य करने हेतु प्रदान गया है। वर्तमान में हेमंत कुमार सिन्हा अधिवक्ता सह वरिष्ठ मध्यस्थ के रूप में व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में कार्यरत हैं। वहीं नसीम अंसारी पूर्व में मध्यस्थ थे, किन्तु वर्तमान में एलएडीसी चीफ के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा में अपना योगदान दे रहे हैं। वहीं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष ने मध्यस्थ सह अधिवक्ता हेमंत कुमार सिन्हा और एलएडीसी चीफ नसीम अंसारी को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

वनवासी कल्याण केंद्र ने दान ग्रहण के लिए स्टॉल लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड के लोहरदगा नगर समिति तथा नगर महिला समिति के द्वारा मकर संक्रांति पर हिंदू समाज के दान पुण्य करने का परंपरा को निर्वहन करते हुए वनवासी कल्याण केंद्र के प्रकल्प तथा जरूरतमंद लोगों के लिए दान ग्रहण हेतु वस्तु संग्रह का स्टॉल लगाया गया। लोहरदगा नगर महिला समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती रीता अग्रवाल जी का आवास के सम्मुख में लगाया गया है। नगर के दानदाताओं तथा वनवासी कल्याण केंद्र के शुभचिंतकों के द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए दान नहीं दायित्व की भावना से वस्तु एकत्रित किये हैं जिसमें चावल, कंबल, स्वेटर, पानी के लिए फिल्टर, ग्लास तथा अन्य आवश्यक सामग्री स्टॉल में एकत्रित किये हैं। स्टॉल का उद्घाटन करने में नगर समिति के अध्यक्ष अरुण राम, उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, जिला समिति के सदस्य विनोद राय, वनवासी कल्याण केंद्र के सक्रिय शुभचिंतक नवल अग्रवाल, सक्रिय कार्यकर्ता तथा शुभचिंतक अनिल अग्रवाल, नगर महिला समिति के अध्यक्ष सुमन राय, उपाध्यक्ष रीता अग्रवाल, सचिव संगीता मित्तल, सहसचिव लक्ष्मी गोयल, शीतल कर्मकार, कनक अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, शहर के प्रतिष्ठित पत्रकार दीपक मुखर्जी सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा समिति ने फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करवाया

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। एक ओर जहां पूरे देश में करीब 178000 लोगों की दर्दनाक मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो रही है। जिसमें 18 से 35 वर्ष उम्र के 65% लोग हैं जो बहुत पीड़ा जनक है। वही लोहरदगा जिले में भी आए दिन सड़क दुर्घटना से लोगों की जान माल की क्षति हो रही है तथा कई परिवार उजड़ भी जा रहे हैं। इसके लिए स्वयं को भी जगना पड़ेगा। ड्रंक एंड ड्राइव, हेलमेट- सीट बेल्ट पहनने,घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचकर नेक नागरिक का परिचय देने,ओवर स्पीडिंग, ट्रिपल राइड, रफ ड्राइविंग, नाबालिक चालक, एंबुलेंस दमकल वाहन को साइड देने, सदैव बांई और चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल से परहेज करने, इंडिकेटर का उपयोग करने आदि रोड सेफ्टी रूल्स को आमजनों व विशेष कर युवाओं के बीच लाने हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा विद्यार्थियों से प्रभात रैली, नुक्कड़ नाटक, पंपलेट वितरण आदि कई कार्यक्रम चल रहे हैं। वहीं इसी कड़ी में कुडू के ग्राम टाकू के मैदान में तथा जंगबाज क्लब के सहयोग से जूनियर व सीनियर फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कराया गया। जिसमें लोहरदगा के साथ रांची के भी टीमों ने हिस्सा लिया।

ट्रक की चपेट में आने से दो युवक घायल

सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर गौसिया मस्जिद समीप स्थित होटल के पास अज्ञात ट्रक की चपेट में आने से बूटी ग्राम निवासी सुशील उरांव और अनिल उरांव दोनों युवक घायल हो गये। घायल युवकों को सेन्हा थाना पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया गया। वही ट्रक की चपेट में आने से अनिल उरांव को हल्की चोटें लगी है जबकी सुशील उरांव को का स्थिति गंभीर था। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि खाली बॉक्साइट ट्रक और मोटरसाइकिल संख्या जे एच 08 इ 6857 में सवार सुशील उरांव एवं अनिल उरांव एक ही दिशा से लोहरदगा की ओर से कंडरा के तरफ जा रहे थे। तभी मोटर साइकिल सवार युवकों ने ट्रक के पीछे धक्का मार दिया। वही सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस घायल दोनों युवकों को सदर अस्पताल भेज दिया।

कोल्हान की खबरें

स्क्रैप चोरी पर रोक और विधि-व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के औद्योगिक क्षेत्र में छोटी बड़ी कंपनियों से स्क्रैप चोरी के मामला व विधि- व्यवस्था संधारण को लेकर जिला प्रशासन गंभीर हैं। बुधवार को गम्हरिया प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी कुमार रजत ने तमाम प्रशासनिक अधिकारी व कंपनियों के प्रतिनिधि के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट के स्क्रैप यार्ड से हुई चोरी और खूनी संघर्ष को लेकर चर्चा की गयी। मौके पर टाटा स्टील के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने स्क्रैप चोरी के मामले में जिला प्रशासन को शिकायत करने की जानकारी दी। बैठक में इसको लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर एसडीओ सदानंद महतो ने बताया कई बिंदुओं पर चर्चा हुई है। आदित्यपुर, गम्हरिया, कांड्रा एवं सरायकेला क्षेत्र में अवैध गतिविधियों एवं अवैध स्क्रैप टालो पर चोरी के मामले में रोक लगाने के निर्देश दिया गया।

गांव के खिलाड़ी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का करें प्रयास : महाबीर मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड में मकर संक्रांति के दूसरे दिन आखान यात्रा के दिन को शुभ मानते है। आखान यात्रा के अवसर पर किक लाइफ क्लब लाकडाखोंदा खेड़वा के द्वारा 20 वे फुटबॉल प्रतियोगिता व संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में कुल 16 टीम भाग लिया।बुधवार को एक दिवसीय प्रतियोगिता एवं संस्कृति कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झामुमों नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। मौके पर ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से ढोल नगाड़े के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। बुधवार को फाइनल मैच बेवफा एफटी बनाम टूरिस्ट

के बीच खेला गया। मौके पर मुख्य अथिति के द्वारा दोनों टीम के साथ परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। खेल की समाप्ति में दोनों टीम बराबरी पर रही। दोनों टीम को 5झ5 पेनल्टी शॉर्ट का मौका दिया गया। जिसमें बेवफा एफटी विजय हुए।वही मुख्य अतिथि महाबीर मुर्मू के द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।मौके पर उन्होंने कहां झारखंड के खिलाडियों का राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता सहित अन्य खेलों में काफी योगदान रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति युवाओ का काफी लगाव है।हर गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होता है।उन्होंने गाँव के खिलाड़ी को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनाने का प्रयास करने की अपील की। मौके विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, जिला परिषद् प्रदीप बेसरा, कालीपदो महतो, दुर्गा प्रसाद हांसदा, करण कालिंदी,मनोज तांती सुनील मंडी,पदो मुर्मू,सुशील बेसरा, दुलुनाथ टुडू सहित क्लब के पदाधिकारी व सैकड़ो सदस्य उपस्थित रहे।

एनआइटी मोड़ से रेलवे ओवरब्रिज तक जिला प्रशासन का अतिक्रमण हटाओ अभियान आज

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के औद्योगिक क्षेत्र में आने जाने वालों भारी बहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही सड़क दुर्घटनाएं होने की भी संभावनाएं बनी रहती है। बुधवार को सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो ने अतिक्रमण अभियान चलाने का निर्देश जारी कर दी। इसके लिए दंडाधिकारी एवं पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी। चिन्हित स्थल में एनआइटी मोड़ से रेलवे ओवर ब्रिज तक आगामी 16 जनवरी को दंडाधिकारी अश्वनी कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया। वही सीतारामपुर बांध की ओर जाने वाली सड़क किनारे स्थित मेसर्स पम्मी धर्म कांटा की नियर थर्ड फैज तक 17 जनवरी को दंडाधिकारी योगेन मार्डी और षष्ठम चरण को प्रतिनियुक्ति किया गया। एंट्री पॉइंट सुधा डायरी के डबल रोड से लेकर जेएसइब सब स्टेशन होते हुए वास्को नगर के समीप स्थित इकाई एसके लॉजिस्टिक्स तक 20 जनवरी को दंडाधिकारी सन्नी तिर्की सहायक विकास पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त किया गया।

कुडू थाना प्रभारी बने मनोज कुमार

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने कुडू बस स्टैंड में हुई गोली कांड के बाद कुडू थाना प्रभारी अजीम अंसारी को हटा दिया है। अब कुडू के नए थाना प्रभारी का दायित्व मनोज कुमार को दिया गया है।

टाटा स्टील का इंटर-डिवीजनल मेंस हैंडबॉल टूर्नामेंट संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जीआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के द्वारा तीन दिवसीय इंटर डिवीजनल मेंस हैंडबॉल टूनार्मेंट का बुधवार को सफलतापूर्वक समापन होगया। मौके पर मुख्यअथिति टाटा स्टील कोक प्लांट के हेड असिम कुमार चौधरी शामिल हुए। तीन दिवसीय टूर्नामेंट में टाटा स्टील के 16 इकाइयों से 180 खिलाड़ियों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। स्टील मैन्युफैक्चरिंग की टीम ने बेहतरीन कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं शेयर्ड सर्विसेज की टीम ने शानदार खेल दिखाकर उपविजेता का स्थान हासिल किया। वेस्ट बोकारो ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब जीता। मौके पर अतिथियों के द्वारा विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।टूनामेंट में टाटा स्टील के द्वारा खेल के प्रति प्रोत्साहित करने,अपने कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग व सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता देखने को मिली। टूनामेंट में न केवल कर्मचारियों को हैंडबॉल में कौशल दिखाने का अवसर प्रदान किया गया बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को भी प्रोत्साहित किया गया।

एसडीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। लौहनगरी जमशेदपुर के जुबली पार्क के सामने मुख्य सड़क के दोनो किनारे प्रति दिन शाम होते ही सड़क से गुजरना काफी मुश्किल होने लगी है।प्रत्येक दिन मुख सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न होने से आम लोगों को भी आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हालांकि इसके लिए बीते कई दिनों से पूर्वी सिंहभूम जिले के धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने कार व वाहन चालकों को सड़क से हटाकर सुरक्षित जगह में वाहन लगाने की चेतावनी दी है। बुधवार शाम सड़क किनारे सैकड़ो वाहनों की लंबी कतार लगने की सूचना पर धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने अधिकारियों के साथ कार्रवाई की। उन्होंने कहा मुख्य सड़क किनारे फुटपाथ दुकान में आने जाने वाले लोग जहा तहां वाहन खड़ी करते है। इससे सड़क जाम की स्थिति बनती है। इसके लिए कई बार चेतावनी भी दी गई फाइन भी काटा गया। लगता लोगों के पास 650 फाइन देने के लिए कोई दिक्कतें नही है। उन्होंने कहा फिलहाल दुकानदारों के साथ एक बैठक कर गाड़ी सुरक्षित जगह में लगाने का निर्देश दिया जाएगा। अन्यथा इसके दुकान के सामने सड़क पर गाड़ी पाए जाने पर दुकान बंद करा दिया जाएगा।उन्होंने आगे कहा इसके बाद भी अगर सड़क पर गाड़ी खड़ी होती है तो गाड़ी का हवा भी खोला जाएगा और थाना में फाइन देकर गाड़ी लेना पड़ेगा।

चैंबर अध्यक्ष ने चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। पूर्व चेंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के ज्योति संघ परिसर स्थित दुकान में चोरी की घटना पर नवनिर्वाचित चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जब सूचना मिली कि रात में चोरी हुई है चैंबर अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने सूचना मिलते ही अपने चेम्बर के साथियों को लेकर घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होनें थाना में संपर्क करके जांच करने व त्वरित कार्यवाही करने की मांग की और कहा के चोरी की घटना फिर से बढ़ने लगी है। अतः इसपर अंकुश लगाया जाये। इसपर थाना प्रभारी के तरफ से साकारात्मक जवाब दिया गया और शीघ्र ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन मिला। मौके पर चेम्बर अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, मुन्नीलाल साहू, विकास कुमार सिंह, मोहम्मद इम्तियाज, अभिजीत जायसवाल लालचंद फोगला, मांगीलाल अग्रवाल, गोकुल कुमार, दिनेश अग्रवाल, चिंटू आदि उपस्थित थे।

धारित खनन पट्टा और क्रशर प्लांट क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण

एसडीओ की अपील, अवैध खनन की जानकारी प्रशासन को दें

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। अवैध खनन की रोकथाम एवं इसकी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कार्रवाई लगातार जारी है। उपायुक्त के आदेश पर बुधवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) द्वारा भरनो प्रखंड के करौंदा जोर मौजा में धारित खनन पट्टा क्षेत्रों एवं क्रशर प्लांट क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनन पट्टाधारियों द्वारा नियमों के अनुपालन, खनन गतिविधियों की वैधता एवं पर्यावरणीय प्रावधानों की स्थिति का गहन निरीक्षण किया गया। टीम ने मौके पर मौजूद दस्तावेजों की जांच की और अनियमितताओं पर कड़ी निगरानी रखी।

यह अभियान जिला प्रशासन की यह प्राथमिकता दर्शाता है कि अवैध खनन जैसी गतिविधियों पर पूरी सख्ती बरती जायेगी। निरीक्षण कार्य अभी भी जारी है और किसी भी अनियमितता की पुष्टि होने पर संबंधित व्यक्तियों/ संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अवैध खनन गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को उपलब्ध करायें। आपसी सहयोग से इस दिशा में एक स्वच्छ एवं कानूनसम्मत वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य रूप से अंचल अधिकारी भरनो, जिला खनन पदाधिकारी गुमला सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

जिला मत्स्य कार्यालय ने किसानों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नगर भवन, गुमला में जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गुमला जिले के मत्स्य कृषकों को एक मंच पर लाकर मत्स्य पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाने हेतु प्रेरित करना तथा उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाना था।

कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने किया। उन्होंने मत्स्य कृषकों को संबोधित करते हुए मछली पालन को स्वरोजगार का महत्वपूर्ण साधन बताते हुए इसके माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कुसुम लता ने जानकारी दी कि गुमला जिले के 6800 मत्स्य कृषकों को दुर्घटना बीमा योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों जैसे बॉयोफ्लॉक टैंक, ग्रो आउट तालाब, और आरएएस तकनीक का उपयोग कर जलक्षेत्रों में मछली उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में नवाचारों को लागू करते हुए धनसिंह, मसरिया, और अपरशंख जलाशयों में कुल 68 केज अधिष्ठापन कर विस्थापित परिवारों को रोजगार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, मसरिया जलाशय में आइसीएआर-सीआइएफआरआइ के साथ संयुक्त प्रयास से महाझींगा बीज का संचयन किया गया।

जिला में आत्मनिर्भरता बढ़ाने हेतु तीन लघु फिश फीड मिलों की स्थापना की गयी है, जिससे अब मत्स्य कृषकों को बाहर से चारा मंगाने की आवश्यकता नहीं होगी।

कार्यशाला में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, उप मत्स्य निदेशक अमरेन्द्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी माधुरी बेक एवं अन्य अधिकारियों के साथ जिले के प्रमुख मत्स्य कृषक उपस्थित रहे। कार्यशाला ने मत्स्य कृषकों को आधुनिक पद्धतियों और योजनाओं के माध्यम से अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया।

जूस पिलाकर नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म, कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ एक युवक द्वारा रॉन्ग नम्बर में भाई बहन का रिश्ता कायम करने के बाद उसे झांसे में लेकर पढ़ाई व यू ट्यूब चैनल में काम दिलाने के बहाने रांची ले जाकर जूस में नशीली दवा पिलाकर अश्लील वीडियो बनाने शारीरिक शोषण किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पीड़िता ने मंगलवार को परिजनों के साथ सदर थाना पहुच कर लोहरदगा जिला के बसार टोली निवासी 21 वर्षीय राहुल प्रजापति व उसके पिता रामकिशोर प्रजापति के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर आवेदन मिलने के बाद पुलिस मामले की गंभीरता को लेकर कार्रवाई में जुट गयी है। थाना में दिये आवेदन में पीड़िता ने कहा है कि जब वह दसवीं क्लास में पढ़ाई कर रही थी। तब उसका ऑनलाइन क्लास चल रहा था। वह अपनी मां के मोबाइल पर ऑनलाइन क्लास करती थी। ऑनलाइन क्लास के दौरान उसके पास एक रांग नम्बर से फोन आया। उसने अपना नाम राहुल प्रजापति बताया। इसके बाद वह बहन बोलकर बातचीत शुरू किया। बाद में ठग फुसलाकर आरोपी ने उसे यू ट्यूब चैनल चीकू मोटो में काम करने और रांची में होस्टल में रहकर पढ़ाई करने का प्रलोभन दिया। इसके बाद उसे काम दिलाने के बहाने गुमला से रांची ले गया। साथ ही 4 मार्च 2024 को एक होस्टल में रख दिया। साथ ही उससे संपर्क बढ़ाने के लिए एक मोबाइल व सिम दिया। इसके बाद उक्त होस्टल से निकाल कर कुछ दिनों बाद उसे किराये के कमरे में ले गया। उक्त किराये के कमरे को नाबालिग को पत्नी बताकर लिया। किराये के मकान में ही उसे जूस में कोई नशीली दवा मिलाकर पिला दिया। इसके बाद उसका शारीरिक शोषण किया। साथ ही वीडीयो बनाकर उसे ब्लॉग में डालने की बात कहकर ब्लैकमेल करने लगा। साथ ही घर वालो को जानकारी दिये जाने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। उसके छोटे भाई को जान से मार देने की धमकी दी। जब वीडियो डिलीट करने का प्रयास की तो आरोपी द्वारा उसकी जमकर पिटाई की गयी। जिसके कारण वह भयभीत हो गयी और वह जो कहता था वह करती गयी। ब्लैकमेल कर उससे यू ट्यूब चीकू मोटो पर चार वीडियो बनवाया। विरोध करने पर उसका जान लेने का प्रयास किया। यह घटना 3 जून 2024 का है। इस काम मे आरोपी के पिता ने भी साथ दिया। तभी इसी बीच वह जान बचाकर उनके चंगुल से भाग निकली और घटना की जानकारी परिजनों को दी। तब परिजन उनका साथ देकर इंसाफ की मांग करने थाना पहुंचे।

एनसीसी कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट कर्नल को भेंट किया आर्मी डे ग्रीटिंग कार्ड्स

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पीबी शर्मा को 'आर्मी डे ग्रीटिंग कार्ड्स' भेंट किया। कमान अधिकारी ने कैडेट्स के द्वारा बनाये गये कार्डस की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां न सिर्फ. बच्चों की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं बल्कि उनके देश भक्ति के जज्बे को भी दर्शाती हैं। इस एक एक्टिविटी से पता चलता है कि आप राष्ट्र के प्रति कितने ज्यादा चिंतनशील हैं। उन्होंने कैडेटों को जानकारी दी कि आज 15 जनवरी को इंडियन आर्मी 77वां सेना दिवस मना रही है। इस दिवस को मनाने के पीछे की वजह यह है कि 15 जनवरी, 1949 को फील्ड मार्शल केएम करियप्पा आजाद भारत के पहले कमांडर-इन-चीफ बने। करीब 200 साल के ब्रिटिश राज के बाद पहली बार किसी भारतीय को इंडियन आर्मी की कमान सौंपी गयी थी। उनके भारतीय थल सेना के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में हर साल यह दिन मनाया जाता है। सीनियर विंग कैडेट ताशा झा, जूनियर डिविजन कैडेट आर्यन कुमार सिंह, जूनियर विंग कैडेट लक्ष्मी कुमारी, नूपुर कुमारी ने काफी सुंदर पोस्टर एवं ग्रीटिंग कार्ड के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

मुर्गू मोड़ के पास ऑटो पलटने से 14 लोग घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्गू मोड में ऑटो के पलटने से ऑटो में सवार 14 लोग घायल हो गये। सभी घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल बर गांव सिसई निवासी सपना देवी को मंगलवार की रात 9 बजे रिम्स रेफर कर दिया गया। उसके शरीर में अंदरूनी चोट लगी थी और वह ऑटो के नीचे दब गयी थी। वही बरगांव सिसई निवासी अनुज कुमार, रुपेश कुमार, मनोज कुमार और पोको देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बर गांव सिसई से एक ऑटो में सवार होकर एक ही परिवार के 14 लोग नागफेनी में आयोजित मकर संक्रांति में लगने वाला मेला देखने आये थे। मेला देखने के बाद मंगलवार की देर शाम अपने गांव वापस लौट रहे थे। तभी मुर्गू मोड में सामने से आ रहे एक ऑटो के अचानक मोड़ने से अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। घटना में ऑटो में सवार महिला बच्चे व पुरुष घायल हो गये। घटना में चार घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला को डॉक्टर ने इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया।

विद्यार्थियों ने थल सेना दिवस पर सैनिकों को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। थल सेना दिवस पर डाक विभाग गुमला ने डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में पत्र लेखन अभियान चलाया। जिसमें 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि विद्यार्थियों ने वीर जवानों के त्याग, समर्पण एवं बलिदान को नमन करते हुए उन्हें पत्र लिखकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। सेना दिवस पर हम अपने सैन्य कर्मियों के असाधारण साहस, अटूट प्रतिबद्धता और बलिदान का सम्मान करते हैं। हमारे राष्ट्र की रक्षा करने और हमारी संप्रभुता को बनाये रखने में उनका अथक समर्पण उनकी बहादुरी का प्रमाण है। सुपरवाइजरी हेड श्री पवित्र कुमार मोहंती ने कहा कि हमारी सेना ने युद्ध ही नहीं बल्कि प्राकृतिक आपदाओं से भी मानव एवं मानवता की रक्षा की है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका संजुक्ता खटुआ एवं अभिजीत झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

स्वास्थ्य सहिया ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा के सभागार में स्वास्थ्य सहिया की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिटिटी सीमा देवी, बबिता देवी, पारस साहू ने सहिया एप पर कार्य करने, सहिया एप अपडेट करने की जानकारी दी। साथ ही सहिया डायरी,एमसी कैलेंडर, सर्वे डायरी बनाने की जानकारी दिया। साथ ही चल रहे 100 दिवसीय टीवी सर्वे पर चिन्हित मरीजों का जांच करने हेतु अस्पताल भेजने उनके संपर्क में आने वाले परिवार को भी चिन्हित कर अस्पताल भेजना की बात कहीं। इसके साथ ही एचबीएनसी एचबीवाइसी भ्रमण पर रिपोर्ट बनाने की जानकारी दी। मौके पर संजयोती देवी, मीना तिर्की, पूनम देवी, अनीता देवी, जानकी देवी, संगीता देवी, सुमित्रा उरांव सहित कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थी।

ब्राउन शुगर खरीद बिक्री मामले में एक दर्जन लोग हिरासत में

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत खोरा निवासी सूरज नामक एक युवक को पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ हिरासत में लिया है। उसके साथ एक दर्जन और लोगों को भी पुलिस ने पकड़ा है वही उनसे पूछताछ की जा रही है घटना मंगलवार की शाम 6:00 बजे की है। पुलिस के वरीय पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली कि खोरा गांव में ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की जा रही है तत्काल छापामारी टीम का गठन करते हुए कार्रवाई की गयी जहां खरीद बिक्री में शामिल खोरा और पतरा टोली निवासी एक दर्जन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वही उनके पास से भारी मात्रा में ब्राउन शुगर भी बरामद किया है।

दो वर्ष पहले पूर्ण कार्यों का वर्तमान में विभाग से जांच करना न्यायोचित नहीं : संतोष गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। दो साल पूर्व पूर्ण कर लिए गये कार्यों की जांच आज कराना केवल संवेदकों को परेशान करना है। ये कहीं से भी न्यायोचित नहीं है। क्योंकि जिन कार्यों को दो तीन वर्षो पूर्व पूरा किया गया हो, वो इतने सालों बाद नयी जैसी स्थिति में नहीं मिल सकते। उक्त बातें जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता गुड्डू ने आयजित बैठक में कही। जिला संवेदक संघ के कार्यकारिणी व पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को इंडोर स्टेडियम में हुई। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य दो वर्ष पूर्व कर दिया गया था। और सभी प्रकार की जांचों उपरांत विभागीय कार्य पूर्ण किया जा चुका है। परंतु दो वर्ष बाद भी संवेदक का पेमेंट नहीं हुआ है। जबकि पुस्तकालय सुचारू रूप से चल रहा है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे है। इस प्रकार से संवेदकों को परेशान करना किसी भी प्रकार से सही नहीं है। संवेदक संघ इस रवैये का कड़ा विरोध करता है। ऐसीए मद एवं उप स्वास्थ्य केंद्र का भुगतान आज तक नहीं हो पाना भी काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। संवेदक पर किसी भी प्रकार की प्रताड़ना संघ बर्दाश्त नहीं करेंगा। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से संवेदक संजय बड़ाइक के इलाज हेतु आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया गया। वहीं सेवेदकों ने मांग की है कि विभाग द्वारा किसी भी कार्य में पहले स्थान का चयन कर कागजी प्रक्रिया के बाद संविदा निकाले।

मोंटेसरी पैराडाइस एकेडमी घाघरा में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। मोंटेसरी पैराडाइस एकेडमी घाघरा में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। इस अनोखे आयोजन मे छोटे छोटे बच्चो ने भाग लिया और अपनी पतंग उड़ाने की कला का प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक संजय भगत ने कहा पतंग उड़ाना न केवल एक मनोरंजक गतिविधि है बल्कि यह बच्चों के मनोबल, ध्यान और समन्वय को भी विकसित करता है। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल का मैदान रंग-बिरंगी पतंगों से सजा हुआ नजर आया। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए अलग-अलग डिजाइन की पतंगें उड़ायी। इस दौरान बेहतर पतंगबाज को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से संजय भगत, सुशीला भगत, मनीष उरांव, संदीप उरांव, विनय सिंह, नवीन भगत, शिल्पी कुमारी, सूरजमुनि कुमारी, शुक्रमुनी देवी व लक्ष्मी तिग्गा सहित कई लोग मौजूद थे।

कांग्रेस भवन के लिए रखी गयी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। कांग्रेस भवन परिसर एस एस हाई स्कूल रोड गुमला में कांग्रेस पार्टी के कार्यालय भवन के लिए भूमि पूजन किया गया। यह भूमि पूजन कार्यक्रम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के निदेर्शानुसार गुमला जिला कांग्रेस पार्टी के जिला अध्य्क्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में हुआ। वरिष्ठ कांग्रेसी बाबर मियां ने कार्यक्रम संरक्षक की भूमिका निभायी। भूमि पूजन के बाद कार्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। जिलाध्यक्ष चैतू उरांव ने बताया कि आज ही के दिन कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान कार्यालय का उदघाटन दिल्ली में किया गया। इसलिए इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाने के लिए बुधवार को गुमला में कांग्रेस पार्टी का कार्यालय हेतु नये भवन निर्माण का शिलान्यास रखा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से फिरोज आलम, विष्णु राम, अल्बर्ट तिग्गा, तरुण गोप, संतोष गुप्ता, मनीष कुमार, आफताब आलम लाडले, खुर्शीद आलम, मिनहाज खान, विकास गुप्ता, अल्बर्ट तिग्गा, राजेश टोप्पो, विकास साहू, अमित साहू, मो खलील अशरफी, बैबुल अंसारी, अजहर अली, ज्योति कूजूर, अशीष नाथ साहदेव, मनीष हिंदूस्तान, संतोष कुमार गुप्ता, अमित केरकेट्टा, स्माइल कूजूर, विष्णु राम, अखिलेश राम, तरुण गोप, निरंजन अनूग्रह खलखो, ज्ञान प्रकाश लोहरा, मुख्तार आलम, रतन कुमार केसरी, ख्रीस्टीना तिर्की, इकरामउल हक क्रिस्टीना टोप्पो, ललिता देवी आदि शामिल थे।

19 को गुमला आयेंगे चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप

गुमला (आजाद सिपाही)। प्रसिद्ध चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 19 जनवरी दिन रविवार को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मरीजों को देखेंगे। इस दौरान चर्म, थायरॉड एवं कुष्ठ रोग से संबंधित रोगियों की जांच व उनका इलाज किया जायेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

जिलिंगसीरा में ग्रामीणों ने सड़क-पुल बनवाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के जिलिंगसीरा गांव में ग्रामीणों ने सड़क और पुल बनवाने का मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया कि घाघरा नेतरहाट मुख्य पथ से जिलिंग सीरा गांव जाने के लिए रस्ता है। लेकिन आज तक उक्त पथ को नहीं बनाया गया है। जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खासकर मरीज और गर्भवती महिलाओं को प्रखंड तक ले जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त गांव में एक पुल बना था जो बरसात के दिनों में पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जिसके कारण 108 एंबुलेंस भी उक्त गांव में नहीं जा पता है। लोग जान जोखिम में डालकर पुल से पार होते हैं। वहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सड़क और पुल नहीं होने के कारण मतदान नहीं करने का ग्रामीणों द्वारा मन बनाया गया था। इसके बाद प्रखंड प्रशासन द्वारा पहल की गयी और मतदान किया गया। आश्वासन मिला था कि जल्द ही उक्त पुल और सड़क का कार्य कराया जायेगा। लेकिन अब तक किसी भी तरह की कोई पहल नहीं की गयी। जिससे हम सभी ग्रामीणों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त गुमला से जल्द से जल्द उक्त पुल और सड़क को बनवाने का मांग किया है। ताकि लोगों का आवागमन बेहतर सुगम हो सके।

हुसैनाबाद में पूर्व सैनिकों ने मनाया 77 वां सेना दिवस, शहीदों को किया नमन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व सैनिक सेवा परिषद् कार्यालय में बुधवार को भारतीय सेना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद और संचालन पूर्व सैनिक सुधीर कुमार सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी एसडीओ गोरांग महतो के अलावा बीडीओ सुनील वर्मा एवं कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह रहे। सेना दिवस की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान शहीद वीरों को याद किया गया। इस अवसर पर हुसैनाबाद बालिका उच्च विद्यालय, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बून पब्लिक स्कूल और दक्ष पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक डॉ संजय सिंह ने कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक मिलकर हुसैनाबाद के युवाओं को भारतीय सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन कर रहे हैं। नवजवानों के भविष्य को संवारने में हमारा संगठन सार्थक सहयोग कर रहा है। वहीं, गोरांग महतो ने शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व सैनिकों को धन्यवाद दिया और स्वीकार किया कि हुसैनाबाद में पूर्व सैनिक सेवा परिषद सभी वर्ग के कल्याण का काम कर रही है। इसलिए पूर्व सैनिक सेवा परिषद् को हर संभव मदद करने और 26 जनवरी को छात्र-छात्राओं के लिए अनुमंडलीय स्तरिय प्रतियोगिता कराने का भरोसा दिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष पूर्व कैप्टन दुखन सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम सिंह, आरसी मेहता, सत्येंद्र ठाकुर, अशरफी पाल, यदुनंदन ठाकुर, गौरी शंकर ठाकुर, प्रसाद सिंह, बिगन चौधरी, लल्लू पासवान, दिलीप मेहता, रामटहल मेहता, प्रेमलता कुंवर, मनोरमा कुंवर आदि उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को जल यात्रा के साथ हुआ। मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला से वैदिक मंत्रोचारण के साथ कलश यात्रा निकली गई। जिसका नेतृत्व भाजपा नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, यजमान चंदन कुमार सिंह व अजीत सिंह ने किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल महिला-पुरुष ने नगर भ्रमण किया। इसके बाद देवरी स्थित सोन नदी घाट तक गए। सोन नदी घाट से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी की गई। जलभरी के बाद पुनः यज्ञशाला पहुंचे। कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ की शुरूआत हो गई है। कलश यात्रा में पूर्व मुखिया राम प्रवेश सिंह, मिथिलेश पाठक, संयोजक सूर्या सिंह, अध्यक्ष प्रकाश लाल अग्रवाल, चंदन सिंह, पवन अग्रवाल, रतन लाल, प्रिंस शर्मा, राम प्रवेश सिंह, रणजीत पासवान, संजय सिंह, रामराज मेहता, विमलेश सिंह, अजय गुप्ता, मनु सिंह, विनय पासवान, सुधीर सिंह, बलराम मेहता, बसंत चौहान, दुर्गा शर्मा, लल्लू, सीबी रमन सिंह, हंसराज सिंह, चिराग पासवान, उदय विश्वकर्मा, रविन्द्र कांस्यकर, बीटू बाबा और अखिलेश बाबा आदि शामिल हुए। पूर्व मंत्री सह यज्ञ कमेटी के संरक्षक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार से हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति मंदिर परिसर से भव्य जल यात्रा निकाल कर महायज्ञ की शुरूआत हो गई है। कहा कि 19 जनवरी को पूर्णाहुति एवं भंडारा के बाद यज्ञ का समापन होगा। उन्होंने लोगों से यज्ञ में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने का आह्वान किया है।

चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के विद्यार्थी अव्वल

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से डाल्टनगंज स्थित मौसम विभाग कार्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। बतातें चलें कि मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ पर स्कूली छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें संत मरियम के 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें मौसम व जलवायु चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सुकृति कुमारी, द्वितीय सचिन कुमार व तृतीय स्थान शांभवी स्वराज ने हासिल किया। वहीं, मौसम विभाग के लोगो डिजाइन प्रतियोगिता में संत मरियम के आदर्श कुमार प्रथम स्थान व पीयूष कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के चित्रकला प्रशिक्षिका रुखसार प्रवीण मौजूद थे जिनके प्रशिक्षित छात्रों ने प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किये छात्रों व प्रशिक्षिका को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने शुभकामनाएं दिया। कहा कि बहुत खुशी की बात है कि मौसम विभाग द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में संत मरियम के छात्रों ने उत्कृष्टता से कला को प्रदर्शित करते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया, यह विद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

चैनपुर रोटरी स्कूल के छात्र प्रियांशु सिंह झारखंड का प्रतिनिधित्व करने मुंबई रवाना

चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से चयनित प्रेरणा छात्र परीक्षा पर चर्चा के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने चैनपुर रोटरी स्कूल का छात्र प्रियांशु सिंह शिक्षक नंदन तिवारी के साथ रांची एयरपोर्ट से बुधवार को मुंबई के लिए रवाना हो गया। हवाई यात्रा करने एवं सभी सुविधाओं की व्यवस्था भारत सरकार की ओर से की गयी है। जिसका प्रतिनिधित्व पलामू नवोदय विद्यालय वन के प्राचार्य स्वतंत्र सिंह ने किया है। चयनित 9 छात्रों में प्रियांशु सिंह मुंबई में झारखंड का एक मात्र चयनित छात्र है जो पूरे प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगा। गौरतलब हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय में 22 अप्रैल 2024 को जिला स्तरीय प्रेरणा उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पलामू जिला के विभिन्न विद्यालयों से चयनित लगभग 150 छात्र छात्राओं में से रोटरी स्कूल चैनपुर का छात्र प्रियांशु सिंह को प्रेरणा प्रोग्राम के लिए सात दिवसीय कार्यशाला के लिए गुजरात के बाड़नगर भेजा गया था। विद्यालय के चैयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने कहा कि हमें प्रियांशु सिंह पर गर्व है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्राचार्य अश्लेष पाण्डेय ने भी शुभकामनायें दी।

प्रभात गौरव सम्मान अवार्ड से नमाजे गये पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल

डॉ कौशल को विदेशों में सात और देश में मिला 60वां अवार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के दीनदयाल स्मृति टाउन हॉल में हिंदी दैनिक अखबार की ओर से आयोजित प्रभात गौरव सम्मान सह कवि सम्मेलन के आयोजन में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल को पर्यावरण के क्षेत्र में लंबे अरसे से उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रभात गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। पर्यावरण धर्म गुरु डॉ कौशल ने कहा कि इसके पहले भी उन्हें प्राइड ऑफ झारखंड अवार्ड से राज्य के राज्यपाल संतोष गंगवार व केंद्रीय रक्षा

राज्य मंत्री संजय सेठ और विस अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वहीं, 12 मई 2024 को अजरबैजान की राजधानी बाकू में टूरिस्ट डायरेक्टर विश्व के साउथ ईस्ट रौशन के हाथों अचीवर अवार्ड सम्मान मिला था। इसी तरह 14 जुलाई को दिल्ली लोधी रोड स्थित इंडियन हैवी ट्रेड सेंटर गुलमोहर में यूएसए के मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में आठ देश के उच्च पद पर आसीन अतिथियों की उपस्थिति में डॉक्टरेट की उपाधि से चांसलर के हाथों सम्मान पाने का अवसर प्राप्त हुआ था। जबिक 13 अगस्त को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में एशिया अचीवर समिट और भारत के गौरव अवॉर्ड से वहां के उप प्रधानमंत्री कॉर्न देमोरेंसी और स्पीकर पॉल नरूला ने सम्मानित किया था। उन्होंने यह भी बताया कि 13 अगस्त 2024 सहित इसके पहले सूबे के तीन राज्यपाल ने अब तक चार वार अवार्ड दे चुके हैं।पिछले वर्ष विदेश में 4 और जीवन काल का 66 अवार्ड मिलने से रिश्तेदारों, शुभचिंतकों व परिवार में भारी खुशी का माहौल है।

जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं, कइयों का मौके पर ही समाधान

आग से झुलसी बच्ची की डीसी ने की आर्थिक मदद

मुआवजा राशि और स्कूल में दाखिला कराने का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में बुधवार को जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और कइयों का मौके पर ही समाधान किया। साथ ही बाकि बचे कार्यों को डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर डीडीसी शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व सिविल सर्जन उपस्थित रहे। जनता दरबार में हरिहरगंज के अर्रूआ से आये एक व्यक्ति ने बताया कि विगत दिनों घर में गैस लीक होने के

पीड़ित बच्ची के पिता को आर्थिक सहयोग राशि का चेक सौंपते डीसी शशि रंजन।

कारण लगी आग की घटना में उनकी आठ साल की बच्ची झुलस गयी थी। आपदा के तहत मिलने वाले मुआवजा को लेकर कई बार सीओ कार्यालय में आवेदन दिया, लेकिन अबतक उचित पहल नहीं की गयी है। इस पर डीसी ने छत्तरपुर एसडीएम को फोन कर मामले को नीजि तौर पर त्वरित रूप से निष्पादन करने की बात कही। इसके अलावे डीसी ने उक्त बच्ची के अभिभावक को निजी स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया। बच्ची के पिता ने आरटीई अंतर्गत अपनी बच्ची के पढ़ाई का भी अनुरोध किया। इसपर उन्हें सुनिश्चित किया गया कि बच्ची को आरटीई के तहत मुफ्त शिक्षा प्रदान की जायेगी। इसके अलावा जनता दरबार में प्राप्त कई मामलों का ऑनस्पॉट निष्पादन किया गया। विकास से जुड़े आवेदन को उप विकास आयुक्त को सौंप उसका निष्पादन करने की बात कही गयी, वहीं जमीन से जुड़े मामले को अपर समाहर्ता को कार्रवाई के लिए दिया गया। इसमें जो मामले ऑनस्पॉट निष्पादन के नेचर के थे, वैसे आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। जनता दरबार में आये आवेदनों में भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन और स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे। डीसी ने प्राप्त सभी आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

मजदूरी नहीं मिलने से नाराज 40 मजदूर पहुंचे थाने

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। रोजगार नहीं मिलने पर दो वक्त की रोटी के लिए पलायन कर दूसरे राज्यों में खेतों में मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करने वाले मजदूरों को मजदूरी ना मिलना निंदनीय है। पलामू जिले के हरिहरगंज प्रखंड के कुलहिया पंचायत अंतर्गत कोठिला गांव के 40 मजदूरों को मजदूरी के लिए सीमा से सटे औरंगाबाद जिले के चर्चित पूर्व मंत्री रामाधार सिंह के छोटे भाई विनोद सिंह पिछले कई दिनों से मजदूरी नहीं दे रहे हैं। इससे परेशान होकर बुधवार को सभी मजदूर हरिहरगंज थाने में शिकायत लेकर पहुंच गये। बताया कि थाना क्षेत्र के ही हल्का गांव निवासी रामजनम सिंह के पुत्र मनोज सिंह ने महिला-पुरुषों सहित 40 मजदूरों को धान कटनी के लिए अपने रिश्तेदार सोख्या गांव भेजा था। 40 लोग धान काटने के गए थे। किसी मजदूर ने 19 दिन तो किसी ने 45 दिन तक मजदूरी की। पर मजदूरी मांगने पर कहा कि मनोज सिंह के पास भेज दिए हैं वहीं से ले लेना। मनोज सिंह से पूछते हैं तो कहा जाता है कि जहां काम किया है वहीं से मजदूरी ले लो। इस तरह 15 दिनों से टालमटोल किया जा रहा है। वहीं मजदूरों ने पुलिस प्रशासन से मिलकर उनकी कमाई दिलाने की गुहार लगाई है।

विश्रामपुर के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने की संयुक्त प्रेसवार्ता, कहा-

सक्रिय राजनीति में बने रहेंगे रामचंद्र चंद्रवंशी

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने बुधवार को विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सबागार में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता कर एक स्वर में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी के राजनीत से संन्यास लेने की बातों को अफवाह बताया। कहा कि रामचंद्र चंद्रवंशी भाजपा के प्रादेशिक व विश्रामपुर विस क्षेत्र के सर्वमान्य नेता हैं। वे अभी सक्रिय राजनीत में बने रहेंगे। उनके नेतृत्व में ही कार्यकर्ता अगले पांच वर्षों तक क्षेत्र में संगठन को और मजबूत बनायेंगें। अगला विधानसभा चुनाव भी इनके नेतृत्व में ही लड़ा जायेगा। बताते चलें कि क्षेत्र में यह अफवाह फैल है कि पूर्व मंत्री सह विश्रामपुर से चार बार के

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी राजनीत से संन्यास ले रहे हैं। भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासियों की भी यही इच्छा है कि रामचंद्र चंद्रवंशी राजनीत में अभी सक्रिय रहें। उनके दिशा निर्देशन में ही पार्टी आगे भी बेहतर करेगी। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने कहा कि हम सब अगले पांच वर्षों तक उनके नेतृत्व में मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा कर पायेंगें। सही कार्यों का समर्थन करेंगे और गलत कार्यों का विरोध करेंगे। इस मौके पर भाजपा के ऊंटारी रोड मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेम शंकर सिंह, नावा बाजार अध्यक्ष महादेव यादव, मझिआंव नगर अध्यक्ष पवन गुप्ता, मझिआंव ग्रामीण अध्यक्ष दीपक चौहान, बरडीहा अध्यक्ष संजय यादव, कांडी अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे, जिला कार्यसमिति सदस्य उमा यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के इदरीश हवारी, उपेन्द्र तिवारी, संजय तिवारी, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, आनंद चंद्रवंशी आदि थे।

सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत, दो की हालत गंभीर

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। छतरपुर थाना से करीब छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित जपला सड़क किनारे स्थित टुइं मेले के समीप दो बाइक की भिड़ंत हो गयी। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान खेन्द्रा निवासी धीरज कुमार (17) और मंदेया निवासी सरीफुल अंसारी (19) के रूप में हुई है।

ठंड और भूख से मौत रोकने के लिए प्रशासन सतर्क

छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। पलामू जिले के छतरपुर सीओ उपेंद्र कुमार ने समाज को संदेश दिया है कि प्रशासन ठंड और भूख से किसी की मौत ना होने देने के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। इलाके में ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए चुनिंदा जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने सभी प्रबुद्धजनों से अपील की है कि वे जरूरतमंदों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि उचित व्यवस्था की जा सके। सीओ ने विशेष रूप से वृद्ध जनों, बच्चों और महिलाओं के संरक्षण पर जोर दिया है, जो ठंड से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इसके अलावा, उन्होंने समाज से आग्रह किया है कि वे अपने घरों में बच्चों और वृद्धों का खास ख्याल रखें। कहा कि अगर कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से लाचार है और राशन की जरूरत है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दी जाए। सरकार की ओर से तात्कालिक मदद के प्रावधान हैं, ताकि कोई भूख और ठंड का शिकार ना बने। सीओ का यह संदेश एक संवेदनशील और जागरूक समाज की ओर इंगित करता है।

सेवा कार्य ही ईश्वर की पूजा : मनोज सिंह

मेदिनीनगर (आजा दसिपाही)। पलामू में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसे देखते मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के मनोज सिंह लोगों का हाल जानने के लिए सर्द रात में निकले। उन्होंने लोगों से मुलाकात की। नववर्ष की शुभकामना दी। उनके बीच गर्म कपड़े, शॉल और कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत बेलवाटिका से की। उसके बाद कान्दू मुहल्ला, सेमरटांड, पंपूकल का दौरा किया। इस मौके पर मनोज सिंह ने कहा कि राजनीति उनके लिए सेवा का भाव हैं। सेवा के मिशन को लेकर वह राजनीति में आये हैं। विरासत में ही सेवा का संस्कार मिला हैं। कहा कि सेवा का बेहतर माहौल तैयार करने के लिए काम करना चाहिए। सभी को सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिए। सही मायने में सेवा कार्य ही ईश्वर की पूजा हैं। सेवा के इस मर्म को समझने की आवश्यकता हैं। उन्होने कडाके की ठंड में लोगो को राहत मिले इसके लिए यह छोटा प्रयास कर रहे है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम को पूरे नगर निगम क्षेत्र में घर-घर जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल और शाल देकर ठंड से राहत दिलाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर किशोर कुमार,मुन्ना प्रसाद,राजू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर 18 जनवरी को किया जायेगा भूमि पूजन

सतबार वा/पलामू (आजाद सिपाही)। आगामी 20 से 23 फरवरी तक प्रस्तावित नारी सशक्तिकरण सह शक्तिसंवर्धन 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर शिक्षक कमलेश प्रसाद के आवास पर एक बुधवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संजय कुमार ने की। बैठक में यज्ञ को लेकर भूमि पूजन 18 जनवरी को ट्रेनिंग स्कूल के मैदान में होना तय हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी सहित प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। गायत्री परिवार ने सभी को इसमें उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में सुभाष प्रसाद,वीरेंद्र साहू,कमलेश प्रसाद, सुनील गांधी एवं श्याम बिहारी, प्रशांत शिक्षक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग।

खुला डाक द्वारा जलकर बन्दोबस्ती सूची

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विभागीय परिपत्र सं0 114, दिनांक 18.01.1992 एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड, राँची के पत्रांक 1410 दिनांक 02.06.2011 के आलोक में हजारीबाग जिले के प्रखण्ड स्तरीय सक्षम मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के द्वारा बन्दोबस्ती का प्रस्ताव नही प्राप्त होने के फलस्वरूप शेष बचे जलकरों का अल्पकालीन बंदोबस्ती वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक खुले डाक के माध्यम से किया जाना है।

इस क्रम में 10,000/–रू0 से अधिक वार्षिक सुरक्षित जमा वाले हजारीबाग जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकरों की खुली डाक द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती अपर समाहर्ता, हजारीबाग की उपस्थिति में दिनांक 29.01.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग में आरंभ की जायेगी। उक्त तिथि को यदि किसी जलकर का सफल डाक नहीं होता है तो खुले डाक की आगामी द्वितीय 30.01.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न) में होगी। बंदोबस्त किये जाने वाले जलकरों की सूची निम्नवत है–

क्र0 सं0	जलकर का नाम	ग्राम	पंचायत	प्रखण्ड	खाता सं0	प्लॉट सं0	कुल रकवा (एकड़ में)	सु0 जमा राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	राजा आहर	सिंघरावां	सिंघरावां	चौपारण	72	2210	5.00	16000
2	छटैया आहर	पपरो छट्टैना	चैथी	चौपारण	58	754	1.12	40100
3	नगवां जोड़ा आहर	नगवां (सिन्दूर)	नगवां	सदर	102	7706	5.20	50000
4	ढोलमठ आहर	बरियठ	बरियठ	ईचाक	1	2095, 2094	1.01	16100
5	तेतरिया आहर	तेतरिया	पुराना ईचाक	ईचाक	44	500, 501	1.75	20800
6	रतनपुर पोखर	रतनपुर	बरकाखुर्द	ईचाक	52	1409, 1410	1.65	10000
7	तिलरा आहर	तिलरा	नावाडीह	ईचाक	184	2447, 2448	1.72	10000
8	पुरना आहर	कुसुम्भा	कुसुम्भा	कटकमदाग	103	223, 224	6.82	12000
9	पुन्दरी आहर–01	पुन्दरी	बेस	कटकमदाग	29	3	5.84	15000
10	कल्याणी आहर	ढेंगुरा	ढेंगुरा	कटकमदाग	106	665	1.27	13000
11	ढोठिवा आहर –01	ढोठिवा	ढोठवा	कटकमसांडी	66	980	5.45	40600
12	डेगवाबागी आहर	डेगवाबागी	हरली	दारु	124	1322	2.43	23000
13	चट्टीबरियातु टेंक	चट्टीबरियातु	चट्टीबरियातु	केरेडारी	159	545, 2090	4.38	20000
14	सिरमा आहर	मानगो	सुदन	चलकुशा	–	–	–	22400
15	खोड़ा आहर	लखना	दुलमाहा	बरही	46	1155	1.90	11000
16	दुलमाहा आहर	दुलमाहा	दुलमाहा	बरही	23	60	3.18	13600
17	नावा पोखर	परासी	परासी	ईचाक	231	1199, 1200	1.44	62100

उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त पश्चात् विभागीय परिपत्र सं0 114 दिनांक 18.01.1992 के अनुशरण में राजस्व राशि जमा करना होगा, जिसमें जमा की गई अग्रधन की राशि समायोजित कर ली जायेगी। राजस्व राशि जमा नही करने की स्थिति में अग्रधन राशि जब्त कर ली जाएगी एवं भविष्य में डाक में भाग लेने से उन्हें वंचित रखा जाएगा।

सफल डाक वक्ता के राजस्व राशि जमा करने एवं सक्षम प्राधिकार से बन्दोबस्ती की स्वीकृति मिलने के पश्चात् बन्दोबस्ती का एकरारनामा कराकर निबंधन कराना होगा, जिसका व्यय उन्हें स्वयं वहन करना होगा। बन्दोबस्ती का एकरारनामा एवं इसका निबंधन निर्दिष्ट अवधि तक नहीं कराने की स्थिति में उक्त डाक को रद्द कर जमा राजस्व राशि को जब्त कर लिया जायेगा तथा पुनः डाक की प्रकिया अपनाई जायेगी।

अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये बन्दोबस्ती को रद्द करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 344285 Fish(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
11

जांच के लिए कार्मेल स्कूल पहुंची बाल संरक्षण आयोग की टीम

कहा- पहले की जांच से हमें कोई लेनादेना नहीं, हम लोग खुद करेंगे जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। जिले के गैरसरकारी स्कूल में पेन डे मना रही 10वीं की छात्राओं के साथ प्रिंसिपल द्वारा शर्ट उतरवारकर ब्लेजर में घर भेजे जाने को लेकर आरोपित प्रिंसिपल द्वारा माफी मांगने व प्रशासन की ओर से उन्हें क्लिन चिट दिये जाने के बावजूद जांच अभी भी जारी है। इसे लेकर बुधवार को बाल संरक्षण आयोग की टीम स्कूल पहुंची और मामले की जांच की। बतातें चलें कि पेन डे मना रही छात्राओं के शर्ट उतरवाने के मामले में प्रिंसिपल ने

कार्मेल स्कूल की फाइल फोटो।

माफी मांग ली है। वहीं एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम ने स्कूल प्रबंधन को क्लीन चीट दे दी है. जिसके बाद बाल संरक्षण आयोग की टीम ने अब जांच शुरू कि है। जांच के लिए स्कूल पहुंची बाल संरक्षण आयोग की तीन सदस्यीय टीम ने छात्राओं से बातचीत की। साथ ही उन सभी पहलुओं की जांच की, जो इस घटना से जुड़े हैं। पीड़ित छात्राओं के अभिभावकों ने कहा कि एसडीएम के नेतृत्व में गठित टीम की जांच से वे संतुष्ट नहीं हैं। उनकी बच्चियां (छात्राएं) सवाल उठा रही हैं। उनका कहना है कि मामले के निपटारे को लेकर आपस में किस तरह की बातचीत हुई है कि मामला सुलझा दिया गया। छात्राएं अपने अभिभावकों पर भी आरोप लगा रही हैं। अभिभावकों ने यह भी कहा कि स्कूल की 11वीं की छात्राएं स्कूल के लिए ढाल बनकर काम कर रही हैं। वे स्कूल प्रबंधन के समर्थन में खड़ी हैं। 11वीं और 10वीं की लड़कियों के बीच प्रतिस्पर्धा पैदा कर दी है। दूसरी ओर, बाल संरक्षण आयोग की टीम की सदस्य रुचि कुजूर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हम अपने स्तर पर जांच कर रहे हैं। जांच में कई पहलू होते हैं। उन्हें जब तक हम पूरा नहीं कर लेते, तब तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते हैं। जांच पूरी होने पर सारी बातें सामने आ जाएगी। पहले की जांच से हमें कोई लेना देना नहीं है। हमलोग खुद जांच करेंगें। टीम में बाल संरक्षण आयोग के विकास, आभा वीरेंद्र और झरिया सीओ मनोज कुमार शामिल थे। हालांकि इस मामले में कार्मल स्कूल की प्रिंसिपल ने इस विषय पर कोई बातचीत नहीं की।

हिंसक झड़प व बाघमारा डीएसपी पर हमले के बाद मधुबन में दहशत, ग्रामीण कर रहे पलायन

सांसद कार्यालय पर हमले के एक हफ़्ते बाद आजसू का जांच दल पहुंचा

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। गोविंदपुर एरिया चीन में प्रस्तावित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ हिंसक झड़प और बाघमारा डीएसपी पर हमले की घटना के बाद से मधुबनी थाना क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना के बाद प्रभावित और पीड़ित ग्रामीण अपने-अपने घरों से फरार हो गए हैं, जबकि आशाकोठी क्षेत्र की स्थिति भी भयावह है। घरों में बंधे पशु भूख से बेहाल हैं। अधिकांश मकानों के दरवाजों पर ताले लगे हैं। घटना के बाद पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई और छापामारी के कारण बाबूडीह, खरखरी, आशाकोठी और ब्राह्मनडीहा क्षेत्रों में दहशत का माहौल गई। पूरा इलाका सुनसान है। दूसरी ओर, घटना को लेकर गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने और रैयत ग्रामीणों पर उपद्रवियों द्वारा गोली-बम से हमले को लेकर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो की ओर से गठित 6 सदस्यीय जांच टीम ने बुधवार को घटना में घायल डीएसपी के परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद जांच दल मधुबन पहुंचकर खरखरी स्थित आजसू कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां कार्यालय की हालत बहुत खराब स्थिति में मिली। इसके बाद जांच दल ने खरखरी, बाबूडीह, ब्राह्मनडीहा और अन्य प्रभावित ग्रामीण इलाकों का दौरा किया। जहां उक्त गांवों में सन्नाटा पसरा रहा। अधिकांश घरों के दरवाजों पर ताले लगे थे। जांच दल ने कुछ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और घटना की जानकारी ली। दूसरी ओर, आजसू की जांच टीम ने पहले खरखरी स्थित पार्टी कार्यालय में आगजनी का निरीक्षण किया, फिर ब्राह्मणडीहा, बाबूडीह, खरखरी और अन्य ग्रामीण इलाकों का दौरा करने के बाद घटना को दुखद बताते हुए डीएसपी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की। केंद्रीय अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान गांवों में भय और दहशत का माहौल देखा। कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन की भूमिका अहम है, और उन्हें पहले ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए था। उन्होंने पुलिस द्वारा सांसद के नेतृत्व में ग्रामीणों पर किए गए मुकदमे की भी निंदा की। जांच दल में निर्मल महतो (विधायक मांडू) लंबोदर महतो (पूर्व विधायक गोमिया) पंकज श्रीवास्तव (पूर्व न्यायाधीश) सुबोध प्रसाद (पूर्व डीआइजी) राजेंद्र मेहता (प्रधान सचिव) अधिवक्ता-राधेश्याम गोस्वामी (प्रधान सचिव) व जिलाध्यक्ष मंटू महतो शामिल थे।

मेला के अतिक्रमणकारियों को हटाया जायेगा : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

पांच दिवसीय खेलाचंडी मेला का मंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। गोमिया प्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत देवीपुर में पांच दिवसीय खेलाचंडी मेला का उद्घाटन बुधवार को राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता सह मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के केंद्रीय सदस्य देवनारायण प्रजापति, मुखिया पार्वती देवी, पंसस महेश रविदास उपस्थित थे। सर्वप्रथम मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं अन्य अतिथियों का मेला संचालन समिति द्वारा 51 किलोग्राम का फूल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि देवीपुर में मां खेलाचंडी की पूजा एवं मेला का आयोजन काफी पहले से हो रही है। इस मेले को आगे भव्य आकर दिया जाएगा। मेला में ग्रामीणों को अपनी घरेलू जरूरत के सभी सामान खरीदने और स्थानीय ग्रामीणों को अपनी हस्त निर्मित सामान बेचने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मेला क्षेत्र में जितने भी अतिक्रमण किए गए हैं, उसे हटाया जाएगा और मेला क्षेत्र का सीमांकन किया जाएगा। वहीं मेला को आगे के वर्षों में भव्य आकार देकर इसे संवारा जाएगा।

अनुपमा सिंह ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

झरिया (आजाद सिपाही)। ठंड के प्रकोप को देखते हुए अनाथ बच्चों के दिव्यांगजन, मंदबुद्धि एवं मूक बधिर आवासीय इलाज सह बस्ताकोला शिक्षण प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य संचालक की मांग पर कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के सहयोग से वहां रहने वाले बच्चों एवं वृद्धों को कंबल व भोजन मुहैया कराया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक अनिल सिंह ने बताया कि कहीं से कोई भी सरकारी मदद ना मिलने पर कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह से अनुरोध किया था जिसका उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए कंबल दिया। जो सेवा के साथ ही सराहनीय कार्य भी है। इसके लिए संस्था उनके प्रति सदा आभारी रहेगी। वहीं, सतपाल सिंह ब्रोका ने बताया कि जीवन संस्था में रह रहे सभी 32 जनों को कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के निर्देश पर कंबल वितरित किया गया। अनुपमा सिंह सेवा भाव से लगातार इस ठंड में अपने गाड़ियों में कंबल रखकर चल रही और रांची-बेरमो -धनबाद में आने-जाने के क्रम में रास्ते में रुक-रुक कर जरूरतमंदों को जगह-जगह कंबल बांट रही हैं। उनका उद्देश्य समाज के दबे कुचले लोगों की मदद करना है। इस मौके पर मुख्तार खान, गायत्री पासवान, भोलानाथ सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, विक्की कुमार और राकेश पासवान आदि मौजूद थे।

भारतीय सेना दिवस पर कर्नल जेके सिंह ने की उद्घोषणा

धनबाद (आजाद सिपाह)। धनबाद के रहने वाले कर्नल जेके सिंह जो वर्तमान में झारखंड पुलिस में कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बुधवार को भारतीय सेना दिवस परेड में कमेंटरी की। जो इस दनि सुबह 7.52 से 10.06 पर दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ। इस वर्ष भारतीय सेना दिवस परेड जो कि भारतीय सेना की वीरता और बलिदान का प्रतीक है। महाराष्ट्र के पूणे स्थित बीइजी सेंटर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान थलसेनाध्यक्ष जनाल उपेन्द्र द्विवेदी, परम विशिष्ट सेवा मेडल, व अति विशिष्ट सेवा मेडल की ओर से सभी ऑफिसर्स और अन्य पद को शुभकामना संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिन शूरवीर सैनिकों ने मातृ भूमि की सेवा में अपने प्राण न्योछावर किए, उनके परिजनों और वीर सैनिकों को थलसेनाध्यक्ष ने सम्मानित किया। कर्नल सिंह बतौर हिन्दी कमेन्टेटर पिछले दो दशक से राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में विशेष योगदान दे रहे हैं। पुलिस महानिदेशक (आइपीएस) अनुराग गुप्ता और पुलिस महानिरीक्षक ने हमेशा से राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर विशेष योगदान देने के किए कर्नल सिंह सहित समस्या बल को प्रेरित किया है। कर्नल सिंह भारतीय सेना की गौरव गाथा जो कि भारतीय सेना के सैनिक की प्राचीन काल से अब तक की यात्रा का वृतान्त है, वहां इस कार्यक्र में भी बतौर उद्घोषक अपना योगदान दिया। आर्मी पैरालिम्पिक नोड जिसमें ऐसे सैनिक जिन्होंने युद्ध में अपने अंगों का बलिदान दिया और खेल के क्षेत्र में देश के लिए लड़ना चाहते हैं, उसे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है, उस पर आधारित फिल्म में कर्नल जेके सिंह की ही आवाज रिकॉर्ड किया गया है। इस उद्घाटन के दौरान नायब सूबेदार होकाटो सेमा पेरिस 2024 पैरालंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट सीटिंग शॉटपुल और सिमरन पत्नी नायक गजेन्द्र 200 मीटर स्प्रिंट नोड उद्घाटन में मौजूद रहे। इसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने किया।

बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन, सरकार का पुतला फूंका

रागिनी सिंह के कार्यालय पर गोलीबारी व पुलिस पर हमले की निंदा की

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। राज्य व क्षेत्र में बिगड़ते कानून व्यवस्था के प्रतिवाद में बस्ताकोला मंडल भाजपा की ओर से बुधवार को सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान झारखंड सरकार का पुतला दहन कर नाराजगी जाहिर की गयी। भाजपा नेताओं ने कहा कि जिला प्रशासन और धनबाद पुलिस खुद की सुरक्षा तक नहीं कर पा रही है तो आम लोगों की सुरक्षा कैसे करेगी। झरिया विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय पर गोली चलती है और पुलिस दबाव के चलते जांच में विलंब कर रही है। बाघमारा में पुलिस के आला अधिकारी पर जानलेवा हमला होता है। लेकिन खानापूर्ति के लिए इधर-उधर छापामारी की जा रही है। जबकि कोयला चोरी को खुलेआम बढ़ावा पुलिस ही देती है। वक्ताओं ने कहा कि धनबाद में हत्या और गोली चलना आम बात होती जा रही है। लेकिन पुलिस सरकार के दबाव में हाथ पर हाथ धरे बैठी है। इससे लोग डर-डर कर जीने को मजबूर है। अगर यही रवैया रहा तो धनबाद से व्यवसायियों का पलायन शुरू हो जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष तरुण राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी, महामंत्री संतोष रवानी, रामदेव शर्मा, रंजीत दास, शोभा देवी, रूपेश गुप्ता, नंदू साव, रंजीत दास, संजय साव, संजय कुमार, सरिता सिंह, शीला देवी, ईश्वर प्रसाद, अजय वर्मा, अफजल अंसारी, पप्पू वर्मा, राजा पासवान और अजीत मंडल उपस्थित थे।

विस्थापितों के भूमि मुआवजा, पैप कार्ड व प्लाट आवंटन के लिए शिविर आज से

करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र की ओर से विस्थापितों की समस्या के निवारण के लिए दो दिवसीय शिविर का आयोजन गुरुवार से कारों परियोजना में होने जा रहा है। जिसमें कारो और बरवाबेड़ा के विस्थापितों के भूमि मुआवजा पीएएफ/पैप कार्ड, प्लाट आवंटन के निवारण का कार्य किया जाएगा। इसके जागरूकता के लिए सीसीएल बीएंडके के क्षेत्र के जीएम ऑफिस से जागरूकता रथ रवाना किया गया। जीएम चितरंजन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। उन्होंने बताया कि विस्थापितों की हर समस्याओं के निवारण के लिए सीसीएल बीएंडके क्षेत्र कटिबंध है। इसी के तहत कारो परियोजना में दो दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप दोनों दिन सुबह 10 बजे से शां 4 बजे तक लगाया जाएगा। मौके पर जीएम ऑपरेशन सत्येंद्र सिंह, कारो पीओ सुधीर सिन्हा आदि थे।

मेला में पूजा करने पहुंची 40 महिलाओं की चेन चोरी, तीन महिलाएं हिरासत में

आरोपितों ने कहा- हम भी मेला देखने आये थे, चोर नहीं हैं

पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)। हथियापत्थर मेला में इस वर्ष 40 महिलाओं के गले से सोने के चेन, हार, मंगलसूत्र, लॉकेट आदि की चोरी ने सभी को चौंका दिया है। फुसरो के हथिया पत्थर मेला में तीन महिलाओं को सोने की चेन चोरी करने के संदेह में पकड़ा गया है। मेले की भीड़ में एक महिला के गले में सोने की चेन को खोलने के लिए हाथ बढ़ाने के दौरान इन्हें पकड़ा गया था। जानकारी के अनुसार चोरों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए पूजा करने पहुंची लगभग 40 महिलाओं के गले से सोने कीचेन, हार व मंगलसूत्र चोरी कर लिया। भुक्तभोगी महिलाओं ने बताया कि हथिया बाबा के पास पूजा करने पहुंची थी, तभी गले से चेन खींच लिया गया। कई महिलाओं ने मेला समिति को इसकी शिकायत की। जिसके बाद समिति के सदस्यों ने हथिया बाबा के पास निगरानी रखनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद संदेह के आधार पर पहले एक महिला को व कुछ देर बाद दो अन्य महिलाओं को पकड़ कर पेटरवार पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने तीनों संदिग्ध महिला को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। पकड़ी गई महिलाओं में से दो बिहार के गया की रहने वाली है। उनकी पहचान मोनी देवी और फागुनी देवी के रूप में हुई है। उक्त महिला के बैग से एक मोबाइल और कुछ संदिग्ध सामान मिला है। हथिया पत्थर मेला के दौरान दांतू निवासी सुनीता देवी, उतासारा की नमिता देवी व सुशीला देवी, बोकारो रेलवे फाटक की मान्यता शर्मा, सेंट्रल कॉलोनी मकोली की जगिया देवी, गोड़ाबालीडीह की सरस्वती देवी, पिछरी की उषा देवी, हिमांशु कुमार, श्रवण कुमार व कलावती देवी, पांडेयडीह की रेखा देवी, गोमो चैता की माही कुमारी, मकोली की जगमती देवी, रानीपोखर की तारा देवी, जरीडीह की मंजू देवी, बसंती देवी व बंटी सिंह, तोपचांची की विमली देवी, करगली बाजार की मिनी देवी, कतरास की तारा देवी, महुदा बाघमारा की शांति देवी, फुसरो की रंजू चौहान व रेखा देवी, बांधगोड़ा की पानपति देवी, ढोरी स्टाफ क्वार्टर के जगेश्वरी देवी, कोदवाडीह के आशा कुमारी आदि की चेन चोरी हुई है। वहीं तीनों महिलाओ का कहना है कि वे अकेली ट्रेन से यहां मेला देखने आई थीं। चोरी से उनका कोई लेनादेना नहीं है। इधर, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

हनुमान जी के मंदिर निर्माण का हुआ शिलान्यास

धनबाद (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर अंचल के विराजपुर ग्राम में भागवत प्रसाद पांडेय व बोलबम पांडेय की अगुवाई में हनुमान जी के मंदिर निर्माण कार्य का शिलान्यास स्टेट बार काउंसिल एक्सक्यूटिव कमेटी के चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चन्द्र तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता पवन ओझा, आशीष तिवारी, हिरालाल पांडेय आदि ने किया।

कार्यालयः– जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

आवश्यक सूचना

PR No. 343674 Agriculture (24-25)D दिनांक 09.01.2025 के आलोक में "प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग" के तहत अति अल्पकालिन निविदा संबंधी तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का निश्पादन हेतु दिनांक 16.01.2025 को 11:00 बजे अपराह्न में जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार की अध्यक्षता में किया जाना था जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड का निश्पादन दिनांक 18.01.2025 को अपराह्न 11:30 बजे निविदा खोला जाएगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

PR 344318 (Agriculture)24-25*D

कार्यालय : वन प्रमंडल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमंडल, हजारीबाग
वन भवन–2, हजारीबाग–825301
आम नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग के अन्तर्गत राज्यसात वाहन (जहां है जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक 24.01.2025 को अपराह्न 12:30 बजे से वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग के प्रमण्डलीय कार्यालय, हजारीबाग में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित हो तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपति हो कि निविदा सूचना में उल्लेखित वाहन संबंधी सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो, वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग के प्रमण्डलीय कार्यालय, हजारीबाग में दिनांक 22.01.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक समर्पित कर सकते हैं अन्यथा यह समझा जाएगा कि उल्लेखित राज्यसात वाहनों की निविदा द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपति नहीं है। नीलामी रद्द करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार वन प्रमण्डल पदाधिकारी, वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग के पास सुरक्षित रहेगा। नीलामी की शर्तों से संबंधी सूचना कार्यालय सूचना पट्ट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची निम्नांकित है:

क्र0 सं0	वाहनों का निबंधन संख्या/ईंजन नं0/चेचिस नं0	जी केश नं0	अधिहरण वाद सं0	वाहन जहाँ अवस्थित है।
1	2	4	5	6
1	महिन्द्रा भुमिपुत्र (डाला सहित) (मॉडल सं0 B-275DI, लाल रंग), चेचिस सं0 RFNE-02254, ईंजन सं0– RFNE-02254	220/2017	05/2017	वन्यप्राणी प्रक्षेत्र कार्यालय, हजारीबाग (हीराबाग चौक) के अहाते में।
2	स्वराज ट्रैक्टर (लाल रंग) का ट्रेलर सहित (मॉडल नं0 724) ईंजन नं0–38-J-334 1SLBO405 चेचिस नं0– QZTD10705118197	310/2017	09/2017	
3	टाटा 407 मीनी ट्रक, निबंधन सं0– BR-13G-3165	449/2017	12/2017	
4	ट्रक, निबंधन सं0– JH-02K-9217	112/2018	08/2018	
5	ट्रैक्टर, मॉडल नं0–पावर ट्रैक 434, (डाला सहित) रंग नीला–T-3193118, निबंधन संख्या– JH-02AA-3866, चेचिस नं0–B3192776, ईंजन नं0–E3213605, ट्रैलर, निबंधन संख्या–JH-02AA -3675, मॉडल–2013	31/2018	09/2018	
6	पावर ट्रैक ट्रैक्टर, (डाला सहित) मॉडल–डीजल सेवर प्लस 434DS, रंग–नीला, चेचिस नं0–T053340761BF, ईंजन नं0–E3381969.	68/2018	13/2018	
7	ट्रैक्टर महिन्द्रा भूमिपुत्र, (डाला सहित) मॉडल नं0–B275DI, रंग–लाल, चेचिस नं0–RFN103555, ईंजन नं0–RF103555	68/2018	13/2018	
8	ट्रैक्टर महिन्द्रा–265DI, (डाला सहित) रंग–लाल, ईंजन नं0–NGH28940	68/2018	13/2018	
9	आयसर ट्रैक्टर, (डाला सहित) मॉडल नं0–380, रंग–सिल्वर, ईंजन नं0– S325B 74393	68/2018	13/2018	
10	सोनालिका ट्रैक्टर -DI35RX, (डाला सहित) रंग–नीला, ईंजन नं0–3100FL7 3I6 73228F3, चेचिस नं0–DYAST679970S3	68/2018	13/2018	
11	ट्रैक्टर महिन्द्रा भूमिपुत्र, मॉडल नं0–B265DI, रंग लाल, ईंजन नं0– NFNB01208, कम्प्रेशर मशीन सहित,	68/2018	13/2018	
12	ट्रैक्टर आयसर, मॉडल नं0–380, (डाला सहित)रंग–सिल्वर, ईंजन नं0– S325G89600, चेचिस नं0–924113163493	68/2018	13/2018	वन्यप्राणी प्रक्षेत्र कार्यालय, हजारीबाग (हीराबाग चौक) के अहाते में।
13	ट्रैक्टर पावर ट्रैक, मॉडल नं0–434, (डाला सहित) रंग– नीला, ईंजन नं0– E3208452, चेचिस नं0– B3188 225	68/2018	13/2018	
14	ट्रैक्टर आयसर–380, मॉडल– हाइड्रोमेटिक N, रंग–सिल्वर, ईंजन नं0– C85661, चेचिस नं0– 918113111360 एवं कम्प्रेशर मशीन सेट	68/2018	13/2018	
15	ट्रैक्टर महिन्द्रा भूमिपुत्र, (डाला सहित) मॉडल नं0–265DI, रंग–लाल, ईंजन नं0–NO35041	68/2018	13/2018	
16	ट्रैक्टर पावर ट्रैक (डीजल सेवर), (डाला सहित) मॉडल नं0–434, रंग–नीला, ईंजन नं0–T77010010	68/2018	13/2018	
17	ट्रैक्टर महिन्द्रा भूमिपुत्र, (डाला सहित) मॉडल नं0–B265DI, रंग–लाल, ईंजन नं0–RFNBO4963ED	68/2018	13/2018	
18	आयसर ट्रैक्टर, (डाला सहित) मॉडल नं0–380, रंग –नीला, ईंजन नं0– S325B91257	68/2018	13/2018	वन भवन कैम्पस, हजारीबाग के आहते में
19	ट्रैक्टर पावर ट्रैक, (डाला सहित) मॉडल नं0–434D5, रंग–नीला, ईंजन नं0– 3237470, चेचिस नं0–3215979	68/2018	13/2018	
20	ट्रैक्टर न्यू हॉलैण्ड, (डाला सहित) मॉडल नं0–3220 प्लस, रंग– नीला, ईंजन नं0– S325B48790	68/2018	13/2018	
21	ट्रैक्टर (पावर ट्रेक 434) मॉडल–DS+ALT-3500, (डाला सहित) रंग–पीला, चेचिस नं0–TO53268272,ईंजन नं0–E-3297867	225/2018	17/2018	वन्यप्राणी प्रक्षेत्र कार्यालय, हजारीबाग (हीराबाग चौक) के अहाते में।
22	ट्रैक्टर महिन्द्रा B275 DI, भूमि पुत्र, (डाला सहित) रंग–लाल, चेचिस नम्बर –005558519R3, ईंजन नम्बर -CO5556238R3			
23	JCB मशीन, S.No. 1868713, Chasis No. HAR3DXSSA01868 -713, Engine No. H00073419	239/2018	18/2018	
24	ट्रैक्टर (पावर ट्रैक–435), रंग–नीला, ईंजन सं0– 17701001- 03DL04A, चेचिस नं0– B3019220KFL, Escort, ट्रैलर सहित T-10-005A AEBCDA	248/2018	19/2018	
25	JCB मशीन (नारंगी रंग), निबंधन सं0– JH-02AB-9712, ईंजन नं0–4H32031221804, चेचिस नं0–T12K12918	319/2018	24/2018	
26	मोटर साईकिल पल्सर, निबंधन सं0–JH-02AR-2531,रंग–काला	32/2018	10/2018	
27	ट्रैक्टर डाला सहित, निबंधन सं0– JH-02AC-7820	62/2018	12/2018	बीट कार्यालय, बहीमर
28	मिनी ट्रक, निबंधन संख्या–BEM-6285	272/2013	08/2013	गौतमबुद्धा वन्यप्राणी आश्रयणी के दनुआ परिसर (चौपारण) में रखा गया है।
29	महिन्द्रा पीकअप वैन (बिना निबंधन संख्या का)	207/2018	16/2018	
30	ट्रैक्टर (लाल रंग), निबंधन सं0 –BR02T 4262 (डाला सहित)	117/2018	20/2018	
31	पीकअप वैन–207 (बिना नम्बर का) ईंजन नं0– ZN2GGA91H47006, चेचिस नं0–91H59816	259/2018	21/2018	
32	पीकअप वैन–207 (बिना नम्बर का) ईंजन नं0– 2534011504218J, चेचिस नं0–374005EUQ909237	280/2018	22/2018	
33	PIAGGIO VAN, निबंधन संख्या–JH-02AU-9925, ईंजन नं0–S8A8796272, मॉडल नं0–APE XTRA LD, चेचिस नं0–MBX0003ABVA580426	350/2018	26/2018	
34	पीकअप वैन, निबंधन सं0– WB-67A-1195	11/2019	01/2019	
35	पीकअप वैन, निबंधन सं0– WB-19G-0541			
36	बोलेरो पीकअप वैन (बिना नम्बर का)	487/2019	04/2019	
37	बोलेरो पीकअप वैन, निबंधन सं0– JH-01AX-1518	869/2019	09/2019	

PR 344310 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)D

ह0/–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
वन्यप्राणी प्रमण्डल, हजारीबाग।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 16 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in

दिव्यांग लाभार्थियों को आज से 3500 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी : मुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज क्योंझर में इस बढ़े हुए भत्ता वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्य के 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों और 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग लाभार्थियों को आज से 3500 रुपये प्रति माह पेंशन मिलेगी। पहले उन्हें 1200 रुपये पेंशन मिलती थी, जिसे बढ़ाकर 2300 रुपये से 3500 रुपये कर दिया गया है, इससे राज्य के 4,17,496 लोगों को फायदा होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस समाज में वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और असहाय लोगों का आदर और सम्मान किया जाता है वह आदर्श समाज होता है. समाज को उनके प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। वरिष्ठ नागरिक हमारी आस्था और विश्वास के मंदिर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा समाज की उनकी मुस्कान, खुशी और उनका समाज के प्रति अटूट विश्वास हमारी दुर्लभ संपत्ति है। धरणीधर विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बढ़ी हुई पेंशन सभी को मिलेगी, चाहे वे राष्ट्रीय सामाजिक कार्यक्रम के लाभार्थी हों या मधुबाबू पेंशन हिताधिकारी। इनमें क्योंझर जिले के 9,913 लोग भी शामिल हैं. आज का कार्यक्रम आदर्श समाज की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई सरकार ने आपसे वादा किया है और अपना वादा निभा रही है। उन्होंने कहा कि आपके लिए यह बढ़ी हुई पेंशन शुभारंभ करते हुए मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत खुशी हो रही है। इस अवसर पर, मुख्यमंत्री ने क्योंझर जिले के हिताधिकारी रक्षाकर जेना, योगेन्द्र नायक, रजनी महांति सहित लाभार्थियों को बढ़ा हुआ वरिष्ठता भत्ता और सत्यभामा सेठी, अनिरुद्ध दास और जयकृष्ण महंत को बढ़ा हुआ दिव्यांग भत्ता प्रदान किया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम में मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद, विधायक एवं जिलापल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में घसीपुरा विधायक श्री बद्री नारायण पात्र, चंपुआ विधायक श्री सनातन महाकुड, पटना विधायक श्री अखिल चंद्र नायक, तेलकोई विधायक डॉ. फकीर मोहन नायक और क्योंझर जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती सागरिका साहू प्रमुख ने कहा कि इस बढ़े हुए भत्ते से बुजुर्गों और दिव्यांग आर्थिक रूप से सुरक्षित होकर अपना दैनिक जीवन जी सकें, उन्होंने क्योंझर और राज्य के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे काफी मदद मिलेगी । क्योंझर जिलापाल श्री विशाल सिंह ने स्वागत भाषण दिया और अतिरिक्त जिलापाल श्री आलोक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

राज्य के 4,17,496 लाभार्थी लाभान्वित होंगे

संबलपुर जिले के विभिन्न हिस्सों में अगले दो दिनों के लिए बिजली आपूर्ति बंद रहेगी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बुर्ला पश्चिम ओड़िशा विद्युत वितरण कंपनी (टीपीडब्ल्यूओडीएल) द्वारा 132/33 के वी संवलपुर जिले में संवलपुर ग्रिड सबस्टेशन पर रखरखाव कार्य के लिए चेरुआपड़ा, झारुआपड़ा, बडबाजार, बलबसपुर, बालीबंधा, बरमुंडा, भालूपाली, फार्म रोड, जिला मुख्यालय अस्पताल, काइंसर रोड, एन गुहा लेन, पीएचडी, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, समलेश्वरी मंदिर क्षेत्र, लक्ष्मीटकिज , पुलिस लाइन आदि क्षेत्र और उसके आसपास का क्षेत्र में 16 जनवरी (गुरुवार) और 17 जनवरी (शुक्रवार) को दो दिन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। स्थिर, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली सेवा के लिए यह रखरखाव आवश्यक है। इसलिए, टीपीडब्ल्यूओडीएल बिजली सेवा के अस्थायी व्यवधान के लिए अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त करता है और क्षेत्र में बिजली उपभोक्ताओं और जनता के सहयोग की कामना करता है।

एचएमपीवी को लेकर राज्य और केंद्र सरकार पूरी तरह अलर्ट पर है

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की आयुक्त और प्रशासनिक सचिव अश्वती एस की अध्यक्षता में विभागीय सम्मेलन कक्ष में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक का विचार था कि ओड़िशा के लोगों के लिए एचएमपीवी वायरस से घबराने या चिंता का कोई कारण नहीं है। अभी तक ओड़िशा में एचएमपीवी का कोई असर नहीं देखा गया है। हालांकि, ओड़िशा सरकार किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह से तैयार है। आइडीएसपी, एनसीडीसी (एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र) (आईडीएसपी-एनसीडीसी) से लेकर राज्य सरकार के सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशालय, एमएस भुवनेश्वर, आरएमआरसी भुवनेश्वर, आइएलएस, भुवनेश्वर जैसे प्रमुख संस्थान ध्यान रख रहे हैं। इसलिए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग जनता से हर समय व्यक्तिगत और पर्यावरणीय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने का आग्रह करता है। इस बैठक में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के निदेशक डॉ विजय कुमार महापात्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशालय के निदेशक नीलकंठ मिश्र, डीएमईटी डॉ सन्तोष कुमार मिश्र, भारत सरकार के क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशालय के निदेशक डॉ सुमित्रा सासमल, टीम लीड विश्व स्वास्थ्य संगठन डॉ निहार रॉय, आरएमआरसी के डॉ. शुभ्र सुभद्रा, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त निदेशक डॉ इरा प्रहराज, डॉ प्रमिला बराल एपीएचओ, अतिरिक्त उप सचिव डॉ विश्वरंजन दास, अरुणा त्रिपाठी उपस्थित थे।

ट्राइडेंट ग्रुप ने नियुक्ति के लिए राष्ट्रव्यापी कर्मयोगी भर्ती अभियान शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। वैश्विक बिजनेससमूह ट्राइडेंट ग्रुप ने अपने कर्मयोगी भर्ती अभियान की शुरूआत कीघोषणा की है। भर्ती अभियान का लक्ष्य भारत भर में 3,000 कुशल व्यक्तियों को नियुक्ति करना है। यह पहल एक समावेशी, सशक्त समुदाय के निर्माण और राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए ट्राइडेंट ग्रुप की प्रतिबद्धता को दशार्ताहै। कर्मयोगी भर्ती अभियान विशेष रूप से पंजाब में धौला, संघेरा औरमध्य प्रदेश में बुधनी क्षेत्र पर केंद्रित होगा, जहां ट्राइडेंट समूह की विनिर्माण सुविधाएं स्थित हैं। 3,000 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करके, ट्राइडेंट ग्रुप न केवल 15,000 से अधिक पारिवारिक सदस्यों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करेगा और साथ ही राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में योगदान देनेमें भी मदद करेगा। यह पहल स्कील डेवलपमेंट को भी बढ़ावा देगी, महिलाओं को सशक्त बनाएगी और मूल्यवान कर राजस्व उत्पन्न करेगी। सुश्री पूजा लूथरा, सीएचआरओ ट्राइडेंट ग्रुप ने कहाकि, यह अभियानहजारों लोगों के लिए सार्थक काम करने के अवसर पैदा करने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। यह पहल न केवल ट्राइडेंट में हमारे कार्यबल को मजबूत करेगी, बल्कि लोगों को सशक्त बनाते हुए उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगी, जिससे राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत की दिशा में योगदान मिलेगा। कर्मयोगी भर्ती अभियान प्रक्रिया में ऑनलाइन पंजीकरण, आवेदन जमा करना, ऑफलाइन मूल्यांकन और कौशल मूल्यांकन आदि शामिल होंगे। सफल उम्मीदवारों को ट्राइडेंट समूह मेंसंचालन, इंजीनियरिंग, रखरखाव और प्रशासन सहित विभिन्न विभागों में शामिल किया जायेगा। उन्हेंइन पदों पर 8 घंटे की कार्य शिफ्ट के लिए 50,000 रुपये प्रति माह का प्रारंभिक वेतन दिया जायेगा, जिससे सम्मानजनक वेतन और बेहतर कार्य-जीवन संतुलन भी सुनिश्चित होगा। इस विशेष भर्ती अभियान के शुभारंभ के साथ, ट्राइडेंट ग्रुप अपने द्वारा सेवा प्रदान किये जाने वाले समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने के प्रति अपने समर्पण की पुष्टि करता है।

वेदांता एल्युमीनियम ने अपने ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 28% की कमी लायी

- **जलवायु कार्रवाई, सामुदायिक निवेश और शासन में मील के पत्थर दिखाते हुए सतत विकास रिपोर्ट 2023-24 का अनावरण किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ने अपने ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन की तीव्रता को वित्त वर्ष 2012 के आधार रेखा के मुकाबले 28.5% तक कम करके स्थिरता की दिशा में अपनी यात्रा में नये मानक स्थापित करना जारी रखा है। यह उपलब्धि जिम्मेदार पर्यावरणीय प्रथाओं और नेट जीरो भविष्य के लिए कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। कंपनी की स्थिरता यात्रा और उपलब्धियों को इसकी सबसे हालिया सतत विकास रिपोर्ट 2023-24 में व्यापक रूप से दशार्या गया है, जो पर्यावरण प्रबंधन, शासन और सामुदायिक पहलों में महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डालती है। कंपनी के सामुदायिक प्रभाव प्रयास मजबूत बने हुए हैं, जिसमें विभिन्न सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए 1.1 बिलियन रुपये आवंटित किये गये हैं। इन पहलों ने देश के कुछ सबसे पिछड़े क्षेत्रों के 269 गांवों में लगभग 600,000 व्यक्तियों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। वेदांता की गैर-कार्यकारी निदेशक प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, हम अपने 'अच्छे के लिए बदलाव' दर्शन को मूर्त रूप देने में गर्व महसूस करते हैं, जो स्थिरता, समावेशिता और सार्थक सामुदायिक प्रभाव के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपने इएसजी सिद्धांतों से प्रेरित होकर, हम 2050 तक कार्बन तटस्थता प्राप्त करने के लिए समर्पित हैं, जबकि पर्यावरण के प्रति जागरूक संचालन को आगे बढ़ा रहे हैं, जो 2070 के लिए भारत के नेट जीरो विजन के साथ संरेखित है। हमारे परिचालन में नवीकरणीय ऊर्जा को शामिल करने और ग्रीन एल्युमीनियम लाइनों, रेस्टोरा और रेस्टोरा अल्ट्रा की शुरूआत सहित साहसिक जलवायु कार्रवाई के माध्यम से, हम वैश्विक स्तर पर जिम्मेदार औद्योगिक विकास के लिए एक बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। साथ मिलकर हम ग्रह और उसके लोगों के लिए एक संधारणीय भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। कंपनी की संधारणीयता यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के सीओओ सुनील गुप्ता ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम में, संधारणीयता हमारे द्वारा किए जाने वाले हर काम के मूल में है। हमारी एफवाइ2024 संधारणीय विकास रिपोर्ट के जारी होने के साथ, हम स्थायी पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभाव बनाने की दिशा में अपनी यात्रा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर का जश्न मनाते हैं। 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता जीएचजी उत्सर्जन में पर्याप्त कमी और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने की हमारी बढ़ती प्रवृत्ति में परिलक्षित होती है। पर्यावरणीय संरक्षण से परे, हम स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और संधारणीय औद्योगिक प्रथाओं को बढ़ावा देना जारी रखते हैं। ये उपलब्धियां संधारणीयता में हमारे नेतृत्व को रेखांकित करती हैं और लोगों, ग्रह और भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी के साथ विकास को संतुलित करने के हमारे समर्पण की पुष्टि करती हैं।

वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 24 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.37 मिलियन टन का उत्पादन किया। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

रिपोर्ट में उल्लिखित मुख्य हाइलाइट्स में शामिल हैं:

- वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम क्षेत्र के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- वेदांता एल्युमीनियम ने रेस्टोरा और रेस्टोरा अल्ट्रा लांच किये, जो 10.17% पुनः प्राप्त एल्युमीनियम से बने कम कार्बन वाले एल्युमीनियम उत्पाद हैं, जिससे कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आयी है।
- वित्त वर्ष 2021 की तुलना में वित्त वर्ष 2024 में जीएचजी उत्सर्जन तीव्रता में 10% की कमी आयी।
- उत्पन्न राख का 133% उपयोग हासिल किया।
- 1.3 बिलियन यूनिट अक्षय ऊर्जा का स्रोत बनाया, जो कुल ऊर्जा खरीद का 3.7% है।
- वित्त वर्ष 2024 में 15 बिलियन लीटर से अधिक पानी का पुनर्चक्रण किया और 1.3 मिलियन गीगाजूल की ऊर्जा बचत हासिल की।
- खनन-मुक्त क्षेत्रों के प्रगतिशील पुनर्वास के लिए 1.3 मिलियन से अधिक देशी पौधे लगाये।
- प्रतिदिन 20 टन बायोमास ब्रिकेट का उपयोग किया, जिससे वार्षिक रूप से 10,000 टन उड2 का जीएचजी उत्सर्जन कम हुआ।
- शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग दस लाख महिलाओं और बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा।
- कार्यस्थल विविधता और समावेशन एक प्रमुख फोकस क्षेत्र बना हुआ है, जिसने अपने कार्यबल में 19% लैंगिक विविधता हासिल की है। इसमें कार्यबल में 26 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को शामिल करना शामिल है।

नवीनतम निविदा आमंत्रण के साथ ओड़िशा की कनेक्टिविटी में प्रगति

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। लंबे समय से प्रतीक्षित तालचेर-बिमलागढ़ नयी ब्रॉड गेज (बीजी) रेल लिंक परियोजना को पूरा करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विकास में, रेल मंत्रालय ने परियोजना के शेष हिस्से के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। 149.78 किमी तक फैला यह नया रेल लिंक तालचेर को ओड़िशा के बिमलागढ़ से जोड़ने के लिए तैयार है, और निविदा आमंत्रण में मिट्टी के काम, पुल निर्माण, स्टेशन सुविधाएं, जल निकासी प्रणाली और बहुत कुछ सहित महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। निविदा की अनुमानित लागत 726.129 करोड़ है। तालचेर-बिमलागढ़ रेल लिंक को शुरूआत में 2003-04 में मंजूरी दी गई थी, लेकिन भूमि अधिग्रहण के मुद्दों, कानूनी बाधाओं और अन्य चुनौतियों के कारण पिछले कुछ वर्षों में इसमें कई देरी का सामना करना पड़ा है। इन असफलताओं के बावजूद, परियोजना का लगभग 26% हिस्सा पहले ही पूरा हो चुका है, जिसमें तालचेर और सुनाखनी के बीच 20 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, चल रहे निर्माण ने परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के लक्ष्य के साथ, खमार, अंगुल जिले की ओर रेल लिंक को 30.5 किलोमीटर तक बढ़ा दिया है। अंगुल जिले में निजी भूमि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अधिग्रहित किया गया है, और राज्य सरकार को देवगढ़ और सुंदरगढ़ जिलों में शेष भूमि उपलब्ध कराने की उम्मीद है। रेलवे द्वारा तैनात विशेष भूमि अधिग्रहण अधिकारी स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया बिना किसी बाधा के आगे बढ़े। बिमलागढ़-महुलडीहा खंड पहले से ही निमार्णाधीन है, और हाल ही में पाललहडा और महुलडीहा के बीच शेष 30.625 किलोमीटर की दूरी के लिए निविदा जारी होने से प्रगति में काफी तेजी आने की उम्मीद है। तालचेर-बिमलागढ़ परियोजना, जिसे लगभग 12 वर्षों की देरी का सामना करना पड़ा है, अब पूर्व तट रेलवे (इसीओआर) प्रशासन द्वारा उठाये गये सक्रिय कदमों से गति पकड़ रही है। इन उपायों में भूमि अधिग्रहण और मुकदमेबाजी से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए राज्य और जिला अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय शामिल है।

रेल मंत्रालय ने इस परियोजना को प्राथमिकता दी है, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने व्यक्तिगत रूप से अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने और परियोजना के पूरा होने को सुनिश्चित करने की सलाह दी है। पूर्व तट रेलवे इंजीनियरिंग टीम ने कुछ महीने पहले सुनाखनी और समल स्टेशन के बीच स्थित 840 मीटर लंबी सुरंग में अंतिम विस्फोट किया था। एक बार पूरा होने पर, यह राउरकेला और तालचेर के बीच की दूरी लगभग 126 किलोमीटर कम कर देगा। यह रेल लाइन निर्यात-गुणवत्ता वाले लौह अयस्क के कुशल परिवहन की सुविधा प्रदान करेगी, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में उद्योगों को लाभ पहुंचायेगी। उच्चतम स्तर पर परियोजना की स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है, अधिकारियों को महत्वपूर्ण समय सीमा को पूरा करने के निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। तालचेर-बिमलागढ़ रेल संपर्क सबसे बारीकी से निगरानी की जाने वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है जो ओडिशा में क्षेत्रीय संपर्क और दक्षता में सुधार के लिए सरकार की प्रतबद्धता को दशार्ता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे द्वारा स्थानीय हितधारकों और उद्योगों के लाभ के लिए यातायात की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने और सुविधाओं में सुधार करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

बाघ की खाल के साथ चार शिकारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। शिमिलिपाल अभयारंय से दो-तीन महीने पहले शिकार की गयी। एक काले बाघ की खाल जब्त की गयी है। वन विभाग ने इसमें शामिल चार शिकारियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले बाघ के पंजे और दांत जब्त करने के साथ ही 2 शिकारियों को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के लिए रिमांड पर लाने से पहले आगे की जांच के बाद यह सफलता मिली। शिकारियों के बयान के आधार पर ऑपरेशन चलाकर बाघ की खाल को जब्त किया गया है। इस घटना में उदला थाना और डुकुरा वन्य जीव वन क्षेत्र से दो और दुबलाखुंटा क्षेत्र से दो शिकारियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया। जबकि मास्टरमाइंड अब बि फरार है, एसटीआर अधिकारियों ने जांच की गोपनीयता के लिए पूरा विवरण प्रदान नहीं किया है।



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**